राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, रविवार, 21 अप्रैल 2024
वर्ष 05, अंक 201, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

दर्जनों गांव में लगी भीषण आग, कई घर व बकरी जलकर राख...04

कतर छोड़कर ओमान शिफ्ट होने की प्लानिंग कर रहा हमास...12

# वित्त मंत्री सीतारमण- चुनावी बॉन्ड योजना को फिर वापस लाएंगे दोबारा सरकार में आने पर

**● वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक साक्षात्कार में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ख़ारिज की गई चुनावी बॉन्ड योजना चुनावी चंदे में पारदर्शिता लेकर आई थी, इसमें कुछ सुधार की ज़रूरत है, सभी हितधारकों से परामर्श के बाद इसे किसी और रूप में वापस लाया जा सकता है.**

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली-** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार (19 अप्रैल) को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2024 के आम चुनावों में फिर से सत्ता में वापसी करती है, तो सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद चुनावी बॉन्ड योजना को किसी न किसी रूप में वापस लाया जाएगा.

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्मला सीतारमण ने इस विवादास्पद राजनीतिक फंडिंग योजना में अपना विश्वास जताया, जिसे फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था. हालांकि, उन्होंने यह स्वीकार किया कि इस योजना में कुछ बदलाव जरूरी थे. खबर के मुताबिक, एक साक्षात्कार में सीतारमण ने कहा कि अर्थव्यवस्था की स्थिति 2024 के चुनावों के लिए बहुत उपयुक्त है, उन्होंने महंगाई को नियंत्रण में रखने का श्रेय लिया, भ्रष्टाचार और उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देने के लिए विपक्ष पर हमला बोला और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए एक सुझाव भी पेश किया. उन्होंने इस बारे में भी बात की कि कैसे इन चुनावों में 370 सीट जीतना भाजपा का वास्तविक लक्ष्य है और वह क्यों मानती हैं कि द्रविड़ राजनीतिक दलों ने दक्षिण भारत के लोगों को गुमराह किया है. उन्होंने कहा, 'हमें अभी भी हितधारकों के साथ बहुत विचार-विमर्श करना है और देखना है कि ऐसा ढांचा बनाने या लाने के लिए हमें क्या करना है जो सभी के लिए स्वीकार्य होगा, मुख्य रूप से ऐसा ढांचा जो पारदर्शिता के स्तर को बनाए रखना वाला और इसमें काले धन के प्रवेश की संभावना को पूरी तरह से खत्म करने वाला हो. उन्होंने साथ ही कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले की समीक्षा की मांग की जाए या नहीं. उन्होंने आगे कहा, 'जिस वर्तमान योजना को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया, वह पारदर्शिता लेकर आई थी. पहले सबको खुली छूट थी.'

मालूम हो कि 2018 में लाई गई इस योजना के तहत चुनावी बॉन्ड भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा से खरीदे जा सकते थे. इस योजना के तहत कॉरपोरेट और यहां तक ??कि विदेशी संस्थाओं द्वारा भारतीय सहायक कंपनियों के माध्यम से दिए गए चंदे पर 100 प्रतिशत कर छूट भी मिलती थी, जबकि चंदादाताओं की पहचान बैंक और बॉन्ड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों द्वारा गोपनीय रखी जाती थी.

15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस योजना को 'असंवैधानिक' बताते हुए खारिज कर दिया था, क्योंकि इसमें राजनीतिक दलों को दिए गए चंदे को पूरी तरह से गुप्त रखा गया था.



सीतारमण ने स्वीकार किया कि इस योजना के कुछ पहलुओं में सुधार की आवश्यकता है - उदाहरण के लिए, भारतीय चुनाव आयोग और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सार्वजनिक किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों ने राजनीतक दलों को चंदा दिया ङ्क लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि 'अच्छे परामर्श' के बाद इस योजना को किसी और रूप में वापस लाया जा सकता है.

अपने साक्षात्कार में उन्होंने यह आरोप लगाने के लिए विपक्ष को आड़े हाथों लिया कि भाजपा ने उन नेताओं पर आपराधिक आरोपों को नजरअंदाज कर दिया है, जो अन्य दलों से सत्तारूढ़ दल में शामिल हो रहे हैं.

निर्मला सीतारमण ने कहा, 'भाजपा यहां बैठकर यह नहीं कह सकती कि आप आज मेरी पार्टी में आएं और कल मामला बंद हो जाएगा. मामले को अदालतों से गुजरना होता है और अदालत को निर्णय लेना होता है; अदालतें यह नहीं कहेंगी, 'ओह, वह आपकी पार्टी में आ गए हैं, मामला बंद करो.' इस तरह नहीं होता है. इसलिए क्या वे यह वॉशिंग मशीन शब्द अदालतों के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं?'

**विपक्षी नेताओं ने क्या कहा**

**जयराम रमेश ने ङ्ग पर लिखा-** हम जानते हैं कि भाजपा ने क्ङ्क4क्रू ने घोटाले से 4 लाख करोड़ की लूट की। अब वे लूट जारी रखना चाहते हैं। जरा इन तरीकों पर ध्यान दें। क्ङ्क4क्रू 1- चंदा दो, धंधा लो। 2. पोस्टपेड घूस- ठेका दो, रिश्वत लो। प्री-पेड और पोस्टपेड के लिए घूस- 3.8 लाख करोड़। 3. पोस्ट-रेड घूस- हफ्ता वसूली। पोस्ट-रेड घूस की कीमत- 1853 रुपए। 4- फर्जी कंपनियां- मनी लॉन्ड्रिंग। फर्जी कंपनियों की कीमत- 419 करोड़। अगर वे जीते और इलेक्टोरल बॉन्ड फिर से लेकर आए तो इस बार कितना लूटेंगे?

**कपिल सिब्बल ने कहा-** मैं निर्मला सीतारमण का सम्मान करता हूं। एक इंटरव्यू में वे कह रही हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड को फिर से लाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि जब पहली बार ये स्कीम ट्रांसपेरेंसी को ध्यान में रखकर लाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि इसमें पारदर्शिता नहीं थी। वे (सरकार) इसे नॉन-ट्रांसपेरेंट तरीके से लेकर आए। अब समस्या है कि उनके पास इस चुनाव के लिए तो पैसा है, लेकिन वे ये भी जानते हैं कि अगर हार गए तो भी पैसे की जरूरत होगी। मैं मोहन भागवत से पूछना चाहता हूं कि वे इस मुद्दे पर खामोश क्यों हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सरोगेसी से दूसरा बच्चा पैदा करने से रोकने वाले कानून पर जारी किया नेटिस

**●जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सरोगेसी अधिनियम, 2021 की धारा 4(iii)(सी)() की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक शादी शुदा जोड़े द्वारा दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया.**



स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सरोगेसी कानून के उस प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है, जो उन विवाहित जोड़ों को सरोगेसी के जरिए से दूसरा बच्चा पैदा करने से रोकता है, जिनका पहला बच्चा स्वस्थ है.

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 की धारा 4(iii)(सी)(ii) की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक शादी शुदा जोड़े द्वारा दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया.

**क्या है सरोगेसी कानून**

यह कानून विवाहित जोड़े को सरोगेसी के जरिए दूसरा बच्चा पैदा करने से रोकता है. इच्छुक जोड़े का पहले जैविक रूप से या गोद लेने के माध्यम से या सरोगेसी के माध्यम से कोई जीवित बच्चा नहीं होना चाहिए. अगर जोड़े का किसी भी तरह से पहला बच्चा है तो दूसरा बच्चा सरोगेसी की मदद से नहीं पैदी किया जा सकता. दरअसल सरोगेसी कानून दूसरे बच्चे को कंसिव (Second pregnancy Concieve) न कर पाने की समस्या का सामने कर रहे जोड़ों को सरोगेसी का फाएदा लेने से बाहर करता है.

**याचिकाकर्ताओं ने क्या कहा**

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि विवाहित जोड़ों को दूसरे बच्चे को जन्म देने के लिए सरोगेसी का फाएदा उठाने का अधिकार है. याचिका में तर्क दिया गया कि राज्य को नागरिकों के निजी जीवन में अनावश्यक दखलांदजी बंद करना चाहिए. याचिकाकर्ताओं ने विवादित प्रावधान को 'तर्कहीन, भेदभावपूर्ण और बिना किसी ठोस निर्धारण सिद्धांत के' बताया है.

**सरोगेसी कानून की शर्तें**

कानून के अनुसार, सरोगेसी से पहले इच्छुक जोड़े को एक योग्यता प्रमाणपत्र जारी किया जाना चाहिए. सरोगेसी की योग्यता के लिए कई शर्तों में से एक यह है कि इच्छुक जोड़े की शादी प्रमाण पत्र के अनुसार महिला के मामले में 23-50 साल और पुरुष के मामले में 26-55 साल के बीच उम्र होनी चाहिए. दूसरी शर्त के मुताबिक इच्छुक जोड़े का पहले जैविक रूप से या गोद लेने के माध्यम से या सरोगेसी के माध्यम से कोई जीवित बच्चा नहीं होना चाहिए.

**याचिकाकर्ताओं की दलीलें**


याचिकाकर्ताओं का दावा है कि विवादित प्रावधान "तर्कहीन, भेदभावपूर्ण और बिना किसी ठोस निर्धारण सिद्धांत के है और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त महिला के प्रजनन अधिकारों का घोर उल्लंघन है।"

वे इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि यह माध्यमिक बांझपन से पीड़ित विवाहित जोड़ों के मामलों को इसके दायरे से बाहर रखता है- "जो आजकल बांझपन का सबसे प्रचलित रूप"है

अतीत में एक या अधिक जैविक बच्चों के सफलतापूर्वक होने के बाद गर्भधारण करने या गर्भधारण करने में असमर्थता को माध्यमिक बांझपन कहा जाता है। इस स्थिति के कुछ सामान्य कारणों में उम्र, हार्मोनल असंतुलन, जीवनशैली कारक या गर्भाशय की स्थिति शामिल हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मेडिकल छात्रा ने ईएमओ पर लगाया छेड़खानी का आरोप




**अंबेडकरनगर।** मेडिकल छात्रा ने ईएमओ पर छेड़खानी समेत अन्य गंभीर आरोप लगाया है।पूरा मामला एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा का है।छात्रा ने घटना की शिकायत मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य से की है। पीड़ित छात्रा का आरोप है एक्सरे टेक्नीशियन बैच 2022ङ्क23 की छात्रा है। रेडियो लाजी विभाग में अल्ट्रासाउंड सेंटर में प्रशिक्षण कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान वहा पर कार्यरत ईएमओ के. पी. गुप्ता के द्वारा अभद्रता पूर्वक गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट के दौरान छेड़खानी किया गया। छात्रा का यह भी आरोप है इसके पूर्व में भी छात्र छात्राओं के साथ अभद्र पूर्वक व्यवहार किया जा चुका है। घटना से छात्रा की मानसिक उत्पीड़न की स्थिति ठीक नहीं है। छात्रा ने इस बीच उसके साथ कोई घटना होने पर कॉलेज प्रशासन को जिम्मेदार ठहराई है।

### बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों ने किया विद्यालय का नाम रोशन

विद्यालय के प्रथ



विनय कुमार
88.2%

विद्यालय के प्रथम



अवनीश सैनी
88.50%

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज काकोरी के छात्रों का यूपी बोर्ड हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा फल निम्नवत रहा। इंटरमीडिएट उत्तीर्ण प्रतिशत 95.70% प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र संख्या 200 विद्यालय के प्रथम पांच स्थान प्राप्त छात्र विनय कुमार 88.2% कुलश्रेष्ठ शर्मा 81.6 परसेंट कुणाल रावत 79.10% वेदांत 79.00% आदर्श कुमार 78.70% वह हाई स्कूल के छात्र अवनीश सैनी को 88.50त्न अंक प्राप्त हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह व विद्यालय के सभी शिक्षक और स्टाफ का अहम योगदान रहा।

# आबकारी विभाग ने जब्त की भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब की खेप

**● जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य के नेतृत्व मे चुनाव के दौरान की गयी छापेमारी में की गयी कार्यवाही**

**● मुखबिर की सुचना पर ग्राम कुंदनपुर मे गोपाल नगर रोड पर छापेमारी कर अभियुक्त मोहनबाबू कुशवाहा को भेजा गया जेल**

स्वतंत्र प्रभात

**विदिशा, मध्य प्रदेश।** लोकसभा चुनाव को सफलता पुर्बक संपन्न करने हेतु आबकारी विभाग जिले में लगातार छापेमारी कर रहा है



उसी कड़ी में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा मुखबिर की सुचना पर की गयी छापेमारी में मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में की गयी ताबड़तोड़ कार्यवाही आपको बताते चले की लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार विदिशा जिले में अवैध मदिरा के धारण,परिवहन,निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर विदिशा बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशानुसार,जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य के नेतृत्व मे वृत सिरोंज द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम कुंदनपुर मे गोपाल नगर रोड पर आरोपी मोहनबाबू कुशवाहा के कब्जे से दो बोरिओ मे भरी 06 पेटी देशी मसाला मदिरा के कुल 295 पाव जब्त किये

जिनकी मात्रा 53.1 बल्क लीटर है। मौका स्थल पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया जहा से उसे न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया। उक्त जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 29500 रुपए है। दौराने कार्यवाही वृत्त प्रभारी संजय इवने, आबकारी आरक्षक मनोज नामदेव, नीरज रघुवंशी उपस्तिथ रहे।

# फसल अवशेष जलाने पर किसानों को भरना पड़ेगा 5 हजार रुपये तक का जुर्माना, कृषि विभाग ने जारी ...

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूँ फसल अवशेष जलने की घटना का स्थलीय सत्यापन एवं घटनाओं के नियंत्रण हेतु क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से कृषको को जागरूक करने के साथ शासन एवं कृषि विभाग द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन कराने के लिए संयुक्त निदेशक, कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी ने मण्डल के तीनों उप निदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया है। अधिकारियों को लिखें गये पत्र में संयुक्त निदेशक कृषि ने कहा है कि जनपद स्तर पर एक सेल का गठन करते हुए प्रत्येक दिन की घटनाओं का अनुश्रवण किये जाने एवं प्रत्येक गांव के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल को प्रत्येक दशा में अपने से सम्बन्धित क्षेत्र में पराली/कृषि अपशिष्ट जलाने की घटना को रोके जाने हेतु निर्देशित करें।

उन्होने कहा हैं कि प्रत्येक राजस्व ग्राम अथवा राजस्व ग्राम कलस्टर के लिए एक राजकीय कर्मचारी को नोडल अधिकारी नामित करें, जो कि सभी के मध्य प्रचार-प्रसार करते हुए फसल अवशेष आदि को न जलने के लिए प्रेरित करें। लेखपाल की जिम्मेदारी होगी कि अपने क्षेत्र में फसल अवशेष जलने की घटनायें बिल्कुल न होने दे अन्यथा शिकायत मिलने पर उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेंगी। जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में एक सेल स्थापित करने के निर्देष पूर्व में दिये जा चुके हैं। उप जिलाधिकारी के अन्तर्गत गठित सचल दस्ते का दायित्व होगा कि फसल अवशेष आदि जलने की घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर सम्बन्धित के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करें

उन्होने बताया कि दो एकड से कम भूमि वाले कृषको के लिए फसल अवशेष जलाने पर रू0 2500 प्रति/घटना, तथा दो एकड से अधिक भूमि वाले कृषको से रू0 5000 प्रति/घटना तहसीलदार के स्तर से आर्थिक दण्ड लगाया जायेंगा। उन्होने बताया है कि फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेवेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा



मैनेजमेंट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यंत्र का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त व्यवस्था बगैर आपके जनपद में कोई कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करने पाये। प्रत्येक कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ कृषि विभाग/ग्राम्य विकास का एक कर्मचारी नामित रहे, जो कि अपनी देख-रेख में कटाई कार्य करायें। फसल अवशेष प्रबन्धन यंत्रों के बगैर चलते हुयी पायी जाय तो उसको तत्काल सीज कर लिया जाय और कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्चे पर सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगवाकर ही छोडा जाय।

# दिल्ली की हाई सिक्योरिटी जेलों से 62 चाकू 33 मोबाइल फोन समेत अन्य प्रतिबंधित सामान जब्त

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की कथित हाई सिक्योरिटी तिहाड ,रोहिणी और मंडोली जेल में कैदी धडल्ले से मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। औचक छापेमारी के दौरान पिछले तीन महीने में तीनों जेल से 33 मोबाइल फोन समेत करीब 62 चाकू बरामद हुए हैं। इसके अलावा कैदियों से तेज धारदार हथियार, रस्सी,नाखून में फंसाने वाली नुकीली पिन,के साथ- साथ नशे में इस्तेमाल होने वाला तंबाकू भी बरामद हुआ है। जेल प्रशासन का रटारटाया जवाब है कि जेल में लगातार छापेमारी की जाती है। छापेमारी का खुलासा करते हुए जेल प्रशासन का कहना है छापेमारी तीन चरण में होती है। पहले चरण में 'सेंट्रल टीम' जेल मुख्यालय द्वारा सरप्राइज चैकिंग टीम,में आईटीबीपी, सीआरपीएफ, और टीएसपी के जवान होते हैं। यह चैकिंग औचक की जाती है। इसकी जानकारी सिर्फ जेल सुपरिटेंडेंट को होती है। दूसरी सर्विलांस टीम है। यह टीम जेल जेल लेबल पर काम करती है। जेल द्वारा मिले इनपुट के बाद यह टीम छापेमारी करती है।वहीं तीसरी टीम जेल की लोकल टीम है। यह टीम जेलों में रोजाना छापेमारी करती है।तीनों टीम सबसे पहले जेल के 'हाई रिस्क' मे छापेमारी करती है। जेल सूत्रों की माने तो सबसे ज्यादा मोबाइल और अन्य चीजें इन्ही सेल से बरामद होती है। जेल प्रशासन के मुताबिक जिस जेल की बैरक और सेल से सामान बरामद होता है उसके खिलाफ संबंधित थाने में केस दर्ज किया जाता है। इस बावत जेल डीजी संजय बेनीवाल का कहना है कि लगातार जेलों में हो रही छापेमारी के कारण प्रतिबंधित सामान अब कम हो रहे हैं। फिलहाल जेल प्रशासन उन कैदियों पर ज्यादा फोकस कर रहा है जो जेल से निकलने के बाद अपनी नई जिंदगी शुरू करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2024 तक मिले प्रतिबंधित सामान में 33 मोबाइल फोन,11 फोन चार्जर, 3 डाटा केबल,12 पेन ड्राइव, 62 चाकू, 38 सुआ,22 सर्जिकल ब्लेड,10 लोहे तेज धारदार पत्ती, लोहे की 4 रॉड, 800 ग्राम तंबाकू, जेल में स्वनिर्मित 8 हीटर, 12 मीटर रस्सी,15 मीटर बिजली की तार,नाखून मेंत्रफंसाने वाली 23 नुकीली पिन और जेल में स्वनिर्मित ताश के पत्ते बरामद किए गए। बता दें कि ,पिछले साल 2023 में भी तीनों जेल से 1019 मोबाइल फोन,561 चाकू,173 पेन ड्राइव, और 4600 ग्राम तंबाकू









बरामद हुआ था। अब सवाल उठता है कि राजधानी दिल्ली की हाइ सिक्योरिटीज वीवीआईपी जेल में प्रतिबंधित घातक सामान किस तरह से जेल के अंदर कैदियों तक पहुंच ता है। इसकी जांच की जानी चाहिए। और धन के बल पर कोताही बरतने वाले कर्मियों, अधिकारियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए। लेकिन आज तक ऐसी किसी कारवाई पर अमल नहीं हुआ है। जेलों में कैदियों के बीच खूनी संघर्ष की खबरें जब-तब सुर्खयां बनती रही हैं। इसके लिए सिर्फ जांच कमेटी का गठन कर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

# दो दिन बाद आयेगी बारात घर जलकर हुआ स्वाहा





स्वतंत्र प्रभात

**बीघापुर (उन्नाव)।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव चिलौली के मजरे जंगली खेड़ा में अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते संतोष, जयप्रकाश व राम प्रकाश के यहां आग लग गई ।आग से तीनों घरों के गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। संतोष की लड़की प्रीति का 23 अप्रैल को विवाह होना है सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड दो गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।एसडीएम बीघापुर क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि मौके पर लेखपाल को भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद पीड़ितों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी। बीघापुर क्षेत्र के गंगा कटरी के गांव निबई में अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते गेहूं की चार बीघा फसल जलकर राख हो गई। निबई गांव में दोपहर गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई तेज हवा के चलते फसल धू धू कर जलने लगी स्थानीय लोगों ने पंपिंग सेट चला कर आज पर काबू पाने का प्रयास किया वही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिला मुख्यालय से समय से गाड़ी पहुंच जाने से किसानों ने राहत की सांस ली ।आग की चपेट में आने से राजू व रामबाबू की एक बीघा ,गंगा गुलाम की दो बीघा, उमाशंकर के 16 बोझ,महावीर के 10 बोझ जलकर राख हो गए ।सूचना पर पहुंचे लेखपाल राजकिशोर ने नुकसान का मूल्यांकन किया। लेखपाल ने बताया कि रिपोर्ट तहसील मुख्यालय भेज दी जाएगी ।एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडे ने बताया कि लेखपाल की रिपोर्ट आने के बाद किसानों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### थानाध्यक्ष महिला थाना द्वारा अलग रह रहे पति-पत्नि के 03 जोड़ों को समझा-बुझाकर साथ रहने हेतु विदाई कराई गई



**बस्ती।** जनपद आज 20.04.2024 को पुलिस अधीक्षक बस्ती के आदेशों/निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय बस्ती के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर महोदय बस्ती के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीमती निधि यादव महिला थाना बस्ती द्वारा पति-पत्नी के 03 जोड़ों को उनके बीच विभिन्न कारणों से मतभेदों को दूर कर मिलाया गया।तीनों परिवारों के बीच पारिवारिक मनमुटाव विभिन्न कारणों से चल रहा था, जिसके चलते इनके आपसी रिश्ते पिछले कई महीनों से विभिन्न कारणों से खराब चल रहे थे अभी तक दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ नहीं रहना चाहते थे किंतु अब दोनों बच्चों को महिला थानाध्यक्ष श्रीमती निधि यादव महिला थाना बस्ती की कोशिशों और समझाने बुझाने पर दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए! महिला थाना पर सुलह समझौता करवाया गया जिसके क्रम में दोनों पति- पत्नी को महिला थाने से राज़ी-खुशी विदा किया गया।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, चार झोपड़ी जली, मवेशी की हुई..



**बस्ती।** बस्ती जिले केकलवारी थाना क्षेत्र के धोबहट गांव में दोपहर में लगे आग में चार रिहायशी झोपड़ी जलकर राख हो गयी तथा एक मवेशी भी जलकर मर गया। मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र के झोपड़ी मैं लगे आग से रामसूरत, राम उजागिर तथा झिनकान के झोपड़ी को भी अपने चपेट में ले लिया। ग्रामीणों के सहयोग तथा अग्नि शमन दल के पहुंचने से आग पर काबू पाया गया तब तक झोपड़ी में रखा रुपया, बर्तन, कपड़ा, अनाज सहित सामान जलकर राख हो गया तथा रामचंद्र का एक मवेशी भी जलकर मर गया। सूचना पर पहुंचे माझा खुर्द चौकी प्रभारी रणंजय सिंह , कानूनगो अंगद लाल वर्मा तथा लेखपाल अवधेश कुमार श्रीवास्तव व मंजू लता ने जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया।

### लकड़ी ठेकेदार के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत

**अम्बेडकरनगर।** सागौन के पेड़ों की कटान करने के बाद बकाया न देने पर टांडा कोतवाली पुलिस ने ठेकेदार के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामला हंसवर थाना क्षेत्र का है।हंसवर थाना क्षेत्र के मुंडेर निवासी शैलेन्द्र कुमार पुत्र महन्त प्रसाद ने रामपुर कला स्थित अपनी भूमि पर सागौन का सैकड़ों पेड़ लगवाया गया था जिसे बीते अक्टूबर 2021 में कोतवाली टांडा क्षेत्र के मोहल्ला मुबारकपुर निवासी तौफीक अहमद पुत्र मजीद अहमद के हाथों एक लाख रुपए में बेंच दिया। तौफीक अहमद ने उसी समय 20 हजार रुपए बयाना पेड़ मालिक शैलेन्द्र कुमार को दिया और बकाया 80 हजार रुपया पेड़ कटवाकर बेंचने के बाद देने की बात कही। ठेकेदार तौफीक अहमद ने सारे सागौन के पेड़ कटवाकर बेच डाला परन्तु पेड़ मालिक को बकाया राशि नहीं दी। गत दिनों हुए पंचायत में 20 मार्च 2024 तक पैसा देने की बात तय हुई लेकिन 20 मार्च की तिथि बीत जाने के बाद भी पेड़ मालिक को पैसा नहीं दिया गया। पैसा न मिलने पर पेड़ मालिक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक टांडा दीपक सिंह ने बताया कि आरोपी ठेकेदार के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दिया गया है।

### धूमधाम से मनाया गया जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग का जन्मदिन



**अम्बेडकरनगर।** जनपद के जिला कारागार में जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग का जन्म दिवस कर्मचारियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया।इस उपलक्ष्य में बकायदा केक काटा गया। वहां मौजूद कारागार के अधिकारी एवं स्टाफ ने हैपी बर्थ डे टू यू सुखदीप कहा।जेल अधीक्षक को कारागार के अधिकारियों द्वारा शुभकामनाओं के साथ उपहार भेंट किए और जेल अधीक्षक का आभार जताया। इस दौरान जेल के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीएसए के आदेश की अवहेलना करने के आरोप मे निलंबित प्रधानाध्यापिका पर गबन का केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के मुंडेरवा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहलोलवा की निलंबित प्रधानाध्यापिका पर पुलिस ने गबन का केस दर्ज किया है। सहायक अध्यापिका शिखा सिंह ने विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर दर्ज कराई है। तहरीर के मुताबिक बहलोलवा प्राथमिक स्कूल में पूर्व में तैनात रहीं प्रधानाध्यापिका इंदु कुमारी राव को अनियमितता के आरोप में बीएसए ने 12 दिसंबर 2023 को निलंबित कर दिया गया था। उसके बाद स्कूल का कार्यभार सहायक अध्यापिका शिखा सिंह को दिया जाना था। लेकिन संस्पेंड शिक्षिका ने बीएसए के आदेश की अवहेलना करके न तो चार्ज दिया और न ही संबंद्ध किए गए विद्यालय पर ज्वाइन किया। उल्टे स्कूल के सभी अभिलेख भी उठा ले गईं। बीईओ के आदेश पर भी अभिलेख नहीं सौंपा। बीएसए अनूप कुमार ने 10 अप्रैल को बीईओ को विधिक कार्रवाई का आदेश दिया। बीईओ ने 15 अप्रैल को सहायक शिक्षिका शिखा सिंह को गबन का केस दर्ज कराने का निर्देश दिया। शिक्षिका शिखा ने मुंडेरवा थाने में तहरीर देकर बताया कि इंदु कुमारी राव ने विद्यालय के समस्त सरकारी अभिलेखों का गबन कर लिया है। स्कूल की एसआर पंजिका, स्थानान्तरण पंजिका, परीक्षाफल, विद्यालय की आय-व्यय पंजिका (विद्यालय प्रबन्धन समिति और मध्यान्ह भोजन निधि) चेक-बुक, पास-बुक, निरीक्षण, बाल-गणना पंजिका, समस्त पत्र-व्यवहार पंजिकाएं माह सितम्बर 2021 से पहले की समस्त अध्यापक उपस्थिति पंजिका, विद्यालय मे नियुक्त कर्मियों की अभिलेख आदि का गबन कर लिया है। तहरीर में कहा है कि निलंबित शिक्षिका ने सोची समझी रणनीति कर अपराधिक षड्यंत्र रचा। इस बाबत एसओ अभिमन्यु सिंह ने बताया गबन धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर विवेचना की जा रही है, जल्द की लीगल एक्शन लिया जाएगा।

## पीड़ित महिला ने पड़ोसी पर लगाया रात में घर में तोड़फोड़ करने का आरोप, जांच में जुटी नगर पुलिस

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले केनगर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया मिश्र में सरोज देवी पत्नी राकेश कुमार ने पड़ोसी पर रात में चोरी से घर में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है और नगर थाने में तहरीर देकर उक्त प्रकरण की जांच एवं कार्रवाई की मांग किया है । पीड़ित सरोज ने आरोप लगाया है कि हमारा पूरा परिवार सो रहा था। आज दिनांक - 20 - 04 -24 को सुबह लगभग 4~30 बजे घर के अंदर से खटपट की आवाज सुनाई दिया और दरवाजा खोला तो देखा कि पड़ोसी परदेसी पुत्र फागू , रवि , राहुल , रोहित पुत्रगण दीनानाथ एक साथ मिलकर हमारे घर में सेंध काट रहे थे जिस पर मां पुत्री ने मिलकर आवाज़ लगाई तो अंजनी पुत्र परदेसी भानमती पत्नी परदेसी के साथ परिवार के अन्य सदस्य भी ईट लेकर हम सभी पर टूट पड़े और सब्बल से दीवाल भी गिराने लगे तथा मना करने पर ईंट फेंकना चालू कर दिए साथ ही भद्दी - भद्दी गाली दिए । ईट फेंकने के कारण हमारी पुत्री रिंकी पत्नी राकेश को चोट लग गई है और चोट अधिक लगने के कारण बहुत दर्द भी हो रहा है जबकि मैं स्वयं ( सरोज) खुद ऑपरेशन कराई हुई हूं। हम सभी ने देखा तो परदेसी सेंध काट कर हमारे घर के अंदर थे तथा एक बोरा गेहूं और एक बोरा चावल भी उठा ले गए । इसके पूर्व भी यह परिवार दो बार चोरी की घटना को अंजाम दे चुके है एक बार मारपीट कर कान से सोना छीन लिए थे तथा दूसरी बार कमरे के अंदर से नगद धन मोबाइल एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ कागजात को चोरी किए थे जिसके क्रम में आपके यहां से दोनों बार धारा 107 ,116 ,151 की कार्रवाई हो चुकी है । दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होने से कभी भी दबंग बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरण में तहरीर मिला है जांचकर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने में मतदान कार्मिको की अहम भूमिका होती

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।**,जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने किसान डिग्री कालेज में मतदान कार्मिको दिये जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली और प्रशिक्षण कर रहे मतदान कार्मिको को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने में मतदान कार्मिको की अहम भूमिका होती है। उन्होने कार्मिको को निर्देशित किया कि वे गम्भीरतापूर्वक व पूर्णमनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा चुनाव आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में गैरहाजिर मतदान कार्मिको का वेतन बाधित करते हुए बेसिक मूलवेतन पर करने का निर्देश दिया है।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी कार्मिक जयदेव सीएस, पीडी/नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राजेश झा, डीडीओ अजय सिंह, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. विजय प्रताप यादव, डीपीआरओ रतन कुमार, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप तिवारी सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पुलिस के गोल माल से पीड़ित को नही मिल रहा न्याय

स्वतंत्र प्रभात


अतः श्रीमान् जी से प्रार्थना है कि विपक्षीगण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।
प्रार्थी
सोनू कुमार पाण्डेय
पुत्र कामता प्रसाद पाण्डेय
ग्राम पूरे ओरीराय, थाना दुबौलिया
जनपद बस्ती
मो0नं0 9670497717
दिनांक–18.04.2024

**बस्ती-20 अप्रैल-24-** विवादित मकान व जमीनको दबंगो न जे सी बी मशीन से कब्जा करने गए तो पीड़ित द्वारा 112 पर काल करके बुलाये जाने के बाद मौके पर मौजूद पुलिस के सामने दबंगो द्वारा 2 महिला व एक व्यक्ति को मार कर घायल किया जिनका पुलिस ने मेडिकल तक नही कराया और पीड़ित न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाया। उल्टा दबंगो की से मिलकर पीड़ित पर ही मारने पीटने का मुकदमा लिख दिया।

प्राप्त प्रथर्नापत्र के मुताविक निवासी सोनू पांडेय पुत्र कामता प्रसाद पांडेय निवासी पूरे राय गांव पुलिस अधीक्षक को प्रथर्नापत्र देते हुए पत्र के माध्यम से बताया कि आराजी नम्बर 63 व 65 को लालता उर्फ लालता प्रसाद पाण्डे फर्जी तरीके से बैनामा कलावती देवी को कर दिया था। जिसका मामला न्यायालय में लंबित चल रहा है। लेकिन कलावती देवी के परिवार के लोगो कप पीने दम्बगयी के बल पर दिनांक क़7-4-24 जेसीबी मशीन लेकर आये और विवादित जमीन पर खुदाई करने शुरू किया जिसकी जानकारी होने पर सोनू पांडे अपनी पत्नी रम्या पांडेय की बहन प्रतिमा मिश्रा को भी मारने पीटने लगे। जिस पर पीड़ित सोनू पांडेय द्वारा 112 पर काल करके पुलिस बुलाई पुलिस को देखते ही डम्बगो का पारा और हाई हो गया और पुलिस के सामने मारने पीटने लगे।मौके पर मौजूद ने जिससे वोपक्षियो का हौसला बढ़ गया।और पुलिस तमाशा देखती रही और पुलिस ने बचाने का प्रयास भी नही किया। विपक्षी के मुताबिक मारने वाला में कलावती देवी व उनके लड़के हरिओम तिवारी पुत्र भूप नरायन तिवारी इनके भाई प्रीतम तिवारी व हरिओम की पत्नी ममता देवी, देव नरायन तिवारी एवम लालता प्रसाद पाण्डे ने मिलकर मारा और इनके भाई कृष्ण मोहन ने जान से मारने की धमकी दिया।

इस सम्बंध थानाध्यक्ष चन्द्रकांतपाण्डेय से जानकारी ली गई व अपना पक्ष बताने को कहा गया तो उन्होंने की जिसने यह कहा है वहि लोग दूसरे पक्ष। को मारा और उनके ऊपर कार्यवाही की गई है तो क्रास रिपोर्ट लिखाने का प्रयास किया जा रहा है जब यह पूछा गया पीड़ित ने पुलिस बुलाया था तो इस पर उन्होंने कहा कि पुलिस का भी बयान है जब यह पूछा गया कि पीड़ित पक्ष को जो चोट लगी है उनका मेडिकल क्यों नही कराया गया तो सुनने के बाद फोन काट दिया । इससे साफ पता चल रहा कुछ तो गोल माल पुलिस द्वारा किया गया है और दंबगो को बचाने का। प्रयास किया जा रहा है।

## हाई स्कूल में खुशी, इंटर में दीपक ने किया बस्ती टॉप

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** यूपी बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल व इंटर मीडिएट के परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम शनिवार दोपहर बाद जारी हुआ। परीक्षा में होनहारों ने परचम लहराया प्रदेश में टॉप 8वी स्थान का हासिल किया है। जिले में हाई स्कूल मे हाजी मो.आमीन इटंर काँलेज हरैया तथा इटरमीडिएट मे अंगद सिह गजाधर सिंह इटर काँलेज का रहा दबदबा कायम रहा। हाजी मोहिद अमीन इंटर कॉलेज हरैंया की खुशी त्रिपाठी 97.17 प्रतिशत अंक के साथ हाई स्कूल में जिला टॉप किया। इस के साथ ही हीडीआरसी सैनिक विद्यालय भीटी मिश्र कि नूपुर पांडे ने प्रदेश में पाया 10वां स्थान मिला 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इंटर मीडिएट में गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी मुरादीपुर हरैंया के छात्र दीपक मौर्य ने 96 प्रतिशत अंक के साथ जिले मे पहला स्थान हासिल किया। इस दौरान खुशी त्रिपाठी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरु को दिया, तथा आगे डॉक्टर बन कर देश की सेवा करनी है।

## पीलीभीत- ट्रैक्टर और टेंपो की टक्कर, एक की मौत, 10 घायल

स्वतंत्र प्रभात



**बिठौराकला-** असम हाईवे पर बिठौराकलां गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली और टेंपो की टक्कर हो गई। हादसा शनिवार सुबह हुआ।

हादसे में ट्रैक्टर चालक पचपेड़ा गढ़ा निवासी लखविंदर सिंह (52) पुत्र भगत सिंह की मौत हो गई। जबकि टेंपो सवार घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घायल जिला अस्पताल में भर्ती कराए हैं। बता दें कि मृतक लखविंदर सिंह ट्रैक्टर ट्राली में गेहूं लादकर पीलीभीत मंडी आ रहे थे।

## एंबुलेंस के भ्रष्टाचार का नया खुलासा ऊपर वाले ही करवाते हैं भ्रष्टाचार

● अपने बचने के चक्कर में छोटी मछलियों को खा जाती है बड़ी मछलियां

● प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा ने अपने ही कम्पनी पर लगाया आरोप 2017 के पहले होता था फर्जी वाड़ा




स्वतंत्र प्रभात

**अम्बेडकरनगर।** सरकार लाख दावा करें हम भ्रष्टाचार मुक्त समाज और देश बनायेंगे यही डबल इंजन के सरकार का दावा है परन्तु सरकार का दावा लगभग हर सरकारी विभाग में फेल होता नजर आ रहा है। आज हम ऐसे भ्रष्टाचार को आपके सामने बताने जा रहे हैं जिस पर लोगो की नजर कम पड़ती है और भ्रष्टाचार में सबसे तेज है बताना चाहते है आमजनता की नजर एक चीज पर जरूर जाती होगी पूरे उत्तर प्रदेश में देखा जा सकता है हल्ला मचाती हुई 102 और 108 नम्बर की गाड़ियां यह एक इमरजेंसी सेवा की गाड़ी जिसका नाम है एंबुलेंस और यह मरीजों और दुर्घटना ग्रस्त हुए आमजन को अस्पताल पहुचाने के लिए बलिदान साबित होती है। परन्तु उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर में कार्यरत जी.वी.के कम्पनी मानक की धज्जियां उड़ाकर फर्जी मरीजों को ढोकर अर्थात कहा जाए तो बिना मरीज के खाली गाड़ी दौड़कर प्रतिकेश सरकार से अच्छे पैसे की वसूली करती है।

बताना चाहते हैं पिछले दो दिन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में दो एम्बुलेंस बिना मरीजों के सड़क पर दौड़ते हुए मीडिया की निगाह में आई। खबर चलने के बाद देखा जा रहा है एकाएक रोड पर शोर मचाने वाली एम्बुलेंस गायब हो गई। इस समय कभी कभार कोई एम्बुलेंस रोड पर आ जा रही है। जिलाधिकारी को इस खबर को संज्ञान में लेना चाहिए की वर्षो से लगातार बेतहाशा मरीज को ढोने वाली गाड़ी खबर चलने के बाद कम क्यों हो गयी क्या खबर चलने से मरीजों की संख्या में कमी या मारपीट दुर्घटना में कमी आ जाती है। अगर खबर चलने से ऐसा होता है तो बहुत अच्छी बात है लेकिन यह जांच का विषय है।

इसके बारे में जब एम्बुलेंस संचालक के जिले स्तर के अधिकारी विनोद मिश्रा और प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा से बात की गयी तो सभी ने बसखारी आकर जांच करने की बात करते हैं और बोलते हैं जांच के समय मीडिया भी उपलब्ध रहेगी। लेकिन दो दिन से यह अधिकारी मीडिया को लालीपाप दिखा रहे हैं और अभी तक बसखारी नहीं पहुंचे और अब प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा कह रहे हैं हमने शासन को रिपोर्ट भेज दिया कार्यवाही होगी। यह बात जब मीडिया उनके आफिस में पहुंचती है तब बताते हैं और फोन पर आने का वादा विनोद मिश्रा बराबर करते हैं कुल मिलाकर कहा जाए यह ज़िले स्तर के बड़े अधिकारी अपना सर बचाने के लिए कर्मचारियों पर कार्यवाही कर सकते हैं जबकि ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है इसमें कहीं न कहीं बड़ा भ्रष्टाचार है। इसका दावा खुद प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा बात बात में उगल दिए इसकी चर्चा हम अंत में करते हैं।

उससे पहले बताना चाहते हैं जब पहले दिन में एम्बुलेंस मीडिया के चपेट में आयी तो जिला स्तरीय कर्मचारी विनोद मिश्रा द्वारा फोन पर बार बार कहा जाता है आप का कोई काम रहेगा तुरंत होगा किसी के नौकरी के पीछे क्यों पड़े है। अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहीं न कहीं खाली एम्बुलेंस दौड़ने की जानकारी विनोद मिश्रा को रहता था तभी इतनी बड़ी ग़लती पर अपने कर्मचारी को बचा रहे हैं दाल में कुछ काला लगता है।

यह तो बात विनोद मिश्रा की थी। अब बात कर रहे हैं प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा से इस पर बात किया गया उनके आफिस में पहुंचकर तो पहले जबाब देने से बच रहे हैं परन्तु कहा गया है सच्चाई बहुत देर तक नहीं छिप सकती है। अमित वर्मा ने बातों बातों में यह बता ही दिया 2017 के पहले भारी मात्रा में स्पैम अर्थात फर्जी वाड़ा होता था यह कोई छोटे कर्मचारी नहीं है कंपनी के एक बहुत बड़े कर्मचारी हैं। अगर इनकी बात को सरकार संज्ञान में ले तो एक जिले में नहीं पूरी कम्पनी पर 2017 के पहले हुए कार्यों का सरकार द्वारा किसी एंजेसी से निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

लेकिन बात यहीं नहीं खत्म होती है अगर 2017 के पहले यह कम्पनी स्पैम अर्थात फर्जी वाड़ा कर सरकार से पैसा वसूल करती थी तो क्या अब नहीं करती होगी। कोई यह बताएं जो वर्षो से देशी घी के साथ रोटी लगातार खाया हो तो क्या वह एकाएक रोटी और नमक से पेट भर लेता होगा यह भी सवालों के घेरे में है। लेकिन किसी भी जांच में छोटे कर्मचारी फंसते हैं।कंपनी के इस बड़े कर्मचारी का बयान पूरे कम्पनी को हिला सकता है।

## जेल के आवासीय परिसर में हनुमान मंदिर में भगवान की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकरनगर।** जिला कारागार के कर्मचारियों के आवासीय परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। पंडित श्री वाचस्पति जी महाराज चित्रकूट व आचार्य पंडित श्री दिनेश तिवारी महाराज काशी द्वारा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूरी कराई गई। मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान यजमान की भूमिका में हेड जेल वार्डन चित्रसेन सिंह ने निभाई।जेल परिसर में बने मंदिर में स्थापित किए गए हनुमान जी के दर्शन करने के लिए जेल कर्मचारी एवं उनके परिवार सहित क्षेत्रीय लोग भी पहुंचे। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने कहा कि जेल में रहने वाले कैदियों में एक सकारात्मक ऊर्जा लाने के लिए यह बेहतर साबित होगा। जेलर गिरजा शंकर यादव ने बताया कि विपरीत परिस्थिति में सभी बजरंगबली को याद करते हैं। जेल जैसे स्थान में बजरंगबली की स्थापना होने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी। आने वाले समय में यहां पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। भंडारे का आयोजन भी किया गया। इससे भक्तों को प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उप कारापाल छोटेलाल सरोज व तेजवीर, फार्मासिस्ट अशोक कुमार पांडे, वरिष्ठ सहायक रघुनाथ प्रसाद, कनिष्ठ सहायक विपिन कुमार व अनूप कुमार गौड़,जेल वर्डन विपिन तिवारी, रवि प्रकाश सिंह, योगेश्वर दुबे, पवन कुमार पांडे, राकेश यादव, वीरेंद्र कुमार वर्मा,हेड जेल वर्डन चित्रसेन सिंह के साथ-साथ जिला कारागार के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मड़ावरा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

● बच्चों ने बुन्देली परिधान पहनकर मतदाताओं को जागरुक किया

● मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में जनसमूह को मतदान की शपथ दिलायी

● ब्लॉक स्तरीय मतदाता जागरुकता रैली में गाना, नौटंकी, डीजे, सैरा व दिल-दिल घोड़ी बनी आकर्षण का केन्द्र






स्वतंत्र प्रभात

**ललितपुर मड़ावरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकासखण्ड मड़ावरा में ब्लॉक स्तरीय विशाल मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं आम नागरिकों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर और हरी झण्डी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। वृहद रुप से आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक रुप से उपस्थित जनसमूह को मतदान की शपथ दिलायी गई। विकासखण्ड के सार्वजनिक स्थलों पर रैली में जुलूस, गाना, नौटंकी, डीजे, सैरा व दिल-दिल घोड़ी के माध्यम से मतदाताओं को रिकॉर्ड मतदान हेतु जागरुक किया गया। बच्चों ने बुन्देली परिधान पहनकर मतदाताओं को जागरुक किया, साथ ही बुन्देली नृत्य व सैरा मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे, जिन्हें देख स्थानीय लोग अतिउत्साहित होकर रैली में बढ़चढ़ कर शामिल हुए। इस अवसर पर सम्पूर्ण विकासखण्ड में उत्साह का माहौल रहा, हरेक आमजन द्वारा मतदाता जागरुकता रैली की सराहना की जा रही थी। इसके अलावा इस रैली हेतु बुलावा पत्र भी स्थानीय बुन्देली भाषा में छपवाया गया था, जो पूर्व से ही चर्चा का विषय बना हुआ था, जिसने जनपदवासियों को रैली में शामिल होने पर विवश कर दिया।

जिलाधिकारी ने जागरुकता वाहन पर सवार होकर रैली के साथ भ्रमण किया और जनपदवासियों को मतदाता जागरुकता का संदेश दिया, उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में हमारा भारत देश सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। प्रत्येक मतदाता का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करे। आज विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं आमजन द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाया गया, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं, बच्चों को अपने भविष्य को लेकर लक्ष्य हमेशा बड़ा होना चाहिए, तभी आप समाज में अपनी विशेष छवि अपना एवं अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, उप जिलाधिकारी मड़ावरा भूपेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मड़ावरा सौरभ वर्नवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, बीडीओ बार, बिरधा, एपीओ हृदेश अहिरवार, एडीओ आईएसबी अमित जैन, एडीओ पंचायत अधिकारी आलोक कुमार दुबे, ग्राम पंचायत अधिकारी जीशान उस्मानी, तुषार कटारिया, रानी गुप्ता, मयंक जैन, रविकांत, रफीक खान के अलावा अन्य अधिकारीगण, स्कूली बच्चे, क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, आमनागरिक, पत्रकार बन्धू, व्यापारी आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नामांकन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सही से चलाने के दिशा-निर्देश



**कानपुर।** लोकसभा चुनाव के नामांकन शुरू हो चुके हैं इसी के मद्देनजर डीसीपी यातायात और एडीसीपी यातायात ने प्रमुख मार्गो का दौरा कर पुलिस को दिशा-निर्देश दिए। कानपुर लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस दौरान न तो प्रत्याशी को नामांकन करने आने में कोई परेशानी हो और यातायात भी बदले हुए रास्ते से अनवरत जारी रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। बड़े अधिकारी लगातार इसकी मोनीटरिंग कर रहे हैं। आज दिनांक 20 अप्रैल को लोकसभा चुनाव नामांकन को दृष्टिगत रखते हुए डीसीपी यातायात व एडीसीपी यातायात द्वारा टैफ्को तिराहा, ग्रीन पार्क चौराहा व सरसैया घाट चौराहा का निरीक्षण किया व ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बनी उपकेंद्र से पोषित हरौनी सहित सभी फिडरो की विधुत सप्लाई बेहतर होने से उपभोक्ता खुश

### विद्युत आपूर्ति बेहतर होने का श्रेय जेई को दे रहे हैं ग्रामीण



**लखनऊ।** राजधानी के विधुत वितरण खंड सेस प्रथम के अन्तर्गत बनी उपकेंद्र से पोषित हरौनी सहित सभी फिडरो की विधुत सप्लाई लगभग तीन महीनों से बेहतर चलने से उपभोक्ताओं में खुशी है। हरौनी गाँव निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अतुल सिंह माखन ने कहा कि अवर अभियंता बनी उपकेंद्र रूपेश सिंह ने जहाँ भी विधुत लाइन गड़बड़ थी व आये दिन जर्जर तारों के कारण फाल्ट की समस्या बनी रहती थी सभी जगह विधुत व्यवस्था दुरूस्त करा दी है। जिससे हवाओं के चलने से भी अब लाइट सुचारू रूप से चलती रहती है। उन्होंने कहा कि इस बार गर्मी में भी लोगों को भरपूर राहत है। अवर अभियंता बनी लगातार स्वयं ही क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते रहते हैं और लाइनों को दुरूस्त करवाने का तत्काल काम करवाते हैं।

## हाई स्कूल की परीक्षा परिणाम में उज्जवल ने टॉप टेन में बनाई जगह



**लखनऊ।** शांति नगर स्थित क्रिएटिव कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के हाई स्कूल के छात्र उज्जवल शर्मा ने। पिता पेशे से मजदूर हैं और उसकी मां सीमा शर्मा क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में ही आया का काम करती है। कॉलेज का हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा जहां पर सभी बच्चों ने उच्चतम अंक हासिल कर स्कूल का मान बढ़ाया है। वही कॉलेज में काम करने वाली आया सीमा शर्मा के बेटे उज्जवल शर्मा ने हाई स्कूल की परीक्षा परिणाम में कुल अंक 600 में 570 अंक ( 95%) अंक हासिल किए। स्कूल प्रबंधक इंजीनियर योगेंद्र सचान प्रबंध निदेशिका ऋषिका सचान ने उज्जवल को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसकी माता को माला पहनकर सम्मानित किया। चेयर मैन योगेंद्र सचान ने कहा कि मेधावी छात्र उज्जवल की आगामी पढ़ाई को लेकर कॉलेज प्रबंधन द्वारा इंटरमीडिएट की पढ़ाई तक का पूरा सहयोग किया जाता रहेगा।

## मनरेगा द्वारा बनाये गए पशुबाड़े के ऊपर की जा रही स्लैब डालने की तैयारी



**तालगांव सीतापुर** विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत चांदपुर में मनरेगा योजना से ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2023-24 में बीना पत्नी राजेश व अन्य 4 लोगों के पशुबाडा निर्माण कार्य कराए जा रहे थे।जोकि रनिंग में थे।जिनका भुगतान अभी होना शेष था। परंतु लाभार्थी बीना पत्नी राजेश द्वारा अपनी दबंगई के बलपर सरकारी नियमों को दरकिनार करते हुए पशुबाड़े के ऊपर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया।और ऊपर स्लैब तक कि दीवारें खड़ी करदी।जब इस प्रकरण की जानकारी प्रधान किरन देवी को हुई तो उन्होंने बीडीओ परसेंडी को पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए एक शिकायती पत्र देकर अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को रोकवा कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। इस सम्बंध में जब बीडीओ परसेंडी धनन्जय सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है।जांच करवाकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# यू पी बोर्ड के परीक्षा परिणाम हुए घोषित,कशिश यादव ने प्रदेश में तीसरा,वैष्णवी ने आठवां स्थान किया हासिल

स्वतंत्र प्रभात



**डलमऊ रायबरेली**-उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा घोषित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में मुराई बाग के विद्यालय की छात्राओं ने प्रदेश सूची में अपनी जगह कायम की है वही जनपद स्तरीय टॉप 10 सूची में भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का दबदबा रहा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में लगातार अपना परचम लहराने वाले विद्यालय न्यू आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा कशिश यादव ने घोषित परिणाम में तीसरी रैंक हासिल की है। वहीं पर शांति मनोहर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा वैष्णवी तिवारी ने आठवीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

श्री बदलू जगन्नाथी मौर्य स्मारक इंटर कॉलेज चरुहार जियायक की छात्रा पलक यादव ने प्रदेश में नवी रैंक हासिल की है। कशिश यादव को इंटरमीडिएट में 97.4% अंक मिले तो वहीं पर वैष्णवी तिवारी को 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए पलक यादव को 96.2% अंक मिले हैं कशिश यादव ने हाई स्कूल में भी प्रदेश की सूची में अपना नाम रोशन किया था और सातवीं रैंक हासिल की थी प्रदेश सूची में अपना नाम आने के बाद कशिश यादव ने कहा कि यह उनके गुरुजनों एवं माता-पिता का आशीर्वाद है पिता विद्यालय में ही प्रधानाचार्य हैं वहीं पर वैष्णवी तिवारी के पिता ठेकेदारी का काम करते हैं कशिश यादव की मां ग्रहणी है जबकि वैष्णवी तिवारी की मां आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं। न्यू आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज के इंटरमीडिएट की छात्रा सौम्या यादव ने 95% एवं उपेंद्र यादव ने 94% अंक पाकर जिले की टॉप टेन सूची में अपनी जगह बनाई है। इसी विद्यालय की शालिनी को 94% सोनाली को 93% राज को 93% मनी बानो को 93% अंश 93% रोली 93% काव्यांश 92% अंक हासिल किया है।वही हाई स्कूल में



अभिनव को 95% शुभांगी को 94% सुभांश को 94% अविरल मयंक 94% रविकेत पाठक 94% उत्कर्ष 94% श्रेयांश 93%, उम्मे हबीबा को 92%, शिखर को 92% एवं अनुप्रिया को 91% अंक मिले हैं।

# परिवार नियोजन को लेकर जिले में चलेगी उम्मीद परियोजना एसीएमओ ने किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबियस फाउंडेशन एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इस क्रम में उम्मीद परियोजना का शुभारम्भ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने सीएमओ कार्यालय सभागार में किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले में परिवार नियोजन के साथ ही अन्य कार्यक्रम के उददेश्यों को भी पूरा करने में सहायक होगा। साथ में उन्होंने कहा कि इस साझा कार्यक्रम से परिवार नियोजन परामर्श और सेवाओं की पहुंच में वृद्धि होगी। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की राज्य निदेशक शिल्पा नायर ने बताया कि उम्मीद परियोजना का उद्?देश्य जनपद में जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना, आरोग्य मंदिर और उप केंद्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं, एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना है।इसके साथ ही कम उम्र में विवाह, किशोर गर्भावस्था, नए तरीकों और पुरुष सहभागिता सहित गर्भनिरोधक विकल्पों के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित करना है जोकि मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक होगा।

मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा आकार परियोजना वर्तमान में 8 जिलों में चलाई जा रही है जो कि जनसंख्या स्थिरीकरण पर



आधारित हैं। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सलाहकार बीके जैन ने बताया कि काउंसलिंग कॉर्नर की सहायता से परिवार नियोजन की काउंसलिंग में गुणवत्ता आयेगी और परिवार नियोजन की स्वीकार्यता भी बढ़ेगी। इस मौके पर परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रबंधक जावेद खान, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# हरगोविंद वर्मा व मुख्तार अनीस की विरासत को आगे बढ़ाना है- राकेश राठौर

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर** इंडिया गठबंधन सीतापुर लोकसभा के प्रत्याशी राकेश राठौर के द्वारा बिसवां गुलजार शाह मेला के मुशायरा हाल में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। उसके बाद लहरपुर रोड पर चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। बाबा हजरत गुलजार शाह की मजार पर चादर चढ़ा कर जीत के लिए दुआ मांगी। राकेश राठौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारत की सभी विपक्षी पार्टियों इंडिया गठबंधन के बैनर तले मिलकर चुनाव लड़ रही हैं ।यह चुनाव संविधान और देश को बचाने के लिए हम सबको एकजुट होकर अखिलेश यादव एवं राहुल गांधी के विचारों को आगे बढाना है। आप सभी एकजुट होकर गठबंधन को यानी हाथ के पंजे को वोट देने का काम करे। वही दलितों पिछड़ो की सशक्त आवाज वामपंथी नेता डॉक्टर बृज बिहारी ने कहा सीतापुर की धरती को गुजरात की प्रयोगशाला नहीं बनने देंगे सीतापुर की धरती ठाकुर बलभद्र सिंह की विरासत है मुख्तार अनीस की विरासत है हरगोविंद वर्मा की विरासत है यह गंगा जमुनी तहजीब और इंसानियत का पैगाम देने वाले, अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद का जाम पीने वाले बंदे हसन की धरती है भाजपा की डबल इंजन की सरकार दलित अल्पसंख्यक ओर पिछड़ा विरोधी है भाजपा के इस जंगल राज्य में दलित समाज को बौद्ध कथा करने के लिए भी परमिशन नहीं दी जा रही है

गाजियों में बू रहेगी जब तलक हिंदुस्तान की,तख्ते लंदन तक चलेगी तेग हिंदुस्तान की। पूर्व मंत्री रामहेत भारती ने कहा चारों तरफ इंडिया गठबंधन का ही हाहाकार है गठबंधन की प्रत्याशी राकेश राठौर के सामने कोई भी मुकाबले में नहीं है। पूर्व अध्यक्ष हाजी जलीस अंसारी ने कहा राकेश राठौर का विधायक रहते पांच साल का शानदार कार्यकाल सीतापुर की जनता ने देखा है राकेश गरीबों ,मजलूमो ,शोषितों की आवाज है पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक नरेंद्र वर्मा ने कहा मौजूदा सरकार उत्तर प्रदेश में बहुसंख्यकों को धोखा दिया है। बहुसंख्यकों कि वोट से सत्ता में काबिज हुई डबल इंजन की सरकार रोजगार के नाम पर नौजवानों को ठगने का काम किया है नौकरियों की परीक्षा पेपर लीक करवा कर शिक्षित समाज को धोखा देने का काम किया है वर्मा ने कहा की मौजूदा सांसद राजेश वर्मा अपने सजातिय भाइयों के साथ भी सौतेला व्यवहार करते हुए ना पहचानने का काम किया है इस बार सजातिय मतदाता राकेश राठौर को जिताने का काम करेगा। वही लहरपुर विधायक अनिल वर्मा ने कहा किसानों की दोगुनी इनकम करने का झूठा वादा करने वाली यह भाजपा सरकार किसान जब एम् एस् पी की गारंटी की आवाज बुलंद करते हुए दिल्ली की तरफ कूच करते हैं तो यही बीजेपी की कुंठित मानसिकत वाली सरकार किसानो पर लाठी चार्ज करती है लखीमपुर में किसानों के ऊपर गाड़ी चढ़कर उनको मार देने वालों को मंत्री पद बरक़रार रखती और सम्मान देने का काम करती है यह सरकार किसान विरोधी है पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता ने कहा मोदी सरकार पूरे भारत में डेढ़ सौ सीटों पर सिमट कर रह जाएगी इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी मोदी ने अपने कार्यकाल में अडानी और अंबानी को आगे बढ़ने का काम किया है। गरीबों की आमदनी,स्वास्थ,रोजगार का इंतजाम न करके हिंदू मुस्लिम के झगड़ों में उलझाए रखा है इस बार का वोट रोजगार के नाम पर है। वही पूर्व गृह केंद्रीय मंत्री स्व0 रामलाल राही की बहू महिला नेत्री मंजरी राही ने कहा यह सरकार महिला विरोधी है मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घूमाने वालों के खिलाफ सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं किया है मोदी ने दो शब्द भी बलात्कारियों के खिलाफ नहीं बोला उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ आए दिन बलात्कार होते हैं जिनमें अधिकतर दलित महिलाएं होती हैं यह सरकार मोदी सरकार महिला विरोधी के साथ-साथ दलित विरोधी भी है सीतापुर जनपद का एक-एक अनुसूचित जाति का मतदाता राकेश राठौर को अपना मत देकर दलित महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार और बलात्कार का बदला लेने का काम करेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन अफजाल कौशर ने किया। इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष छात्रपाल यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कृष अवस्थी, सुनील यादव, देवी शंकर बाजपेई, अब्दुल अतीक,कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष करीम अंसारी, समाजवादी नगर अध्यक्ष लुकमान अली, रियाज कारपेंटर, बबलू नेता आशुतोष सिंह यादव, कमलेश यादव पूर्व मंत्री, अफसर कादरी, कय्यूम कुरैशी इरफ़ान, मुर्तजा अंसारी आदि प्रमुख रहे।

# चुनावी पाठशाला प्रा0वि0 मुकीमपुर, क्षेत्र-सिधौली, सीतापुर

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली।** तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुकीमपुर में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में मतदाता जागरुकता हेतु चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम प्रधान मसूदुर्रहमान क्षेत्र पंचायत सदस्य वसीमुन, कोटेदार अन्दुल हलीम (प्रतिनिधि), जीनत जहाँ, पंचायत सदस्य रामपाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। चुनावी पाठशाला में गाँव के सम्मानित ग्रामवासी भी उपस्थित हुये। चुनावी पाठशाला के माध्यम से उपस्थित सभी को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु विद्यालय की प्र.अ.नोडल के द्वारा तथा विद्यालय स्टाफ तथा छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गतिविधि से जागरुक किया गया। द्वारा विभिन्न जागरुकता स्लोगन का प्रस्तुती- करण किया गया। सभी मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाता शपथ भी दिलाई गई। चुनावी प्रश्नोतरी के माध्यम से मतदाताओं की समस्याओं को भी दूर किया गया। तत्पश्चात प्रधानाध्यापिका आशा वर्मा तथा ग्राम प्रधान के द्वारा चुनावी



पाठशाला में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

# गत्ते का फ्रेम बनाकर खंभे में भर दिया गया मसाला

**● - गत्ता बांधकर बनाया गया खंभे में फ्रेम**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई।** सिनेमा चौराहे पर 11 हजार लाइन का खंभा तिरछा होने पर बिजली विभाग ने एक नया तरीका ढूंढा। नीचे से गल चुके खंभे के चारों ओर तारों से गत्ता बांधकर कर्मचारियों ने उसके अंदर सीमेंट और बजरी भर दी। इससे कर्मचारियों की कार्यशैली की स्थिति हास्यास्पद हो गई। कर्मचारी द्वारा बांधे गए गत्ते को देखकर सभी दांतों के नीचे उंगलियां दबाकर बिजली विभाग पर उंगली उठा रहे हैं। सिनेमा चौराहे पर 11 हजार लाइन का एक खंभा नीचे से गल चुका था। गलने की वजह से खंभा तिरछा हो गया। इसे रोकने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लोहे के फ्रेम की जगह पर गत्ते का फ्रेम बनाकर उसमें बजरी और सीमेंट मिलाकर भर दिया और खंभा रोकने की औपचारिकता पूरी कर दी। जबकि इस खंभे



को रोकने के लिए खंभे के आसपास गड्ढा खोदकर लोहे के फ्रेम से उसमें सीमेंट, बजरी और मौरंग भरना थी। लेकिन बिजली कर्मचारियों ने ऐसा ना करके खंभे के चारों ओर गत्ता बांध दिया और उसके अंदर बजरी, सीमेंट भरकर निकल लिए। तिरछा हुआ यह खंभा इस स्थिति में है बजरी और सीमेंट भरने के बाद भी इस तिरछे खंभे पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। जिसने भी बिजली कर्मचारियों की यह हरकत देखी। उसने ही विभाग पर उंगली उठानी शुरू कर दी यह कहकर कि बिजली विभाग किसी भीषण हादसे का इंतजार शायद कर रहा है, वरना इस तरह से मौरंग, बजरी और सीमेंट नहीं भरा जाता।

# नवीन मार्केट में दुकानदार को चाकू मारकर किया घायल

**● - दुकान पर काम करता था अपराधी, कुछ समय पहले दुकानदार से हुई थी कुछ कहासुनी, पुलिस आयुक्त मौके पर पहुंचे**




स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कल रात्रि में थानाक्षेत्र कोतवाली स्थित नवीन मार्केट की फुटवियर की दुकान में काम करने वाले युवक द्वारा दुकान मालिक को चाकू से 20-25 वार करके घायल कर दिया। घायल दुकानदार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस प्रकरण में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वहां निरीक्षण किया एवं स्थानीय व्यापारियों से मिलकर, वार्ता कर घायल व्यापारी के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाने व अन्य सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं।

घटनाक्रम की जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त ने बताया कि यह घटना कल रात करीब 9 बजे की है। नवीन मार्केट में राजीव नाम के व्यापारी हैं उनकी फुटवियर की दुकान है। इनके यहां सला नाम का एक लड़का काम करता था जिसकी उम्र 13-14 वर्ष रही होगी। इसने कुछ दिन पूर्व तक काम किया था। वह पुनः कल रात आया और उनपर चाकुओं से वार कर घायल कर दिया। मार्केट के लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की लेकिन उसके हाथ में चाकू था जिसका फायदा उठाकर वह भाग गया।पुलिस आयुक्त ने बताया कि घायल का इलाज चल रहा है। अपराधी को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस लोकेशन पर जांच कर रही है और उसे जल्द से जल्द पकड़ने की कोशिश की जा रही है। उसके पकड़े जाने पर उसकी आपराधिक हिस्ट्री देखी जाएगी। और उसी के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने किया नामांकन

**● - उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सहित तमाम नेता हुए शामिल**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** रमेश अवस्थी ने आज कानपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने बाबा आनंदेश्वर मंदिर पर पूजा अर्चना की तत्पश्चात वहां एक जनसभा आयोजित की गई जिसमें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत तमाम नेता उपस्थित थे।

जनसभा में उपस्थित सभी नेताओं ने अपने विचार रखे और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता से अपील की। जनसभा तथा नामांकन जुलूस में काफी भीड़ रही।इस अवसर पर रमेश अवस्थी ने कहा कि जनसेवा मेरे जीवन का लक्ष्य है। जीवन का प्रत्येक क्षण, प्रत्येक श्वास जनता के लिए ही समर्पित है। भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में बीते 5 सालों में क्षेत्र की जनता का सेवा करने का जो अवसर मिला, उसे इस लोकसभा चुनाव में क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद से आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं।



मुझे विश्वास है कि कानपुर लोकसभा की जनता अपना आशीर्वाद देकर 'फिर एक बार मोदी सरकार' लाने में बड़ा योगदान देगी।

# कानपुर में सियासी पारा गरम विधायक अमिताभ बाजपेई दंडवत कर गिरफ्तारी देने पहुंचे पनकी मंदिर

**● - बजरंगदल के जिला संयोजक ने विधायक को मंदिर में न घुसने देने की दी थी चुनौती।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर नगर में सियासी पारा गरम है लेकिन पुलिस के मान-मनौव्वल के कारण सपा और बजरंग दल दोनों तरफ के लोगों को शांत करा लिया है। ईद वाले दिन आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में कमिश्नरेट पुलिस ने पूर्व सपा प्रत्याशी विधानसभा चुनाव सम्राट विकास को गिरफ्तार कर लिया था। इसके विरोध में विधायक अमिताभ बाजपेई और गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा की पनकी थाने में पुलिस से झड़प हुई थी। इसके बाद आलोक मिश्रा और अमिताभ बाजपेई सहित अज्ञात 200 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

इसके बाद विधायक अमिताभ बाजपेई ने वीडियो वायरल कर घोषणा की थी कि वह आज पनकी मंदिर जाकर दंडवत करते हुए गिरफ्तारी देंगे। जैसे ही आज अमिताभ बाजपेई पनकी मंदिर पहुंच कर दंडवत करने लगे तो वहां उपस्थित एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा के नेतृत्व में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पाण्डेय ने विधायक को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। कुछ देर तो विधायक वहां गिरफ्तारी को अड़े रहे। फिर पुलिस के समझाने



पर एक ज्ञापन देकर चले गए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया। वहीं बजरंग दल जिला संयोजक को पुलिस ने नजरबंद कर दिया क्यों कि विधायक के मंदिर जाकर गिरफ्तारी देने के बयान पर बजरंग दल के जिला संयोजक कृष्ण तिवारी ने वीडियो वायरल कर उन्हें मंदिर में न घुसने देने की चुनौती दी थी। फिलहाल दोनों पक्षों में शांति का माहौल है।

# डॉ बनकर समाज की सेवा करना करना चाहता हूँ- अभय वर्मा

स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद, सीतापुर** सीतापुर जनपद की तहसील महमूदाबाद के अंतर्गत थाना सदरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर के प्रधान मनोरमा वर्मा एवं प्रधान प्रतिनिधि व क्षेत्र पंचायत सदस्य डॉक्टर जितेंद्र वर्मा के पुत्र अभय वर्मा ने हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में 93.66 अंक पाने वाले अभय वर्मा ने सीता चिल्ड्रन एकेडमी इंटर कॉलेज की सफलता का श्रेय कॉलेज के समस्त शिक्षक गणों को दिया और उन्होंने बताया कि हमारे कॉलेज के हाई स्कूल को पढ़ने वाले समस्त अध्यापकों ने मुझे प्रोत्साहित कर सदैव अच्छा मार्गदर्शन दिया और हर कठिन से कठिन प्रश्न का समाधान किया जिसका आज जीता जागता उदाहरण देखने को मिल रहा है।हमने सालभर दिन रात बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते हुये कड़ी मेहनत करके 562 अंक( 93.66%) हासिल करके सफलता प्राप्त किया। मेरी जिज्ञासा है कि मैं डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहता हूं और समाज के हित में कार्य करना चाहता हूं इससे यह लगता है की कॉलेज का रिजल्ट देखकर अभय वर्मा में काफी उत्साह दिखा है शिक्षकों की कड़ी मेहनत का असर भी दिख रहा है विद्यालय का अनुशासन कॉलेज के चैयरमैन आर के बाजपेई ने बताया की कॉलेज परिवार के लिए आज बहुत खुशी का दिन है हमारे कॉलेज के ज्यादा से ज्यादा छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और मनोरमा वर्मा पत्नी जितेंद्र वर्मा ने बताया की आज मुझे गर्व के साथ कह रहा हूं कि कि आज मुझे



बहुत खुशी है क्योंकि हाई स्कूल का रिजल्ट देखकर अभय स्कूल परिवार और गांव समाज,तहसील, जिले का नाम रोशन किया है ग्रामीणों के द्वारा अभय वर्मा को माला पहनकर मिठाइयां खिलाते हुए स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और अभय के माता-पिता ने कॉलेज परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दिया।

# भाजपा की कथनी और करनी में आकाश-पाताल का फर्क -आनंद

स्वतंत्र प्रभात

**हरगांव** में सपा प्रत्याशी ने की जन सभाएं

हरगांव (सीतापुर)। भाजपा झूठ, फरेब और जुमलों की राजनीति करती है। उसकी कथनी और करनी में आकाश और पाताल का अंतर है। भाजपा बीते दस सालों से डबल इंजन की सरकार का ढिढ़ोरा पीट रही है, लेकिन इन दस सालों से जिस तरह से गरीबों, किसानों और नौजवानों के साथ धोखा किया जा रहा है, उससे हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है। यह बात धौरहरा संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने शनिवार को हरगांव विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। क्षेत्र के शेखापुर, अख्तियारपुर, बक्सोहिया, गुरधपा, परसेहरा, पिपरामील, क्योटीकलां, कबीरपुर, कटियारा, सलारपुर आदि गांवों में आयोजित जन सभाओं को संबोधित करते हुए सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी बदले की नहीं बल्कि विकास की राजनीति करती है। सपा सरकार ने हमेशा गरीब पिछड़े, दलितों, किसानों एवं मजदूरों के हित में काम किया है। सपा प्रत्याशी ने पुलिस के डॉयल नंबर को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने डॉयल 100 की व्यवस्था बनाई थी, लेकिन भाजपा ने इसका नंबर बढ़ाकर इसे 112 कर दिया और पुलिस वालों ने भी उसी अनुपात में अपनी वसूली का स्तर बढ़ा दिया है। जन सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि बीते दस सालों में विकास के नाम पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया है। भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर है। डबल इंजन की इन सरकारों में हर व्यक्ति इस कदर परेशान है कि अब लोगों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट गया है। इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। गठबंधन सरकार



बनने के बाद धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। इसलिए आप सभी लोग एकजुट होकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने का काम करें।

जन सभाओं को अनिल भार्गव, कांग्रेस नेत्री ममता वर्मा, फुरकान खां आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जितेंद्र शुक्ल विजय वर्मा, लाल सिंह यादव, अनिल भार्गव, महेंद्र यादव, राजेश भदौरिया, कपिल मिश्रा, अमरजीत सिंह, रवि कौशल, क्रांति मिश्र आदि मौजूद रहे।

# नेडा द्वारा लगवाई गयी सोलर लाइटें बनी शो-पीस

**5 साल गारण्टी के दावे के बाद 5 माह भी नही जल सकी लाइटें**

**मानक विहीन सामग्री की वजह से खराब हो रहीं लाइटें**

स्वतंत्र प्रभात

**तालगांव सीतापुर** नेडा विभाग द्वारा बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना व पण्डित दीन दयाल उपाध्याय हाट बाजार योजना के तहत विकास खण्ड परसेंडी के ग्राम चांदपुर व परसेंडी में दिसम्बर 2023 में सोलर लाइटें क्षेत्रीय विधायक अनिल कुमार वर्मा के पत्र लिखने के बाद लगवाई गयी थी।लाइटे लगने के तुरंत बाद से ही खराब होने लगी थी।कई बार शिकायत के बाद कुछ लाइटे सही भी हुई हैं।परन्तु ग्राम चांदपुर में रमेश विशुकर्मा के मकान के पास व ग्राम परसेंडी में रामू कम्प्यूटर की दुकान के सामने लगी सोलर लाइटे काफी दिनों से खराब पड़ी हैं।और जल नही रही हैं।इस सम्बंध में प्रहलाद कुमार निवासी चांदपुर ने जिलाधिकारी सीतापुर को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र भेजकर खराब पड़ी लाइटों को सही करवाकर सम्बंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। इस सम्बंध में जब नेडा अधिकारी सीतापुर कमलेश यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है, जल्द ही खराब पड़ी लाइटे सही करवाई जाएंगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## डीईओ ने राजनैतिक दलों के साथ ईवीएम गोदाम का निरीक्षण कर ली जानकारी

**रायबरेली,** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने वीवीपैट वेयरहाउस में ईवीएम हॉल को जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया तथा ईवीएम तथा वीवीपैट की विस्तार से जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जनपद की विधानसभा वार ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को मतदान केन्द्रों के लिए नियमानुसार रखा जाएगा। जिससे कि मतदान वाले दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी भी ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाली के विवाद को लेकर हुई गाली गलौज व मारपीट केस दर्ज

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेथू का रहने वाला रंजीत कुमार पुत्र बृजेश कुमार नाली के विवाद को लेकर एक शिकायती पत्र लिखवाने तहसील आया था तभी गांव के ही विपक्षी पन्नालाल पुत्र खुशियाल अमित कुमार पुत्र पन्नालाल दोनो पिता पुत्र ने उसके साथ तहसील परिसर में गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके पर से फरार हो गए। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## निहालिका सिंह 91% अंक पाकर रहीं अव्वल

**लक्ष्मी पाल ने दूसरा व प्रिया यादव ने पाया तीसरा स्थान**



**हरदोई** शनिवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित किया गया।श्री डाल सिंह मेमोरियल समिति द्वारा संचालित विद्या सिंह पब्लिक हाई स्कूल सैया पूर्व का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। छात्रा निहालिका सिंह ने सर्वाधिक 91% अंक पाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा लक्ष्मी पाल ने 85.5 प्रिया यादव ने 83.83, अभिनव कुमार ने 83.33 व दीपक कुमार ने 83.33 सहित लगभग एक दर्जन से अधिक बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। लगभग 20 बच्चों ने 75 से 80% के बीच अंक प्राप्त किए ।हाई स्कूल परीक्षा में सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्य भूमिका सिंह ने मिठाई खिलाकर बच्चों को बधाई दी। इस मौके पर श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल लक्ष्मी देवी के अलावा शिक्षक शिक्षिकाओं में कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह ,मंशा बाजपेई ,प्रज्ञा तिवारी, विनीता त्रिवेदी ,आरती मिश्रा ,आरती वर्मा, संजय गुप्ता ,राम प्रकाश पांडे आदि ने भी बधाई दी।प्रबंधक मुकेश सिंह ने सभी सफल बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के संस्थापक अखिलेश सिंह ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि आगे जिस विद्यालय में जहां भी शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाएंगे इस विद्यालय में मिले अनुशासन व संस्कारों से अपने नए विद्यालय में भी अपनी अलग पहचान बनाएंगे।

## हाँथ बदलेगा सीतापुर लोकसभा के हालात



**सीतापुर** शहर काँग्रेस कमेटी के द्वारा भृमण कार्यक्रम के दौरान वार्ड आलमनगर के सम्मानित वोटरों के घर घर जाकर 30 लोकसभा क्षेत्र सीतापुर काँग्रेस गठबंधन समर्थित प्रत्याशी श्री राकेश राठौर जी के समर्थन में जनसंपर्क के दौरान वोट की अपील की। जननायक नेता आदरणीय राहुल गाँधी जी द्वारा देश के लोगों को किया गया सवचन हम निभाएंगे काँग्रेस गारंटी कार्ड वितरण कर जनसंपर्क किया। आज के जनसंपर्क में वार्ड के सैकड़ों युवाओं व बुजर्गों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में प्रमुखता से- शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव सपा छात्र नेता शिवम जी,राजेन्द्र निगम जी,संजय दीक्षित जी,नागराज कश्यप जी,शवनम घोषी जी,प्रत्यासी के बड़े बेटे रत्नम राठौर जी,पीयूष मिश्रा जी,सन्तराम बंसल जी,लोकसभा प्रभारी बालेन्द्र सिंह सिसोदिया जी,संजीव टण्डन जी आदि कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की।

# दर्जनों गांव में लगी भीषण आग, कई घर व बकरी जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र ग्राम सभा सेवतरी, टोला परसा, मर्यादपुर , छितवनिया, रेहरा, महुलानी, मनिकौरा, मल्लूडिह समेत दर्जनों गांवों में गेहू के डंठल जलाने से भीषण आग लग गई। आग के चपेट में आने से कई घर जलकर राख हो गए तथा घर में बंधी करीब दर्जनों बकरियां भी जलकर राख हो गई।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को गेहूं के डंठल जलाने से क्षेत्र के ग्राम सभा सेवतरी, परसा टोला, मर्यादपुर, छितवनिया, रेहरा, महुलानी, मनिकौरा, मल्लूडिह समेत दर्जनों गांवों में भीषण आग लग गई। आग की जद्दोजहद में आए गांव के करीब आधा दर्जन घर व करीब दर्जनों बकरियां तथा घर के अंदर रखा रोजमर्रा का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस एवं स्थानीय लोगों के मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं सबसे ज्यादा जनहानि ग्राम सभा सेवतरी के टोला परसा में हुआ है। परसा टोला में आग लगने से हरिराम यादव तथा हरिकेश यादव का घर समेत चार-चार बकरियां जलकर राख हो गई। इसके साथ ही प्रेम सागर, सुभाष, शिवसागर, नंदराम, चंद्रिका, सलीम, इस्लाम, स्माइल, मुस्तकीम, जहांगीर, झिन्नु, नुरुलहुदा, प्रकाश, इद्रीस, राजमन यादव, सहीदुननिशा, चंद्रशेखर पाल, शिवचरन पाल आदि लोगों का घर समेत घर में रखा रोजमर्रा का सारा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया तब तक घर समेत सामान व मवेशी जलकर राख हो चुके थे। मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने नुकसान का आकलन किया तथा हरसंभव मदद का अश्वासन दिया। इस दौरान नौतनवां एसडीएम नन्द प्रकाश मौर्य, तहसीलदार पंकज शाही, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी, थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार, चौकी प्रभारी अमित सिंह, हेड कांस्टेबल अमरजीत कुमार कांस्टेबल विकास यादव, अनिल यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। एसडीएम नौतनवां नन्द प्रकाश मौर्य ने बताया कि नुकसान का आकलन किया गया है पीड़ितों की हर संभव मदद की जाएगी।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में मेधावियों ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**● श्री शिवकुमार कैरियर प्लस व न्यू पब्लिक का रहा दबदबा**

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़,रायबरेली।** यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल इण्टरमीडिएट के आए रिजल्ट में क्षेत्र के श्री शिवकुमार त्रिवेदी कैरियर इण्टर कॉलेज शिवगढ़ के अद्वैत अवस्थी ने हाईस्कूल में 94.8 प्रतिशत अंक अर्जितकर ब्लॉक में पहला तथा जिले में 10वां स्थान अर्जित किया है। वहीं न्यू पब्लिका एकाडमी इण्टर कॉलेज भवानीगढ़ की दिव्यानी दीक्षित ने 94.33 प्रतिशत अंक अर्जितकर ब्लॉक में दूसरा तथा जिले में तेरहवां स्थान अर्जित किया है। इण्टरमीडिएट में श्री शिवकुमार त्रिवेदी कैरियर प्लस इण्टर कालेज शिवगढ़ की साक्षी पटेल ने 91.2 प्रतिशत व सौरभ शुक्ला ने 91.2 प्रतिशत अंक अर्जितकर संयुक्त रूप से ब्लॉक टॉप किया। वहीं हाईस्कूल में इसी कॉलेज के सुहैल ने 94 प्रतिशत, पलक यादव ने 93.6 प्रतिशत,रितिका पटेल ने 92.6 प्रतिशत, बालाश्री दुबे ने 95.5 प्रतिशत, सानू यादव ने 90.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर माता-पिता, शिक्षकों एवं कालेज को गौरवान्वित कर दिया। इण्टरमीडिएट में इसी कालेज की सुभी दीक्षित ने 91 प्रतिशत, अभय प्रताप सिंह ने 90.6 प्रतिशत, ऋषभ पटेल ने 90.2 प्रतिशत, वर्षा सिंह ने 90.2 प्रतिशत, काजल अवस्थी ने 89.6 प्रतिशत अंक अर्जितकर माता-पिता, अभिभावकों एवं कॉलेज का नाम रोशन कर दिया। कॉलेज के संरक्षक प्रदीप त्रिवेदी, प्रधानाचार्य इन्दूबाला सिंह ने यूपी बोर्ड परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को ढेरों शुभकामनाएं दी हैं। न्यू पब्लिक एकाडमी इण्टर कॉलेज भवानीगढ़ के वैभव शुक्ला ने हाईस्कूल में 89.83 प्रतिशत,अनिकेत शुक्ला ने 89.66 प्रतिशत,दानिश ने 89.5 प्रतिशत,रोशन तिवारी ने 88.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर माता-पिता,अभिभावकों शिक्षकों एवं कॉलेज को गौरवान्वित कर दिया है। इण्टरमीडिएट में इसी विद्यालय के सक्षम वर्मा ने 89.4 प्रतिशत, भाव्या तिवारी ने 85.6 प्रतिशत, सुनन्दा ने 84.6 प्रतिशत, आकाश ने 82.4 प्रतिशत, आलोक कुमार ने 80.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर माता-पिता अभिभावकों,शिक्षकों एवं कॉलेज को गौरवान्वित कर दिया है। विद्यालय के संरक्षक सतीश बाजपेई, प्रबंधक विवेक बाजपेई, प्रधानाचार्य पुष्करनाथ शुक्ला ने यूपी बोर्ड परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।

# सीता इंटर कालेज ने पूरे प्रदेश में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश टापर देकर पूरे प्रदेश में दबदबा कायम कर दिया

**माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट के परिणाम में क्षेत्र के 44 विद्यार्थियों ने प्रदेश में मेरिट में स्थान बनाया है। जिसमें सीता इण्टर कालेज के हाईस्कूल के 8, इण्टरमीडिएट के 11, प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज में हाईस्कूल में तीन, इण्टर के पांच, बाबूराम सावित्री देवी इण्टर कालेज में हाईस्कूल में छह, सरदार सिंह कान्वेण्ट के हाईस्कूल में दो, इण्टर में दो, सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इण्टर कालेज में हाईस्कूल में एक, संतोषी लाल शुक्ल मेमोरियल इण्टर कालेज के हाईस्कूल में एक, एमएसडी स्मारक इण्टर कालेज में हाईस्कूल में इण्टर में एक-एक, सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान में हाईस्कूल में तीन विद्यार्थियों ने स्थान अर्जित किया है।**





स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद (सीतापुर) सीता इंटर कालेज ने पूरे प्रदेश में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश टापर देकर पूरे प्रदेश में दबदबा कायम कर दिया है। कालेज की स्थापना 27 जून 1981 को सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज के रूप में हुई थी। कालेज संस्थापक अध्यक्ष प्यारेलाल रस्तोगी की सुपुत्री स्व. सीता रस्तोगी की स्मृति में कालेज की स्थापना हुई थी। संस्था को 1986 में प्राइमरी, 1987 में जूनियर तथा 2000 में हाईस्कूल व वर्ष 2002 में इंटरमीडिएट की मान्यता मिली। हाईस्कूल स्तर पर अनिवार्य विषय के साथ प्रयागराज बोर्ड द्वारा कालेज को ए श्रेणी प्राप्त है तथा कामर्स, संस्कृत, उर्दू, वाणिज्य, कंप्यूटर, ड्राइंग व इंटरमीडिएट स्तर पर विज्ञान वर्ग में गधित तथा जीव विज्ञान एवं कला वर्ग में अनिवार्य विषयों के साथ संस्कृत, उर्दू, भूगोल, अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र, समाज शास्त्र, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान, इतिहास तथा चित्रकला की मान्यता है। पांच से 10 दिसंबर तक इस वर्ष रजत जयंती समारोह मनाया गया।

हाईस्कूल में यूपी टाप करने वाली प्राची निगम महमूदाबाद के सीता इंटर कालेज की छात्रा हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा से हाईस्कूल तक इसी स्कूल से पढ़ाई की है। हाईस्कूल में उन्हें 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। आगे की पढ़ाई कर प्राची भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है। प्राची के पिता चंद्र प्रकाश निगम नगर पालिका में निर्माण कार्यों की ठेकेदारी करते हैं। मां ममता निगम गृहणी हैं, छोटी बहन रूपरानी व भाई गौरव निगम सीता इंटर कालेज में 10वीं के विद्यार्थी हैं। वे भारत को विकसित बनने में इंजीनियर बनकर योगदान देना चाहती हैं। प्राची ने सफलता का श्रेय सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी के साथ गुरुजनों व माता-पिता को दिया। प्राची अपने गुरुजनों के साथ भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानती है।

इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा में सीता इंटर कालेज के छात्र शुभम वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। शुभम आगे की पढ़ाई का यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बनना चाहता है। शुभम के पिता अजय कुमार किसान हैं, जिनके पास वर्तमान में करीब सौ बीघा जमीन हैं तथा वे अशिक्षित हैं। खेती करते अजय लगातार बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान रख रहे हैं। शुभम कालेज से घर जाने के बाद करीब सात से आठ घंटे पढ़ाई करते थे और करीब 11 किमी दूरी तय कर वे साइकिल से प्रतिदिन स्कूल आते थे। शुभम स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानता है। माता सरोज कुमारी गृहणी हैं। इनके छह बच्चे हैं।

हाईस्कूल बोंड परीक्षा परिणाम में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली सीता इण्टर कालेज की हाईस्कूल छात्रा नव्या सिंह के पिता सरकारी शिक्षक हैं। मां पुष्पा देवी सामान्य गृहणी हैं। भाई तुषार बीएलएड की पढ़ाई कर रहा है। क्षेत्र के केलनपुर गांव की रहने वाली नव्या एसएससी की तैयारी कर सरकारी सेवा में जाना चाहती है। नव्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता सहित शिक्षकों व विद्यालय परिवार को दिया है। वह बताती है उन्होने आठ घंटे नियमित अध्ययन कर यह सफलता अर्जित की है। हाईसकूल में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त करने वाली वर्तिका सोनी क्षेत्र की सीता इण्टर कालेज की छात्रा है। वर्तिका के पिता रमेश सोनी शहर में किराना के दुकान चलाते हैं। माता रोली सोनी सामान्य गृहणी है। भाई विनायक व कार्तिक छोटे है जो जूनियर में पढ़ाई कर रहे हैं। वर्तिका एसएससी की तैयारी करना चाहती हैं।

हाईस्कूल और इण्टर की मेरिट में महमूदाबाद क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने स्थान लाकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यूपी मेरिट में स्थान लाने वाले विद्यार्थियों व उनकी संस्थाओं के प्रबंधक व शिक्षकों को बधाई देने वालों का शनिवार परिणाम आने के बाद से तांता लगा रहा। बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने के बाद सीता इण्टर कालेज के हाईस्कूल की छात्रा प्राची निगम ने 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट मे पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं नव्या सिंह ने 98 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरा, अंशिका वर्मा ने 97.67 अंक प्राप्त कर पांचवां, वर्तिका सोनी ने 97.5 प्राप्त कर छठा, अंशी मौर्या ने 97.33 अंक प्राप्त कर सांतवां, अगम्या वर्मा 97.17 प्रतिषत लाकर आठवां, हेमंत वर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां तथा अल्पना गुप्ता ने 96.83 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट में दसवां स्थान तथा इसी कालेज के इण्टर के शुभम वर्मा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, राज वर्मा ने 97.6 प्रतिषत लाकर दूसरा, शीतल वर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा, अनुभव शुक्ला व पलक मौर्या ने 97 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां, शिवानी वर्मा ने 96.6 प्रतिषत अंक के साथ सांतवां, सूरज शाहू व सूरज वर्मा ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर आठवां, आयुष मौर्या व वैभव मिश्रा ने 96.2 प्रतिषत जाकर नवां तथा सूरज मौर्य ने 96 प्रतिषत अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया। संस्था के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष व वागीश दिनकर ने बताया कि संस्था के हाईस्कूल के आठ व इण्टरमीडिएट के 11 विद्यार्थियों के यूपी मेरिट में स्थान लाने पर विद्यार्थियो को बधाई दी। कालेज के होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भवि

सीता इण्टर कालेज के यूपी मेरिट में हाईस्कूल के 8 व इण्टरमीडिएट के 11 विद्यार्थियों ने टॉप से लेकर अन्य स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। कालेज प्रबंध समिति से जुड़े लोगो ने बैंड बाजा व आतिशबाजी कर खुशी मनाते हुए मिठाई बांटी। क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के शिखर पर पहुंचाने वाले सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के संस्थापक रमेश वाजपेयी को बधाई देने वालों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, सांसद राजेश वर्मा, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या, एमएलसी पवन सिंह, एमएलसी शिक्षक उमेश द्विवेदी, विधायक निर्मल वर्मा, मनीष रावत, ज्ञान तिवारी, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी, पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा, पालिकाध्यक्ष मोहम्मद अहमद, पूर्व अध्यक्ष सुरेष वर्मा, पैंतेपुर चेयरमैन प्रतिनिधि उरूज आलम, भाजपा नेता रामकुमार वर्मा, मोहन बारी, संजय वर्मा, सीपी तिवारी, के.के. सिंह, अतुल चित्रांश, रमाशंकर वर्मा, अतुल वर्मा ने आदि ने सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कालेज परिवार को बधाई दी।

# श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने अमेठी में दर्जनों चुनावी चौपाल को किया संबोधित

**● अमेठी में स्मृति के विकास से भयभीत कांग्रेस को ढूढे नहीं मिल रहा प्रत्याशी - दद्दन मिश्रा**

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुल बाजार अमेठी।** श्रावस्ती से पूर्व सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता दद्दन मिश्रा ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के शुकुल बाजार मंडल एवं रानीगंज मंडल में दर्जनों जनसंपर्क चुनावी चौपाल को संबोधित किया। जिसमें प्रमुख रूप से पंडित संत प्रसाद सुरजनदीन महाविद्यालय में संयोजक संतोष तिवारी पप्पी, पूरे बडगाइन में संयोजक शक्ति कुमार रानू शुक्ला, शिवली में राम प्रताप तिवारी, दक्खिनगांव में राम जी श्रीवास्तव, पूरे शुक्लन में अरुण शुक्ला, भटमऊ में पीके तिवारी, हसनपुर तिवारी में रवि शंकर तिवारी के संयोजन में चुनावी चौपाल को संबोधित किया। साथ ही साथ अन्य ग्राम सभाओं में जनसंपर्क चुनावी चौपाल लगाकर जनमानस को संबोधित किया एंव क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों से मुलाकात करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन की भाजपा सरकार में देश और प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है, अमेठी सांसद स्मृति इरानी के नेतृत्व में अमेठी का सर्वांगीण विकास हुआ है, और अमेठी में स्मृति के विकास से डरी तथा चुनाव हारने के डर से कांग्रेस अभी तक अमेठी में प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाई है। उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि विकास की गति निरंतर बनी रहे इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें, उन्होंने सभी लोगों से शत् प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही गरीबों को निशुल्क अनाज मिल रहा है जो आगे मिलता रहेगा, किसानों को सम्मान निधि के तौर पर प्रति वर्ष 6 हजार मिल रहा है जो कि आगे मिलता रहेगा, उन्होंने कहा कि हर घर तक नल के जरिए पानी पहुंचाने का काम किया गया है ,प्रत्येक परिवार को शौचालय देने का काम भाजपा सरकार ने किया है, हर गरीब परिवार को पक्की छत मुहैया कराई गई है और आगे भी कराई जाएगी, उन्होंने कहा कि? हर घर तक गैस का कनेक्शन तथा विद्युतीकरण का काम भाजपा की सरकार में किया गया है, उन्होंने कहा कि किसानों ,नौजवानों, महिलाओं का हित सिर्फ और सिर्फ भाजपा में ही निहित है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वायनाड से अमेठी वासियों का अपमान कर रहे हैं, चुनाव हारने के बाद अमेठी से रिश्ता खत्म कर लिया अमेठी में एक दो बार छोड़कर कभी दिखाई नहीं दिए ऐसे में कांग्रेस अमेठी की जनता से उम्मीद ना करें, उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने 50 वर्ष तक अमेठी को लूटा और बदले में अमेठी को पिछड़ा पन दिया, अमेठी में जितना भी विकास हुआ है वह 2014 और 2017 के बाद हुआ है जिसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ अमेठी सांसद स्मृति इरानी को जाता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जीतने के बाद भी अमेठी का विकास नहीं किया और स्मृति इरानी ने हारने के बाद भी अमेठी और अमेठी वासियों का ख्याल रखा जिसके परिणाम स्वरूप 2017 में स्मृति इरानी अमेठी की सांसद बनी और अमेठी में अपना आवास बनाकर अमेठी की मतदाता बनाकर यह सिद्ध कर दिया कि अमेठी पर सिर्फ और सिर्फ स्मृति का हक है। और अमेठी की स्मृति सच्ची राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं, और अमेठी वासियों को अपने परिवार के सदस्य के रूप में मानती हैं जबकि गांधी परिवार ने ना ही अमेठी को अपना आशियाना बनाया और ना ही अमेठी का विकास किया ऐसे में उन्होंने आम जनमानस से अमेठी की जनता से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने धारा 370 की समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की भी चर्चा की और कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने के पथ पर अग्रसर है। इस दौरान प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पंडित राम उंजेरे शुक्ला, मीडिया विभाग जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक शुक्ला सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय और परिजनों का किया नाम रोशन

स्वतंत्र प्रभात




**शुकुल बाजार अमेठी।** रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में अच्छे अंक लाकर विद्यालय, अभिभावक एवं गुरुजनों का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला ने बताया कि हाई स्कूल में छवि शुक्ला द्वारा 83.83 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान हासिल किया गया। वहीं आंचल मिश्रा द्वारा 80. 5 प्रतिशत नंबर लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया गया, साम्भवी गुप्ता द्वारा 80 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया गया। वहीं इंटर मीडिएट में अभिषेक गुप्ता द्वारा 92.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय एवं परिजनों का नाम रोशन किया गया, साहिबा बानो द्वारा 89.41 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया गया, मोहम्मद साजिद द्वारा 88.4 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान हासिल किया गया विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला एवं प्रचार सुशील मिश्रा द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की गई। प्रबंधक ने कहा कि विद्या एक ऐसा धन है जिसे कोई चुरा नहीं सकता ऐसे में सभी विद्यार्थी मन लगाकर विद्यालय, गुरू और अपने परिजनों का नाम रोशन करते हुए अपने उज्जवल भविष्य हेतु मन लगाकर पढ़ाई करें, प्रबंधक एवं प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के कामना की।

# जनता मोदी को अपना पूरा आशीर्वाद दे रही है-जेपीएस राठौर

**● कौओं का झुंड है विपक्षी गठबंधन, भाजपा हंसों का जोड़ा बोले पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल**

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोई-** चुनाव पूर्व नेताओं की एक दल से दूसरे दल जाने की आम बात हो गई है, ऐसी ही एक बयार हरदोई के नारायण धाम बारात घर में हुए एक कार्यक्रम में देखने को मिली। भाजपा सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल की मौजूदगी में हजारों की तादाद में सपा बसपा से आए नेताओं और उनके समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करी। इस मौके पर नरेश अग्रवाल ने राहुल और अखिलेश को निशाने पर लेते हुए विपक्षी गठबंधन को कौए का झुंड बताया। उन्होंने लोकसभा प्रत्याक्षी जय प्रकाश से मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्हें जय प्रकाश से कभी कभार जलन होती है कि वह सातवीं बार सांसद बनने जा रहे है। वह भाग्यशाली है कि मोदी के नेतृत्व में उन्हें जनता का अभूतपूर्व आशीर्वाद मिल रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर का स्वागत मंत्री नितिन अग्रवाल ने किया। मंत्री जेपीएस राठौर ने भाजपा परिवार में शामिल हो रहे अन्य दलों से आए नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा का पहला चरण समाप्त हो चुका है। जनता के आशिर्वाद से भाजपा के पक्ष में मतदान की जो आंधी चल रही है उससे विपक्ष के पेट में मरोड़ उठने लगी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी का हो वह देवतुल्य है, अपने खून पसीने से पार्टी को सींचता है पर जब उस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सिर्फ अपने परिवार और रिश्तेदारों का ही ध्यान रखे तो ऐसे में उस कार्यकर्ता पर क्या बीतती होगी। उन्हीं विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ता अपने नेताओं के भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति से परेशान होकर भाजपा का दामन थाम रहे है। उन्हें मालूम है कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जहां कार्यकर्ता का सही में सम्मान मिलता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके सबसे बड़े उदाहरण है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों के शहजादे देश के प्रधानमंत्री पद पर एक आम आदमी को बैठा देख हजम नहीं कर पा रहे है। वह आम आदमी उनके भ्रष्टाचार को खोदकर लूटे हुए पैसे निकाल जनता की भलाई में खर्च कर रहा है। देश के अनवरत विकास की मोदी ने जो गारंटी ली है उस पर जनता का अभूतपूर्व विश्वास पिछले दस सालों से कायम है।

मंत्री जेपीएस राठौर ने अन्य दलों से शामिल हुए सदस्यों को पार्टी को हर बूथ पर जिताने का संकल्प दिलाया। कहा कि हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है उसे पूरा करने के लिए एक एक वोट को बाहर निकाल भाजपा के पक्ष में मतदान कराना है।इस अवसर पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि सनातन को नकारने वाले आज नकली हिंदू बनकर मंदिर के चक्कर लगा रहे है, पर जब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिला तो उसे सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने तुष्टिकरण की राजनीति के लिए भगवान राम का अपमान करना उचित समझा।

मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर आमजन और दूसरे दलों के नेताओं का भाजपा में विश्वास बढ़ता जा रहा है। आज जहां कांग्रेस, सपा, बसपा एक ओर कमजोर होती जा रही है, वहीं भाजपा का कारवाँ, अधिक सशक्त और मजबूत होता जा रहा है।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि भाजपा सरकार में आवास, शौचालय, बिजली, सड़क, पानी, गैस सिलेंडर जैसी मूलभूत आवश्यकताएं जन जन तक पहुंची है। भाजपा सरकार ने गरीब को मुफ्त राशन और उत्तम स्वास्थ्य के लिए पांच लाख का आयुष्मान कार्ड देकर जीवन को सरल बनाया है। राष्ट्रहित में भी भाजपा ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर ऐतिहासिक कार्य किया। कहा कि भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी कांग्रेस विलुप्त और सपा बसपा का हरदोई में अब कोई नाम लेने वाला नहीं रह जाएगा। युवा भाजपा के साथ था और जो भटका हुआ युवा था वह भी पीएम मोदी और सीएम योगी की नीतियों से प्रभावित होकर उनके कंधों को और मजबूत करने के लिए साथ आगया है।

## बीमारी से तंग आकर युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**शाहाबाद हरदोई ।** उधरनपुर मोहल्ले में बीमारी से तंग आकर एक 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उधरनपुर निवासी शिवानी 19 वर्ष पुत्री कमल किशोर पिछले काफी दिनों से मानसिक रूप से बीमार थी। बीमारी के चलते शिवानी काफी परेशान रहती थी। 8:00 बजे के लगभग उसने कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों को जैसे ही पता चला। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# अग्निशमन केंद्र बनकर तैयार, चलने का हो रहा इंतजार


स्वतंत्र प्रभात

**सफीपुर (उन्नाव)।** कस्बे से महज 5 किमी दूर बनवाया गया लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बना अग्निशमन केंद्र महकमे की हीलाहवाली के चलते विरान पड़ा है। क्षेत्र में आए दिन आग लगने से करोड़ों के नुकसान की परवाह किए बगैर विभाग कुम्भकरणीय नींद में सोया हुआ है।

बताते चलें कि सफीपुर कस्बे से 10 करोड़ की लागत से बनाया गए अग्निशमन केंद्र का प्रशासनिक भवन तीन माह पूर्व ही पूर्ण कर विभाग को सौंप दिया गया था, जिसके बाद आरआई व एफएसओ ने टीम के साथ निरीक्षण कर फरवरी माह में वाहन उपलब्ध करा शुरू करने का आश्वासन भी दिया था, पर न वाहन पहुंचे न स्टाफ जिसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र में ही गेहू की फसले आग के हवाले होकर राख में तब्दील हो रही है, फायर स्टेशन उन्नाव तथा फायर स्टेशन बांगरमऊ से दमकल गाड़ियां आने में समय लग जाता है फसल जलकर राख हो चुकी होती है।

**बृजपालपुर में 10 करोड़ की लागत से बना है अग्निशमन केंद्र**

विकास खंड क्षेत्र सफीपुर से महज 5 किमी दूर बृजपालपुर गाव में पुलिस आवास निगम द्वारा 10 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले अग्निशमन केंद्र का कार्य 2020 मे शुरू किया था। विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि के क्रम में सबसे पहले बनाए गए प्रशासनिक भवन में कार्यालय के अलावा ड्यूटी पर मौजूद रहने वाले 20 जवानों के रहने की 2 बैरक व्यवस्था पूरी की गई .केंद्र संचालन के दौरान उपलब्ध रहने वाले छह बड़े व चार छोटे वाहनों को पानी उपलब्ध कराने वाला एक ट्यूबवेल तैयार किया गया है। जेई प्रकाश के मार्ग दर्शन में कराए गए कार्य में 6 बड़े व 4 छोटे वाहनों के अलावा 50 से अधिक कर्मचारी की मौजूदगी भर



समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई थी। जिसके सत्यापन हेतु चार माह पूर्व आर आई व एफ एस ओ की मौजूदगी में टीम ने निरीक्षण कर फरवरी 2024 में केंद्र की शुरुआत करने के संकेत दिए थे.पर तीन माह पूर्व निर्माण पूर्ण कर भवन विभाग को सौंप दिया गया पर लोगो को मिलने वाली सुविधा का शुभारंभ नही किया गया .इस संबंध में उपजिलाधिकारी नवीनचंद्र ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से बात कर जल्दी सुविधा उपलब्ध कराने की शुरूआत की जाएगी।

# चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

स्वतंत्र प्रभात

**बांगरमऊ (उन्नाव)।** नगर के प्रमुख मार्ग उन्नाव हरदोई रोड पर अज्ञात चोरों ने शुक्रवार की रात तीन घरों को निशाना बनाया। चोर एक मकान से दो हजार रुपए और दो मोबाइल सेट तथा दूसरे मकान से अलमारी तोड़ कर नगदी और सोने चांदी के जेवर सहित करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी कर ली तथा तीसरे मकान की अलमारियां खंगालने के बाद चोर भाग निकले। गृह स्वामियों को आज सुबह घटना की जानकारी हो सकी।

जानकारी के अनुसार उन्नाव हरदोई मार्ग पर मोहल्ला कटरा निवासी मोईन पुत्र याकूब अली उर्फ मुनारे द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह बीते शुक्रवार की रात अपने परिजनों के साथ मकान की निचली मंजिल में गहरी नींद में सो रहा था। तभी रात में किसी समय अज्ञात चोर मकान के पिछवाड़े स्थित नाले से होकर उसकी ऊपरी मंजिल पर चढ़ आए और कमरे में रखी अलमारी का लाक तोड़ दिया। चोर अलमारी में रखी पचास हजार रुपए नगदी और जेवर पांच लाख रुपए कीमत के चेन, अंगूठी,झूमर, नथनी व पायल आदि सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिया। इसके अलावा चोर पड़ोसी मोहसिन पुत्र अजीम बक्श के घर से पैंट की जेब में पड़े दो हजार रुपए नगदी और दो मोबाइल सेट चोरी करने के बाद बगल के ही सपा नेता याकूब अली सिद्दीकी की दूसरी मंजिल में घुस आए और करीब आधा दर्जन लकड़ी की अलमारियों को खोल कर देखा। किंतु चोरों को उनके घर में कोई कीमती सामान नहीं मिल सका। तीनों घर खंगालने के बाद चोर भाग निकले। आज सुबह गृह स्वामियों को घटना की जानकारी हो सकी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले बच्चों को दी बधाई



स्वतंत्र प्रभात

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी किए हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के परीक्षा परिणामों की घोषणा के उपरान्त विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

इसी क्रम में शहर क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर स्थित मैचलेस विद्या मंदिर इण्टर कालेज में हाईस्कूल परीक्षा में प्रियान्शु साहू ने 92.3 प्रतिशत, प्रभात द्विवेदी ने 90.5 प्रतिशत, अंजली यादव ने 90.3 प्रतिशत, अभिसारिका यादव ने 89.9 प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में अनुष्का यादव ने 88.2 प्रतिशत, श्रेयांश शुक्ल ने 86.6 प्रतिशत, तनु यादव ने 85.6 प्रतिशत, लकी यादव ने 84.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय तथा जनपद का मान बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

# अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई मिनी बस, डीएम ने दिए तत्काल राहत के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**उन्नाव।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तहसील क्षेत्र बांगरमऊ तथा लगभग 05 बजे तहसील क्षेत्र हसनगंज के औरास में हुई वाहन दुर्घटनाओं का जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लिया गया तथा अधीनस्थों को तत्काल राहत एवं बचाव का कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा है कि प्रभावितों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी घायलों को समुचित इलाज की सुविधा प्रदान की जाए।

बताते चलें कि तहसील क्षेत्र बांगरमऊ में कि0मी0 संख्या 251 पर एक मिनी बस संख्या एचआर55ए7287 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुई। यह मिनी बस गुड़गांव से जौनपुर शादी में शामिल होने के लिए जा रही थी। ड्राइवर को नींद आने के कारण मिनी बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस बस में सवार 24 लोग घायल हो गए थे, जिनको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांगरमऊ भेजा गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल, उन्नाव रेफर कर दिया गया है। घायलों में से एक व्यक्ति सीरियस था, जिसकी मृत्यु हो गयी है। घायलों को सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज की उपस्थिति में भर्ती कराया गया है, जहां उनका समुचित उपचार किया जा रहा है। मृतक व्यक्ति का नाम रविन्द्र पुत्र महिपाल है, ये बागपत के रहने वाले व पेशे से कैमरामैन थे। इनके पोस्टमॉर्टम की कार्यवाही प्रचलन में है। तहसील क्षेत्र हसनगंज के औरास में प्रातः लगभग 05 बजे कि0मी0 संख्या 283.500 पर एक टैम्पो टैउब्रलर गाड़ी संख्या एचआर38जेड6025 डिवाइडर से टकरा जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुयी, जिसमें एक ही परिवार के 12 लोग सवार थे। जो नई दिल्ली से अपने मूल निवास जिला सिवान, बिहार जा रहे थे। इनमें से एक महिला मोजाहेदुन खातून पत्नी समशाद खान, उम्र 65 वर्ष मूल निवासी सुरबीर थाना महाराजगंज जिला सिवान, बिहार को अस्पताल पहुचाने पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला के शव को उसके परिवार वालों को सुपुर्द कर दिया गया और शेष लोगों को हल्की चोटें आयीं, जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, औरास से करा दिया गया है, जो महिला के शव को लेकर साथ में चले गए हैं। किसी भी प्रकार की शान्ति व्यवस्था संबंधित कोई भी अप्रिय घटना मौके पर उत्पन्न नहीं हुयी।

# छात्रा सुरभि ने इण्टर में प्रदेश में अर्जित किया आठवां स्थान

**● - छात्रा शिवानी चौरसिया ने इण्टर में अर्जित किये 93 प्रतिशत अंक**

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** उत्तर प्रदेश बोर्ड ने शनिवार को दोपहर 2 बजे 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर परिणाम देखे जाते रहे। जो यह सिलसिला देर शाम तक लगातार जारी है। रिजल्ट घोषित होने के बाद एक साथ लाखों लोगों के रिजल्ट देखने से साईट भी काफी स्लो चलती रही। वहीं बांदा जिले में स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की उत्कृष्ट छात्रा सुरभि सविता ने यूपी में शीर्ष दस में आठवां स्थान प्राप्त किया। सुरभि ने अपने इंटरमीडिएट परीक्षा में 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य अमित सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए मिठाई बांटी।

इसी प्रकार जनपद की होनहार छात्रा व वरिष्ठ अधिक्ता विवेक रंजन चौरसिया की पुत्री शिवानी चौरसिया ने इण्टर मीडिएट में 93 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। वह भी शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज की छात्रा हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने अपने गुरूजनों के अलावा अपने पिता शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक रंजन चौरसिया को दिया है।

उधर अपनी पुत्री की सफलता के गदगद वरिष्ठ अधिवक्त ने अपने अधिवक्ता साथियों को मिठाई खिलाकर खुशी जताई है तथा उनके साथी अधिवक्ताओं ने उनको बधाई दी है। इसी प्रकार शहर के बंगाली पुरवा निवासी अमित कुमार त्रिपाठी के पुत्र अनुज त्रिपाठी ने भी यूपी बोर्ड की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। इसी तरह शहर के बबेरू रोड में स्थित श्रीकृष्णा आइडियल के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष श्रीकृष्णा आइडियल हाईस्कूल से स्कूल के छात्र/छात्राओं ने हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में लहराया विद्यालय का परचम विद्यालय की छात्रा जान्हवी 96 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान पर रही। छात्र राहुल 92 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान पर तथा छात्र नरेश 91 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रबन्धक सौरभ कुमार ने छात्र/छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी अंकित अग्निहोत्री ने दी है। इसी प्रकार अतर्रा के ब्रह्म विज्ञान इण्टर कालेज अतर्रा के हाईस्कूल में आदेश सिंह पटेल 95.67 प्रतिशत, धनंजय गुप्ता 95.5 प्रतिशत, धीरज कुमार 94.67 प्रतिशत, प्रिंस-93.83 प्रतिशत, अनुज पटेल 93 प्रतिशत, आदर्श सिंह 90.13 प्रतिशत, भैरमदीन 87.5 प्रतिशत, स्वाती 85.8 प्रतिशत, आर्यन 85.1 प्रतिशत, शालू 83.5 प्रतिशत, लीलावती 81.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।

# गौशाला के लिए किसान ने दान किया सौं कुतल भूसा

**● - डीएम की पहल पर आगे आया किसान**

स्वतंत्र प्रभात



**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में भूसा दान महा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत आज इंद्राणी ब्लॉक ग्राम पंचायत पोहार मे संचालित स्थाई गौशाला ग्राम पंचायत अमलोर निवासी किसान जय करण सिंह ने लगभग 100 कुंतल भूसा दान किया इस मौके में विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे और उन्होंने दान करने वाले किसान को माला पहनकर और अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया गोपूजन कार्यक्रम भी किया गया किसान जय करण सिंह ने सभी किसानों से अपील की आप सभी भी आ गया कर अपने क्षेत्र से संबंधित गौशाला में ज्यादा से ज्यादा भूसा दान करें जिससे गौ माता को भूख से बचाया जा सके गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी महोदय जी के द्वारा लगातार अनेक सामाजिक कार्य किया जा रहे हैं और इसी के तहत भूसा दान महा अभियान भी किसानों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है। आगे जिला अध्यक्ष ने बताया कि वह रक्षा समिति के द्वारा भी लगातार किसानों के बीच में जाकर भूसा दान की अपील की जा रही है कि आप ज्यादा से ज्यादा गौशाला में जाकर भूसा दान करें क्योंकि गोवंश संरक्षित होने पर किसानों का फायदा हो रहा है। इस मौके में गौशाला संचालक नंदकिशोर प्रजापति एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग से जलकर हुई खाक

**● -ट्यूबवेल के पानी से आग पर पाया काबू**

स्वतंत्र प्रभात




**बबेरू/बांदा।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत कमासिन थाना क्षेत्र के कुमेढा सानी गांव के कदोहर पुरवा में हाई टेंशन विद्युत लाइन की शार्ट सर्किट से गांव के रहने वाले कालीचरण यादव पुत्र गोवर्धन यादव के गेहूं के खेत में आग लग गई। जैसे ही ग्रामीणों ने आग की लपटे देखा तो फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दिया। लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा, तो ग्रामीणो ने पास पर लगे ट्यूबवेल के पानी से बाल्टी और डिब्बों के सहारे काफी देर कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक तीन बीघे की गेहूं की फसल जलकर खाक हो चुकी थी। वही ग्रामीणों ने लेखपाल को सूचना दिया, मौके पर पहुंचे लेखपाल के द्वारा जली हुई फसल का मौका मुआयना जांच पड़ताल किया है। वही पीड़ित किसान कालीचरण यादव ने शासन प्रशासन से जली हुई फसल की मुआवजे की मांग किया है।

# निर्वाचन प्रभावित कराने वाले के विरूद्ध होगी कार्यवाही: मुख्य कोषाधिकारी

**● - कंट्रोल रूम में दर्ज करा सकते हैं शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** मुख्य कोषाधिकारी बांदा ने बताया है कि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिये उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु के रूप में कोई परितोष देता है या लेता है, वह एक वर्ष के तक के कारावास या जुर्माने या दोंनों से दण्डनीय होगा। इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है। उडनदस्ते रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के विरुद्ध मामले दर्ज करने के लिये और एसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिये गठित किये गये है जो निर्वाचकों को डराने और घमकाने में लिप्त है। सभी नागरिकों से एतदद्वारा अनुरोध किया जाता है कि वे रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति कोई रिश्वत की पेशकश करता है या रिश्वत और निर्वाचकों को डराने/घमकाने के मामलों की जानकारी है तो उन्हे शिकायत प्राप्त करने के प्रकोष्ठ के टाल फ्री नम्बर 1950 पर सूचित करना चाहिये। उक्त के अतिरिक्त जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट भवन, बाँदा में स्थापित शिकायत



अनुवीक्षण नियंत्रण एवं काल सेण्टर की हटिंग लाइन के दूरभाष के नम्बर 05192-297257, 05192-297258,05192-297259, 05192-297260 तथा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के प्रभारी मुख्य कोषाधिकारी बाँदा के मोबाइल नम्बर 8765923635 पर भी शिकायत की जा सकती है।

# छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

**नरैनी/बांदा।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रक्सी स्थित मसनी विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा मतदान के लिए जागरुकता रैली निकाली गई। इसी प्रकार से कस्बे में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। शनिवार को मसनी में मौजूद उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चो के द्वारा हाथो में तख्तियां लेकर ग्रामीणों को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया।इस दौरान मौके पर मौजूद ग्राम पंचायत अधिकारी शशि कुमार पांडे,और खंड शिक्षा अधिकारी रविंद्र वर्मा की मौजूदगी में सभी स्कुली बच्चो को रवाना किया गया।बच्चे अपने हाथो में तख्तियां लेकर स्लोगन के जरिए अधिक से अधिक मतदान की अपील करते रहे।ग्राम पंचायत अधिकारी शशि



प्रकाश पांडे ने बताया की गांव में आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराना और प्रतिशत बढ़ाना लक्ष्य है।इस दौरान ग्राम प्रधान रविकांत कुशवाहा,सहायक अध्यापक अरिमर्दन सिंह,अनुराग गौतम,रजनीश कुमार, अनुदेशक विनय कुमार,आदि लोग मौजूद रहे।इसी क्रम में नगर पंचायत कर्मियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कस्बे में रैली का आयोजन किया गया।

# दबंग ने किया जमीन पर कब्जा, पीड़ित ने लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात

**नरैनी/बांदा।** गांव के दबंग के द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा कर लिया गया।पीड़ित परिवार सहित क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर भय का माहौल कायम किए। दबंग के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।



जानकारी के अनुसार गिरवा थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव के रहने वाले राम स्वरूप पुत्र कामता प्रसाद परिवार सहित क्षेत्राधिकारी अंबुजा त्रिवेदी के सामने प्रस्तुत होकर बताया की गांव का रहने वाला जादूगर सुरेश कुमार लगातार भय का माहौल बनाए हुए है।बस्ती क्षेत्र से लगे भूभाग गाटा संख्या 063 रकबा 1.092 पर बीते वर्षों से कब्जा कर जमीन में कई जगह निर्माण कार्य करवा चुका है।रोकने पर परिवार के लोगो को भय दिखा रहा हैं बताया की दबंग सुरेश कुमार द्विवेदी जालसाज व्यक्ति है।लोगो की जमीनों का सौदा करा दलाली का कार्य करता है।लोगो को फर्जी तरीके से अपने जालसाजी में फसाकर पैसे ऐंठने का कार्य काफी लंबे समय से करता चला आ रहा है।पीड़ित परिवार ने बताया की दबंग सुरेश आए दिन जानमाल की धमकियां देकर फर्जी केश में जेल भेजने सहित कही भी जमीन की शिकायत दर्ज करवाने पर फर्जी तरीके से जेल भेजने की धमकियां दे रहा है। लगातार दबंग के कारनामों से तमाम लोग भयभीत होकर मुंह नही खोल पा रहे है।बताया की अन्य कई लोगो को पूर्व में जमीन की सौदेबाजी करा रुपए हड़प चुका है। जानमाल की सुरक्षा की मांग क्षेत्राधिकारी ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दे दबंग के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अज्ञात कारणों से लगी खेतों में आग से फसल जलकर राख

**अचलगंज (उन्नाव)।** थाना क्षेत्र अचलगंज के गौरी त्रिभानपुर में खेतों में भीषण आग लगने से किसानों की कटी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन समय से फायर ब्रिगेड न पहुँचने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त रहा। बताते चलें कि शनिवार दोपहर तीन बजे के लगभग अचलगंज थाना क्षेत्र के गौरी त्रिभानपुर में गेहू के खेतो में आग लग गई। लपटें देख ग्रामीणों को आग लगने की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही आसपास के इंजनों को चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया। दोपहर में हवा और सूखी फसल के कारण लगभग बीस बीघा से अधिक खेत चपेट में आ गए। कई किसानों ने कंपाइंड से गेहू तो कटवा लिए थे लेकिन भूंसा अभी तक नही बन सका था।आग लगने से किसानों के जानवरों का चारा जल गया। जबकि कई किसानों ने कटी फसल खेत में पड़ी थी जो जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान विनोद यादव ने बताया कि फायर ब्रिगेड को फोन करने के एक घण्टे बाद भी नही पहुची। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश रहा। विनोद यादव ने बताया कि लेखपाल और संबंधित अधिकारियों को आग के संबंध में सूचना दे दी गयी। अधिकारियों को मौके पर बुलाकर आर्थिक नुकसान का आंकलन कर किसानों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा।

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ रामोत्सव



**उन्नाव।** कचहरी कंपाउंड में विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के संयोजन में धूमधाम से रामोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आरती सुंदरकांड व प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के त्याग व समर्पण पर प्रकाश डाला। साथ ही बार एसोसिएशन के महामंत्री नरेंद्र कुमार दीक्षित द्वारा अपने संबोधन में कहा कि प्रभु राम सामाजिक व पारिवारिक रूपरेखा के प्रतिबिंब है। धन्यवाद संबोधन में जिला संयोजक अवनीश चंद्र वर्मा एडवोकेट ने कहा कि सनातन धर्म का प्रादुर्भाव ही भगवान श्री राम है। राम उत्सव कार्यक्रम में सत्येंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, प्रदीप शुक्ला एडवोकेट, विष्णु राम पांडे एडवोकेट, बी0एम0 वाजपेई एडवोकेट, जितेंद्र कुमार एडवोकेट, संदीप यादव एडवोकेट, कार्तिकेय सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लाखों रुपए लागत से बना आरओ बना शो पीस

**पुरवा (उन्नाव)।** पांच साल पहले, सात लाख की लागत से तहसील मुख्यालय में आर ओ आधारित मिनी पेयजल योजना के तहत लगे प्लांट से लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। वर्ष 2019 में मिनी पेयजल योजना के तहत तहसील मुख्यालय पर जल निगम ने 7.24 लाख से आरओ प्लांट लगवाया था। हालांकि, आरओ प्लांट एक दिन भी नहीं चल सका। अधिवक्ताओं में अजय मिश्रा, श्याम लाल सोनी, अरुण मिश्रा, रेवा शंकर रावत, शैलेंद्र तिवारी, अंकित, सलमान, लोमस पांडेय व श्रीराम यादव ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर आने वाले फरियादियों को पानी नहीं मिल पा रहा है। सितंबर 2023 को नगर पंचायत प्रशासन द्वारा बुलाए गए इंजीनियर ने प्लांट की जांच की थी, जिसमें फिल्टर चोक मिले थे। साथ ही मोटर जाम पाई गई थी। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि आरओ प्लांट को सही कराने के लिए जल निगम को पत्र भेजा है। साथ ही तहसील में पानी पीने के लिए दो घड़े रखवाए जाएंगे। सवाल ये उठता है कि आखिर जनता के पैसों से जनता के लिए लगाए गए आर ओ चलते क्यों नही और यदि उनमें कुछ खराबी आती है तो सालो तक उनकी मरम्मत क्यों नही होती ये एक बड़ा सवाल है।

## एक युवक ने आम के पेड़ से फाँसी लगाकर की आत्म हत्या

**जसपुरा/बाँदा।** थाना जसपुरा क्षेत्र के बजरंग डेरा मजरा नारायण में एक युवक ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर जान दी। जय सिंह पुत्र जगराम यादव 45 वर्ष निवासी बजरंग डेरा मजरा नारायण ने कल दोपहर में अपने डेरा ट्यूबेल में पहुँचकर आम के पेड़ में अपनी साफी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर जान दे दी वही मृतका जय सिन्ह के चाचा बलवान सिंह ने बताया कि कल दोपहर में जय सिंह अपने घर से ट्यूबेल गया था उसी समय आम के खड़े पेड़ पर अपनी ही साफी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर जान दे दी मृतका दारू पीने का आदी बताया गया है और घर पर किसी भी प्रकार का कोई कहा सुनी नही हुई है ।मृतका चार भाइयो में से सबसे बड़ा था छोटे भाई शिव सिंह, मानसिंह,ज्ञान सिंह,पुतगण जगराम यादव है ये तीन भाई एक बहन शिवकान्ति जो विवाहित हैं घटना की सूचना थाना जसपुरा में दी गई ।पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुची। वही थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह रजावत ने बताया कि प्रथम द्रष्टया आत्म हत्या बताया जाता है फिर भी सही जानकारी पीएम रिपोर्ट के आने पर ही सही पता चलेगा जांच कि जा रही है।

## टेंपो को बस ने मारी टक्कर, टेंपो खाई पर पलटी 10 लोग घायल

**बांदा।** ओरन कस्बे से सवारी से भरी टेंपो बबेरू जा रहे थे तभी भूलने पुरवा गांव के पास टेंपो को पीछे से बस ने साइड से टक्कर मार दिया जिससे टेंपो खाई में पलट गई जिसमें टेंपो में सवार 10 लोग घायल हो गए जिनका रैगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से गंभीर रूप से घायल संदीप कुमार पुत्र राममिलन 19 वर्ष प्रेम लाल पुत्र रहित उम्र 45 वर्ष घनश्याम पुत्र तंतु प्रसाद 45 वर्ष संजय पुत्र शिवपूजन उम्र 16 वर्ष सुशील पुत्र राम निहोर 18 वर्ष निवासी बाघ हुआ पुराण प्रसाद पुत्र रघुराज 53 वर्ष निवासी गुजैनी थाना मरका रामपाल पुत्र सोनवा उम्र 65 वर्ष से निवासी चिलौला यह गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं तीन लोगों को मामूली चोटे आई हैं सभी गंभीर रूप से घायलों को बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद संदीप कुमार प्रेमलाल घनश्याम पुराण प्रसाद रामपाल की गंभीर चोट लगने की वजह से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## गेहूं खरीद को लेकर एसडीएम की मुहिम लाई रंग

- घर घर जाकर किसानों को किया प्रेरित
- पहले दिन पांच सौ कुंतल गेहूं की हुई खरीद

**पैलानी/बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्रा ने निवाईच गांव पहुंचकर घर-घर जाकर बड़े किसानों का गेहूं खरीदने के लिए किसानों के बीच पहुंचकर आवाज बुलंद की वहीं निवाईच गांव के किसान अगम सिंह, अमन सिंह, गुरु प्रसाद, वकील आदि किसानों से 500 कुंतल गेहूं की खरीद डोर टू डोर किया, वहीं एसडीएम ने बताया कि खप्टिहाकला स्थित गेहूं खरीद केंद्र में किसान बढ़-चढ़कर गेहूं की तौल करा रहे हैं और उनका रूपया भी खातों में पहुंच रहा है साथ ही साथ उन्होंने तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जसपुरा गेहूं खरीद केंद्र में भी किसानों द्वारा गेहूं की तौल कराई जा रही है इस दौरान नायब तहसीलदार पैलानी मोहम्मद मुस्तकीम भी मौजूद रहे

## अवैध तमंचा के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

- अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना बदौसा पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना बदौसा क्षेत्र के साधौपुर से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद करते हुए थाना बदौसा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कमलेश वर्मा पुत्र महेश्वरी वर्मा निवासी हरिजन आबादी तिन्दुरा थाना बिसण्डा जनपद बांदा है।

## अवैध तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में देर रात्रि थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान शंकर नगर गौशाला के पास से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सतेन्द्र वर्मा पुत्र कामता निवासी शंकर नगर कस्बा व थाना तिन्दवारी जनपद बांदा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भाजपा प्रत्याशी ने तूफानी दौड़ाकर जनता से सहयोग मांगा



**बरेली/बरेली** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार ने आज ब्लॉक भदपुरा के दर्जनों ग्रामों में दौड़ा करके नुक्कड़ सभाएं की यह कार्यक्रम भदपुरा ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार के साथ किया इसमें ग्राम पंचायत जासपुर अलैहिया कटिया बलदेव सिंह लम्खेडा चौखंडी मटकापुर जगराजपुर गुलरिया महीपत सुंदरी सुंनौर जावेदा मधु नगला अमरपुर नकटी नारायणपुर सिठौरा अबदला अमीर नगर बाहर जागीर समेत दो दर्जन से अधिक ग्रामों में नुक्कड़ सभाएं कर प्रत्याशी ने जनता से सहयोग की अपील की इस मौके पर भदपुरा ब्लॉक प्रमुख पति रवि शंकर गंगवार ने देश वा प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भदपुरा की जनता से अपील की उन्होंने आज तक जिस तरह भाजपा का साथ देने में अपना परचम लहराया है उसे बनाए रखें इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा पुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार विशाल गंगवार भदपुरा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार गंगवार एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे

### शारदानगर पुलिस द्वारा वाछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया




**लखीमपुर खीरी** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्ग दर्शन में थानाध्क्ष बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा चकई पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वाछित अभियुक्त का विवरण। पिंकू पुत्र रमाकान्त निवासी ग्राम रैंगवा थाना शारदानगर जनपद खीरी। अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत अभियोग का विवरण। मु0अ0सं0 62/2024 धारा 376(3)/305 भादवि व 4(2) पास्को एक्ट 3(2)(5) स्ट/स्ज्ञ ष्ह थाना शारदागनर खीरी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 अम्बेश्वर दत्त त्रिपाठी थाना शारदानगर खीरी 2. हे0का0 राजीव यादव थाना शारदानगर खीरी 3. हे0का0 संजय कुमार थाना शारदानगर खीरी

### पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**लखीमपुर खीरी।** शहर के मोहल्ला संकटा देवी निवासी इमरान खान ने बताया कि वह 01 नवंबर 2022 को मोहल्ले के ही अपने साथी खुर्शीद अली के साथ बाइक से रामापुर बाजार जा रहा था। लखीमपुर-बहराइच रोड पर नहर पटरी के पास पीछे से गांव बड़ागांव निवासी आफाक खां, एतसाम, रामापुर निवासी गुफरान खां अपने एक अन्य अज्ञात साथी के साथ आ गए और पुरानी रंजिश के कारण आफाक खान ने अपनी लाइसेंसी राइफल से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली कनपटी के बगल से निकल गई और वह बाल-बाल बच गया था। गोली चलाने के बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग निकले।

सदर कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों को नामजद कर अक अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके अलावा गुंडा एक्ट का भी एक वाद सरकार बनाम गुफरान खां जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रहा है, जिसमें भी वह (इमरान खान) वादी है। उन्होंने बताया कि आरोपी गुफरान खान गुंडा एक्ट के मामले में उन पर बराबर सुलह का दबाव बना रहा है। सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कहता है कि तुमको अपनी जान प्यारी हो तो मुकदमे में सुलह कर लो नहीं तो हम तुम्हे स्वयं जान से मार देगें या सड़क दुर्घटना करवाकर मरवा देगे। उसने अपनी जान का खतरा जताते हुए सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रकरण की जांच एसआई दिनेश कुमार शुक्ला को सौंपी गई है।

# फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगाकर किया जा रहा शिकायत का निस्तारण


● वह बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग आरोपी को ही बना दिया जांच अधिकारी

● यदि लगाया जा रहे आप फर्जी हैं तो उक्त मीना कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पर शहरी कला के अंक पत्रों की जांच कराई गई या फिर सहायिका श्रीदेवी के अंक पत्र सत्य व सही हैं।

● यदि इनका संरक्षण नहीं है तो उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं के विरुद्ध परियोजना अधिकारी के द्वारा कार्यवाही क्यों नहीं की गई।

स्वतंत्र प्रभात

नित्यानंद बाजपेई


प्रेषक,
बाल विकास परियोजना अधिकारी
फूलबेहड़—खीरी।
सेवा में,
जिला कार्यक्रम अधिकारी
लखीमपुर—खीरी।
पत्रांक:— 67 /बा०वि०प०रि०/आं०बा०रथा०/2024—25 दिनांक:— 08/05/24
महोदय,
कृपया आनलाइन आई०जी०आर०एस० संदर्भ संख्या 400153204010457 दिनांक 02.04.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। [illegible]
उपरोक्त के क्रम में सादर अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी से पहले कभी भी शिकायतकर्ता द्वारा उक्त के सम्बन्ध में शिकायत नहीं की गयी है। [illegible]
अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री श्रीमती मीना कुमारी एवं आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती देवी के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच कराने एवं आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
संलग्नक:—
1. शिकायती प्रार्थना पत्र की छायाप्रति।
2. श्रीमती मीना कुमारी आं०बा०का०के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति।
3. श्रीमती देवी आं०बा०स०के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति।
भवदीया
बाल विकास परियोजना अधिकारी
फूलबेहड़—खीरी।

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड फूलबेहड के अंतर्गत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का है ।जहां पर शासन को आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ता द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं पर फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी करने के आरोप लगाते हुए फर्जी अंक पत्रों पर कार्य संलग्न आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने तथा उक्त दोनों के अंक पत्रों की जांच कराए जाने की मांग की गई थी।और उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं के विरुद्ध कार्यवाही ना करके इनका संरक्षण देने के आरोप परियोजना अधिकारी फुल बेहड पर लगाए गए थे। इस मामले की दर्जनों खबरें भी प्रकाशित हुई थी। और मामला सीडीपीओ फुलबेहड पूजा त्रिपाठी के संज्ञान में भी लाया गया था। लेकिन जब सब कुछ जानते हुए मामले में कोई कार्यवाही न होने पर आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत में सबसे अहम मामला यह हुआ कि उक्त शिकायत में सी डी पी ओ पर ही फर्जी अंक पत्रों पर कार्य करने वाली कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं को संरक्षण देने के आरोप लगाए गए थे। और जांच उसी अधिकारी को सौंप दी गई जिस पर आरोप लगाए गए थे। और उसी अधिकारी ने अपना पक्ष बचाते हुए फर्जी और भ्रामक आख्या लगाकर शासन प्रशासन व अपने अधिकारियों को गुमराह कर दिया।

जबकि उक्त सीडीपीओ के अंतर्गतकई आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाएं फर्जी संदिग्ध हालत में आज भी कार्यरत है ।और सीडीपीओ द्वारा उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है ।इसे इनका संरक्षण नहीं कहा जाएगा तो क्या कहा जाएगा ?और यदि इनका संरक्षण नहीं है तो इनके ऊपर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। उक्त मामला चर्चा का विषय बना है ।अब देखना यह है कि मामले में कार्यवाही की जाएगी या फिर यूं ही मनमानी भ्रामक आख्या लगाकर फर्जी अंकपत्रों पर नौकरी करने वाली आंगनबाड़ी एवं सहायिकाओं को संरक्षण दिया जाता रहेगो।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने की रहेगी पहली प्राथमिकता- आनंद भदौरिया

स्वतंत्र प्रभात



**बरवर खीरी** – बीते दिन बृहस्पतिवार को सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा मोहम्मदी के अंतर्गत बरखेरिया जाट सुनौआ सेण्डा पसगवां सुखवसा गौरिया अजेहरा तेन्दुआ सहिजना आदि गांवों में चुनावी नुक्कड़ सभा कर इंडिया गठबंधन के पक्ष में समर्थन करने की अपील की इस दौरान सपा नेता पूर्व सांसद दाऊद अहमद ने चुनावी नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा यहां चुनाव नौजवानों के मुस्तकबिल को अच्छा करने के लिए चुनाव है सभी लोग एकजुट होकर गिला शिकवा भूल कर अबकी सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया को अपना समर्थन दे जिससे आने बाले दिनों में जनता को महंगाई बेरोजगारी से निजात मिल सके इसी दौरान सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने चुनावी नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सिर्फ धौरहरा ही नहीं बल्कि भूरे देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में आंधी चल चुकी है इस बार बदलाव जनता कर के रहेगी क्योंकि जनता महंगाई बेरोजगारी से परेशान हो चुकी है जनता के पास अब इंडिया गठबंधन के अलावा कोई विकल्प नहीं है आने बाले दिनों में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है अगर सरकार बनी और हम सांसद बनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचे तो हमारी सबसे पहली प्राथमिकता बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने की रहेगी क्योंकि हम खुद ग्रामीण क्षेत्र से और एक किसान परिवार से आते हैं हम किसानों और ग्रामीण का दर्द अच्छी तरह जानते है किसान रात दिन अपने खेतों की रखवाली करते ठंड हो या बारिश या गर्मी लेकिन किसानों आपको हमेशा अपने खेतों की रखवाली करते मिलेगा क्योंकि छुटटा पशुओं की संख्या इतनी बढ़ गई है बेरोजगारी अपनी चर्म सीमा पर है आज का नौजवान अपना खर्चा चलाने पर मजबूर हैं अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो आंनद भदौरिया ने कहा पहले की तरह किसानों का कर्जा माफ होगा उनकी फसलों का अच्छा मुल्य मिलेगा हर साल महिलाओं को एक रुपया मिला युवाओं को अप्रेंटिस के लिए एक रुपया रुपया मिलेगा जिससे बह अपना रोजगार कर सकते हम लोग जमीनी लोग हैं हमेशा जमीन से जुड़े रहते हैं जमीनी हकीकत को अच्छी तरह से जानते हैं जनता परिवर्तन चाहती है महंगाई बेरोजगारी से परेशान हैं इस दौरान चुनावी नुक्कड़ को सपा नेता सगीर आलम सिद्दीकी राम सागर यादव तौफीक खां अरविंद यादव क्रांति कुमार ने भी सम्बोधित कर सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया अपना अपना समर्थन देने के लिए ग्रामीण जनता से अपील की इस दौरान मुख्य रूप से विधान सभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव सपा ब्लॉक अध्यक्ष पसगवां प्रवीण पटेल असलम खां डाक्टर जुबैर दानिश अब्दुल्ला मुन्नके सिंह उमेश श्रीवास्तव राहुल कुमार सिंह महेश कुमार यादव विरेंद्र शुक्ला गयादीन कश्यप सुरेश पाल राजन बाल्मीकि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के आदेश पर भारी डूडा के दलालों की दलाली

● डीसी विनय श्रीवास्तव के संरक्षण में बेखौफ जारी डूडा के दलालों की दलाली (सभासद भीरा)

● डीसी विनय श्रीवास्तव बताए जाते हैं परियोजना अधिकारी के खास इसीलिए डिप्टी सीएम के पास की गई लिखित शिकायत के बाद भी नहीं हो पा रही डीसी साहेब पर कोई कार्यवाही

● मामले का खुलासा होने व पीड़िता के बयान होने के बाद भी नहीं कराई जा रही कथित दलाल आकाश अवस्थी व दोषी पूर्व सर्वेयर गौरव पर

स्वतंत्र प्रभात


**लखीमपुर खीरी** भले ही जनपद खीरी में आवास योजना में दलाली व रिश्वतखोरी रोकने के लिए जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह काफी प्रयासरत दिखाई दे रहे हैं। और मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से आवासों के नाम पर किसी को भी रिश्वत व दलाली देने से साफ मना किए जाते देखे जा सकते हैं परंतु इसके उलट डूडा में आवासो के नाम पर दलाली वा रिश्वतखोरी रुकने का नाम नहीं ले रही और आए दिन कोई ना कोई नया कारनामा सर्वेयर व डीसी, दलालों का सामने आता ही रहता है। डूडा विभाग के जिम्मेदार जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की बातों को गंभीरता से लेते नहीं दिखाई दे रहे हैं जिसके परिणाम स्वरुप डूडा में हो रहे भ्रष्टाचार का हर रोज कोई ना कोई नया अध्याय प्रकाश में आता ही रहता है। परंतु जिम्मेदार परियोजना अधिकारी द्वारा इन मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अगर कोई लाभार्थी वसूली की बात डॉक्टर अजय सिंह से कह देता है तो साहब लाभार्थी से लिखित शिकायत देने को कहते हैं हद तो तब हो गई जब लिखित शिकायत व जांच होने के बाद भी दलालो वा विभागीय जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं होती जिससे उनके हौसले बुलंद ही रहते हैं और ये नए-नए कारनामों को अंजाम देते ही रहते हैं।

**केस नंबर 1**

बताते चलें भीरा के लगभग आधा दर्जन सभासदों ने डीसी अरिनेम विनय श्रीवास्तव पर आवास योजना के नाम पर ?30000 बतौर रिश्वत राशि लेकर लाभार्थियों को आवास देने के आरोप लगाए थे जिन लाभार्थियों ने पैसा नहीं दिया उनकी किस्त होल्ड कर दी जाती है।यह आरोप भीरा के सभासदों के हैं। परंतु आज कई दिन बीत जाने के बाद भी डीसी पर कार्यवाही ना होना परियोजना अधिकारी की मंशा बताने को काफी दिखाई देता है।

**केस नंबर 2**

मोहल्ला मिश्रना निवासी विधवा महिला रेखा देवी से आवास के नाम पर 23000 रुपए लेने वाले पूर्व सर्वेयर के कथित दलाल (एजेंट) आकाश अवस्थी की लिखित शिकायत व उप जिला अधिकारी द्वारा भेजी गई जांच टीम द्वारा पीड़ित के बयानों में भी बताया गया कि किस प्रकार आवास योजना में सर्वेयर द्वारा पोषित दलाल आकाश अवस्थी द्वारा वसूली की गई



परंतु डूडा के जिम्मेदार परियोजना अधिकारी डॉक्टर अजय सिंह द्वारा अब तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं कराई गई और ना ही कराई गई इन पर एफआईआर ना होने के चलते आम लोगों व विभाग में भी ये मामले चर्चा का विषय बने हुए है। और आम लोगों का तो यह तक कहना है की दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध पर जब नायब तहसीलदार दिनेश कुमार जी से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया उप जिलाधिकारी सदर के आदेश पर पीड़िता के घर निष्पक्ष बयान कराने गया था पीड़िता ने अपने बयान में आवास के नाम पर रुपए लेने की बात कही थी पूर्व में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है आगे की विधिक कार्यवाही परियोजना अधिकारी डूडा को करनी है। पीड़िता रेखा के बयान परियोजना अधिकारी डूडा की फाइल में संलग्न है।

जब परियोजना अधिकारी डूडा डॉ अजय कुमार सिंह से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो साहब स्वतंत्र प्रभात मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं। और चार-चार फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठाया जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी।

# लोकसभा चुनाव के नामांकन पत्रों की जांच के अंतिम दिन दोनों बसपा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त

स्वतंत्र प्रभात



**बरेली/**लोकसभा चुनाव के लिए बसपा प्रत्याशियों द्वारा दाखिल किए गए नामांकन पत्रों को आज मजिस्ट्रेट द्वारा जांच के दौरान खामियां पाए जाने पर नामांकन पत्रों को निरस्त कर दिया गया है। इसको लेकर बसपा कार्य कर्ताओं एवं नेताओं में भारी रोष व्याप्त है ज्ञात रहे बरेली जनपद के अंतर्गत दो लोकसभा क्षेत्र आते हैं।

इनमें बरेली लोकसभा सीट से पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार प्रत्याशी थे इसी क्रम में आंवला लोकसभा सीट से पूर्व मंत्रीसैयद आबिद रजा प्रत्याशी थे दोनों प्रत्याशियों का क्षेत्र में चुनाव प्रचार भी चल रहा था परंतु नामांकन पत्रों की आज जांच के दौरान जांच अधिकारी ने दोनों बसपा प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों को अपूर्ण दर्शाते हुए निरस्त कर दिया है। इसकी सूचना मिलते ही बसपा कार्य कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर आक्रोश व्यक्त किया बसपा के कोऑर्डिनेटर ब्रह्म स्वरूप सागर ने प्रशासन के इस कृत पर नाराजगी व्यक्ति की और कहा प्रशासन यह सब सत्ता के दबाव में कर रहा है इधर बरेली लोकसभा सीट से दावेदार पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल ने स्वतंत्र प्रभात को बताया उनके नामांकन पत्र में दो लाइन छुट्टी हुई थी।

जिनका आवेदन में कोई महत्व नहीं है उसी को लेकर प्रशासन ने सपा और भाजपा को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया है। बसपा प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने के उद्देश्य से यह कार्य किया है जिला प्रशासन द्वारा की गई इस कार्यवाही के विरुद्ध में उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर कार्य वाही करेंगे ताकि जिला प्रशासन द्वारा किए गए कारनामों का खुलासा हो सके। दोनों प्रत्याशियों का मानना है जनता में बढ़ रही लोकप्रियता बसपा की सपा और भाजपा को रास नहीं आई इसलिए उन्होंने दोनों प्रत्याशियों को मैदान से हटाने के लिए उनके नामांकन पत्र निरस्त कर दिए क्योंकि चुनाव लड़कर हटाना मुश्किल हो रहा था।

# लोकतंत्र के पर्व का उत्साह- आठ किमी पैदल चले, नाव से शारदा नदी पारकर डाला वोट

● लोकतंत्र के पर्व का उत्साह- आठ किमी पैदल चले, नाव से शारदा नदी पारकर डाला वोट

स्वतंत्र प्रभात



**कलीनगर** लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान में भागीदारी हर मतदाता के लिए जरूरी है, लेकिन लंबी दूरी और कई अन्य दुश्वारियों के बावजूद वोट डालने का उत्साह शारदा नदी के पार बसे परिवारों से ही सीखा जा सकता है। पीलीभीत में मतदान करने के लिए इन परिवारों ने आठ किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। बाद में नाव से नदी को पारकर मतदान किया

कलीनगर तहसील में ढकिया ताल्लुके महाराजपुर के मौजा गोरख डिब्बी, थारू पट्टी और गुन्हान क्षेत्र में करीब 170 परिवार रहते हैं। इनमें मतदाओं की संख्या करीब पांच सौ है। इन्हें वोट डालने के लिए गांव से पांच किमी की दूरी तय कर नदी पर आना पड़ता है। बाद में नाव से नदी को पार कर फिर तीन किमी की दूरी पैदल तय कर नगरिया खुर्द और रमनगरा क्षेत्र के बूथों पर आकर वोट डाल पाते हैं। शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में जनपद में मतदान को लेकर सुबह से वोट डालने के लिए आने वाले इन परिवारों की भीड़ नदी पर देखने को मिली। पुरुषों के साथ महिलाओं और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। चरन राणा ने बताया कि हर बार वोट जरूर डालते हैं। बंदो देवी, भानडु राणा व अशोक राणा ने भी ऐसी ही बात कही।

**धूप से बचने के लिए सुबह जल्दी किया मतदान**

तेज धूप और हवा के थपेड़ों से बचने के लिए शारदा पार के मतदाताओं ने शुक्रवार को सुबह जल्द ही मतदान केंद्र पर पहुंचना शुरू कर दिया था। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अधिकतर मतदाताओं ने सुबह से 11 बजे तक अपने मतों का प्रयोग कर लिया था।

**मतदान और धूप से बचाव भी जरूरी**

मझोला के नेहरु इंटर कॉलेज के मतदान केंद्र पर भी मतदाताओं का उत्साह दिखा। जोशी कॉलोनी के मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं की लाइन दिखी। युवा, महिला-पुरुष और बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरुआ कालोनी में मतदाताओं ने धूप और हवा की परवाह न करते हुए मतदान किया। यहां मतदान करने पहुंचे निरंजन कुमार अपने साथ छाता भी लाए थे। उन्होंने, मतदान के साथ सेहत का भी ध्यान रखा।

# लोकसभा चुनाव 2024- पीलीभीत के प्रत्याशियों की किस्मत स्ट्रांग रूम में बंद, अब चार जून का इंतजार

स्वतंत्र प्रभात



**पीलीभीत** लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान हुआ। इसी के साथ सभी 10 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया। मतदान प्रक्रिया संपन्न होने क बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा कराया गया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को पीलीभीत-बहेड़ी में मतदान हुआ। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के 63.39 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया। जो 2019 के लोकसभा चुनावों में पड़े 67.41 फीसदी मतदान से करीब 4.02 फीसदी कम रहा। शाम छह बजे मतदान समाप्त होने के बाद पोलिंग पार्टियां सात बजे तक मंडी परिसर पहुंचने लगीं। कागजी काम पूरा कर ईवीएम को मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कराया। देर रात तक मंडी परिसर में मतदान कर्मियों की भागदौड़ मची रही।

पीलीभीत जिले की चारों विधानसभा सीटों के 1521 बूथों पर शाम छह बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली। पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों पर रात आठ बजे तक वोट डाले गए। मतदान समाप्त होने के बाद सात बजे से पोलिंग पार्टियों का मंडी समिति पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। देर रात तक मशीनों का मिलान और उनको रखने की प्रक्रिया चलती रही। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। विधानसभा वार बनाए गई टेबल पर मशीनें जमा कराई गई। अब ये मशीनें कड़ी निगरानी में रहेंगी। इनको मतगणना के दिन चार जून को निकाला जाएगा। इसी दिन चुनाव नतीजे आएंगे

**बहेड़ी की ईवीएम परसाखेड़ा में जमा हुई**

बहेड़ी में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद शाम सात बजे से परसाखेड़ा स्थित वेयर हाउस में बनाए गए स्ट्रांग रूम पर ईवीएम, वीवीपैट जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। पोलिंग पार्टियों की आवाजाही के चलते यातायात भी प्रभावित रहा। अफसर देर रात तक मौके पर डटे रहे।

**1924 बूथों पर हुआ मतदान**

जिले की पीलीभीत सदर, बीसलपुर, बरखेड़ा, पूरनपुर और बरेली की बहेड़ी विधानसभा को मिलाकर बनी पीलीभीत लोकसभा सीट पर शुक्रवार को मतदान हुआ। जिले और बहेड़ी को मिलाकर 1924 बूथों पर 18.31 लाख मतदाता थे। चुनाव मैदान में भाजपा से जितिन प्रसाद, सपा से भगवत सरन गंगवार और बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे

किस विधानसभा क्षेत्र में पड़े कितने मत
बरखेड़ा - 67.41
पूरनपुर - 65.16
पीलीभीत- 61.70
बीसलपुर- 58.96
बहेड़ी - 64.1
कुल मतदान प्रतिशत - 63.39

# मंडी समिति तिकुनिया में सरकारी क्रय केंद्र पर व्यापारी की दबंगई का मामला आया सामने

स्वतंत्र प्रभात

**तिकुनिया/खीरी** तिकुनिया मंडी में इन दिनों गेंहू की खरीद के लिए सरकार ने कई क्रय केंद्र को संचालित किया है की किसी भी किसान को कोई दिक्कत न हो वो अपनी फसल सही कीमत में विक्री कर सके इसके लिए सरकार का दावा है की 24 घंटे में किसान की बेची गई फसल का भुगतान प्राप्त हो जायेगा इसी में प्राइवेट व्यापारी अपनी कमाई कैसे करे इसकी जुगत में लगे हुए है मजे की बात तो ये है की एक किसान ने मंडी समिति तिकुनिया बेयर हाउस में लगे क्रय केंद्र पर 18/4/2024 को सुबह करीब 10.30 पर गेंहू की तौल कराई थी जिसके कागज़ दस्तावेज भी दे दिए थे किसान ने जब अपने कागज़ समिट करने को बोला तो उसे रात करीब 8 बजे तक इंतजार करना पड़ा फिर भी कागज़ समिट नही किए गए सुबह आने को बोला गया जब किसान सुबह करीब 10 बजे गया तो उसको बताया गया की अभी रुको मसीन नही चल रही है काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब काम नहीं हुआ इतने में एक व्यापारी तिकुनिया निवासी चीनू आते है और क्रय केंद्र संचालक के पड़ोस में खड़े होकर बाते करते है और मासीन उठाकर ले जाते है एक कमरे में बैठे किसान के अंगूठा लगवाते है बाकी किसान बैठे नजारा देख कर एक किसान बोलता है की आप तो 2235 में खरीद कर यहां सांठ गांठ कर विक्री कर रहे हम लोग भूखे प्यासे कल रात 8 बजे तक इंतजार किए है फिर सुबह से बैठे है इस पर व्यापारी भड़क जाता है वही बैठे पत्रकार ने अपना परिचय दिया तो व्यापारी उसकी तरफ भड़क कर दौड़ता है और बोलता है मेरा गेंहू नही कास्तकार का है अब सवाल इस बात का उठता है व्यापारी की दुकान मंडी समिति वेयर हाउस से करीब




500 मीटर की दूरी पर है और व्यापारी अपनी दुकान पे खरीद करता है तो क्रय केंद्र के चक्कर क्यों लगता है इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मिडिया में वायरल है वायरल वीडियो में भी दिख रहा है की व्यापारी की जेब में अन्य कई लोगो के कागज मौजूद है इन्ही चंद व्यापारियों की वजह से महज किसान ही बड़ी में मेहनत के बाद अपनी फसल बेच पाते है बाकी किसानों की फसल व्यापारी ही खरीद कर क्रय केंद्र पर आसानी से बेच कर अपनी मोटी कमाई करते है।


# संक्षिप्त ख़बरें

## संचारी रोग को लेकर खंड विकास अधिकारी सीएससी अध्यक्ष द्वारा की गई बैठक



सुरियावा। शनिवार को संचारी रोग को लेकर खंड विकास कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया खंड विकास अधिकारी सुरियावासुधाकर दुबे सीएचसी अधीक्षक सुरियावा डॉ अभिषेक कुमार नाग द्वारा समीक्षा किया गया और उन्होंने बताया कि आशाओं द्वारा ग्राम पंचायत में घर-घर जाकर लोगों को मच्छर जनित रोगों से बचाव के बारे में चर्चा कर लोगों को बताया जा रहा है कि संचारी रोगों से कैसे बचा जा सके जिसके लिए आशाओं द्वारा बताया जा रहा है कि लोगों को घर में लगे कलर का पानी प्रतिदिन बदलते रहना चाहिए और घर में चूहा छछूंदर से होने वाले स्क्रब टायफस लेप्रो सिरोसिस रोगों के बारे में जानकारी दी वह बचने के लिए सलाह दिया जा रहा है नाली की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया ललियों में इकट्ठा पानी न होने पाए इसके साफ सफाई पर विशेष बल दिया गया जिससे मच्छर जनित रोगों से बचा जा सके किसी भी प्रकार का अगर बुखार आ रहा है तो तत्काल अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इसकी जांच आवश्य कराए ताकि मच्छर जनित रोगों से बचा जा सके इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुधाकर दुबे सीएससी अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक कुमार नाग बीपीएम धीरज यशवंत सिंह यचयच प्रवीण कुमार सिंह ग्राम विकास अधिकारी वंदना वर्मा सीपीएम ईश्वर वर्मा सहीत लोग उपस्थित रहे।

## मतेथू निवासी भाई-बहनों का यूपी बोर्ड में जलवा, 90 फीसदी से अधिक अंक लाकर बढ़ाया सम्मान





दुर्गागंज। अभोली ब्लाक इलाके के मतेथू गांव निवासी दो भाई-बहनों ने उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करके परिजनों का नाम रौशन किया है। विद्यार्थियों के इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है , वहीं दूसरी तरफ ?एक ही परिवार के भाई-बहनों का रिजल्ट बेहतरीन मिलने से शुभकामनाओं का दौर जारी है और ग्रामीणों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। मतेथू निवासी स्वर्गीय संजय दुबे की पुत्री काजल दुबे ने हाइस्कूल की परीक्षा में 90.70 त्न अंक प्राप्त किया है। जबकि इसी परिवार में प्रदीप दुबे के पुत्र अमन दुबे ने 92.30त्न अंक प्राप्त करके अपने परिवार का नाम रौशन किया है। शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे यूपी बोर्ड की तरफ से जारी रिजल्ट में इस बात की पुष्टि हुई है। अमन व काजल के दादाजी मिठाई लाल दुबे ने बच्चों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है और शुभकामनाएं दी हैं।

## मातृ शिशु उपकेंद्र विट्ठलपुर में टीपल ए की बैठक सम्पन्न हुई




सीखड़ , माह के तीसरे शुक्रवार आज दिनांक 19 अप्रैल को विकास खण्ड अर्न्तगत मातृ-शिशु उपकेंद्र विट्ठलपुर में स्वास्थ विभाग के मानिटर विरेन्द्र कुमार दुबे के उपस्थित में एनम आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का टीपल ए की बैठक सम्पन्न? हुई बैठक में एनम पार्वती सिंह महिमा सिंह द्वारा वर्तमान में चल रहे स्वास्थ सम्बंधित योजनाओं पर ध्यान देने टीकाकरण अभियान में ड्यूलिस्ट के अनुसार शत् प्रतिशत लाभार्थियों की उपस्थिति रखने उनका स्वास्थ्य परीक्षण टीकाकरण कराने जैसे स्वस्थता सम्बंधित ,कुपोषण के रोकथाम , तथा लाभार्थियों के खान पान साफ सफाई इत्यादि के बारे में जानकारी दिया तथा विभागीय आदेशो के तहत टीकाकरण के एक दिन पहले जन जागरूकता रैली निकाल कर टीकाकरण अभियान में शत प्रतिशत लाभार्थियों की उपस्थिति बनाने हेतु मानिटर के कुशल नेतृत्व में रैली निकाली गई। वहीं समस्त कार्यक्रम में ,एनम पार्वती सिंह , महिमा सिंह,आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, सरिता पांडेय, तपेसरा, माया,लालमनी, सहित बच्चे एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# जिलाधिकारी ने लगाई झाड़ू कलेक्टेऊ्ट को साफ कर स्वच्छता व मतदान का दिया संदेश

● - कलेक्ट्रेट में नामांकन व पोलिंग पार्टियों के रवानगी से पूर्व डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया श्रमदान

● - स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है-जिलाधिकारी विशाल सिंह

● - डीएम ने स्वयं साफ-सफाई कर सभी कार्यालाध्यक्षों को साफ-सफाई व डस्टबिन रखने का दिया निर्देश

● - जनपदवासियों से डीएम ने स्वच्छता की अपील के साथ, साफ-सफाई को आदत बनाने पर दिया बल

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 20 अप्रैल 2024:-लोकसभा निर्वाचन-2024 को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में तैयारियॉ मैराथन स्तर पर की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टेऊ्ट के संरक्षक के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने आगामी दिनों में कलेक्टेऊ्ट में नामांकन पोलिंग पार्टियों की रवानगी इत्यादि कार्यो के दृष्टिगत स्वयं सुबह 7 से 9 दो घण्टे कलेक्टेऊ्ट परिसर में सफाई कर स्वच्छता व 25 मई को मतदान करने का संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छता अभियान के क्रम में जिलाधिकारी ने नाजिर आशीष श्रीवास्तव व अन्य कर्मियों के साथ कलेक्टेऊ्ट परिसर में फैले कूड़ा-करकट, प्लास्टिक बोतले, पालीथिन आदि की सफाई करते हुए उन्हें कूड़ा गाड़ी में डालकर निर्धारित स्थल पर डम्पिंग यार्ड में भेजवाया। उन्होंने अन्य लोगों को भी साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आप जहॉ रहते हैं उस स्थल को साफ सुथरा व स्वच्छ बनाये रखने में योगदान देना चाहिए । जिलाधिकारी ने बताया कि स्वच्छ स्थलों पर ही ईश्वर का वास होता हैं। ऐसे में सभी को अभियान चलाकर अपने घरों, कस्बा तथा मुहल्ले में साफ-सफाई करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि साफ-सफाई मानव जीवन का अहम हिस्सा हैं। इससे लोग स्वस्थ्य रहने के साथ बीमारियों से छूटकारा पा सकते हैं। इसलिए सभी को स्वच्छता का संकल्प लेना चाहिए तथा सफाई को अपनी आदत में शामिल करना



चाहिए। उन्होंने जनपदवासियों से भी अपने घर, आसपास, मोहल्लों, पार्को, सार्वजनिक स्थलों, पर श्रमदान करते हुए साफ-सफाई करने की अपील किया।

जिलाधिकारी ने अपने एक आदेश पत्र के माध्यम से जनपद के सभी कार्यालय अध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए प्लास्टिक बोतले, पॉलीथिन इत्यादि को अनिवार्य रूप से डस्टबिन में डाले। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारीगण अपने कार्यालय को एक मन्दिर/घर समझकर समर्पित भाव से सफाई करें। कार्यालय की स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण से कर्मियों सहित आने वाले जनता जनार्दन पर एक साकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आगामी दिनों में जिलाधिकारी द्वारा कार्यालयों के औचक निरीक्षण में यदि डस्टबिन नही दिखा व गंदगी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# समस्त राजनीतिक पार्टी/प्रत्याशी चुनाव में प्रचार-प्रसार हेतु एमसीएमसी से अनुमति लेने के बाद ही कराये प्रकाशन-जिला निर्वाचन अधिकारी

● - बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार सामग्री छपवाने/छापने पर सम्बन्धित प्रत्याशी/मुद्रक प्रकाशक पर होगी विधिक कार्यवाही-डीईओ

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 20 अप्रैल 20244- लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024, क्षेत्र-78-भदोही लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के निर्देश के क्रम में मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से सम्बन्धित व्यय व कार्यो पर बल दिया गया। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के नोडल अधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजेश सिंह ने निर्वाचन व्यय सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर विधिवत प्रकाश डालते हुए बताया कि निर्वाचन में दो प्रकार के व्यय विधायी व गैर विधायी है। विधायी के अन्तर्गत प्रत्याशी द्वारा आर ओ से परमिशन लेकर रैली, जूलूस, वाहन प्रचार, पण्डाल, प्रचार-प्रसार व अन्य व्यय करता है। जिसका रजिस्टर में आय व्यय अंकित कर समय-समय पर लेखा टीम को इन्शपेक्शन कराते है। प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में वोटिंग करने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रलोभन जैसे-पैसा, शराब, नशीली वस्तुए, कीमती धातु, साड़ी आदि का वितरण अविधायी/इलीगल श्रेणी में आता है। इसी को एफएसटी व स्थैतिक टीम द्वारा धर-पकड़ करते हुए निगरानी करनी है।

मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के प्रभारी अधिकारी/जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार ने बताया कि सभी राजनीतिक पार्टियों एवं प्रत्याशियों द्वारा अपने चुनाव के प्रचार-प्रसार हेतु जो भी बैनर, पोस्टर, पम्पलेट, कलेन्डर, स्टीकर, होर्डिग्स, विज्ञापन, शार्ट वीडियो, एलईडी वैन आदि का प्रयोग करना होगा उसके पूर्व उसके लिए निर्धारित प्रारूप पर कलेक्टेऊ्ट के जेष्ठ अभियोजन कार्यालय में बनाये गये निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में




स्थापित एमसीएमसी कमेटी द्वारा उसके कन्टेट/विषय वस्तु व अन्य आयामों की जॉच हेतु अनुमति लेना अनिवार्य है। जनपद के सभी प्रेस स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, को भी एमसीएमसी कमेटी को लिखित तौर पर जानकारी देना होगा, किस प्रत्याशी का कितना प्रचार मैटर्स, कितने रूपये लेकर छापा गया है। बिना अनुमति के छपवाने पर सम्बन्धित पार्टी या प्रत्याशी एवं बिना अनुमति पत्र देखे छापने पर सम्बन्धित मुद्रक, प्रकाशक पर भारत निर्वाचन आयोग दिशानुरूप विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# स्वीप के तहत 22 अप्रैल को 10 कस्बों में बाइक रैली व सभा के माध्यम से मतदाताओं से रूबरू होंगे जिलाधिकारी

» ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोटर टर्नआउट वाले 10 कस्बों में 22 अप्रैल को बाइक रैली के माध्यम से डीएम मतदाताओं को करेंगे जागरूक

» कम मतदान सहभागिता वाले 10 कस्बों के चौराहो पर डीएम मतदाताओं को सम्बोधन के जरिये करेंगे जागरूक

» 22 अप्रैल को 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाइक रैली विकास खण्ड औराई से महराजगंज तक अवश्य शामिल हो-जिला निर्वाचन अधिकारी

» हजारों लोगों के साथ डीएम विकास खण्ड औराई से स्वयं बाईक चलाकर व सभा कर मतदाताओं को करेंगे जागरूक

» डीएम के नेतृत्व में 22 अप्रैल को 08:30 बजे ब्लाक औराई से निकलेगी मतदाता जागरूकता बाइक रैली

» जनपदीय अधिकारियों सहित औराई तहसील/ब्लाक, नगर पंचायत घोसिया व खमरियॉ के बेसिक व माध्यमिक के शिक्षक पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, चिकित्सा विभाग, क्रीडा विभाग, परिवहन विभाग, मनरेगा कार्मिक, कृषि विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण सहित अन्य कार्मिक, पत्रकार बंधु ,भदोहीवासी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 20 अप्रैल, 2024:- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनपद भदोही में छठें चरण में 25 मई, 2024 को मतदान तिथि निर्धारित किया गया है। जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत संकल्पित जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में व प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में विविध कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल, को प्रातः 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाईकरैली व जनसभा का शुभारम्भ विकास खण्ड कार्यालय औराई से होगा तत्पश्चात् रैली चीनीमिल गेट होते हुए सर्विस लेन से माधोसिंह अण्डरपास, नगर पंचायत घोसिया कार्यालय, औराई बस स्टेशन से उगापुर बाजार, उगापुर बाजार से नहर होते हुए भरोसगंज बाजार होते हुए महराजगंज बाजार से कम्पोजिट विद्यालय में बाईक रैली का समापन होगा।

मतदाता जागरूकता बाइक रैली व सभा को जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा स्वयं चलाकर/नेतृत्व में निकाली जाएगी। यह बाईक रैली विकास खण्ड कार्यालय औराई से चीनीमील गेट होते हुए सर्विस लेन से माधोसिंह अण्डरपास, नगर पंचायत घोसिया कार्यालय, औराई बस स्टेशन से उगापुर बाजार, उगापुर बाजार से नहर होते हुए भरोसगंज बाजार होते हुए महराजगंज बाजार से कम्पोजिट विद्यालय में समाप्त होगी। सभी स्थलों पर आयोजित मतदाता जागरूकता सभा को जिलाधिकारी द्वारा सम्बोधित किया जायेगा। जिसमें जनपदीय अधिकारियों सहित तहसील औराई व औराई विकास खंड व नगर पंचायत-घोसिया बेसिक व माध्यमिक के शिक्षक पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, चिकित्सा विभाग, क्रीडा विभाग, परिवहन विभाग, मनरेगा कार्मिक, कृषि विभाग/तहसील औराई के सभी अधिकारी



व कर्मचारी गण सहित अन्य कार्मिक, पत्रकार बंधु ,भदोहीवासी आदि लोग सम्मिलित रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने उपर्युक्त क्षेत्रवासियों से अपील किया कि वे लोकतंत्र में सबकी भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए निकाली जा रही मतदाता जागरूकता रैली व सभा में अवश्य सहभागिता करें। ''भदोही के मतदाताओं ने ठाना है, मतदान का नया रिकॉर्ड बनाना है।'' कालीन है जिसकी पहचान, उसे है लोकतंत्र पर अभिमान। आओ मिलकर अलख जगाए, शत प्रतिशत मतदान कराए। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम। उन्होंने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी 22 अप्रैल को प्रातः 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाइक रैली विकास खण्ड औराई से महराजगंज तक में अवश्य शामिल हो।

# प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करने की प्रक्रिया का करना होगा पालन -जिला निर्वाचन अधिकारी

आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को समाचार पत्रों, टी0वी0 चैनलों में प्रकाशित/प्रसारित करना अनिवार्य -डीईओ

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 20 अप्रैल, 2024:-जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना तीन बार सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा। इस निर्णय का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाना है और मतदाताओं को उम्मीदवारों की वास्तविक जानकारी प्रदान करना है। यह निर्वाचन प्रक्रिया के सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। चुनाव प्रचार के दौरान समय-समय पर मतदाताओं की जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को सार्वजनिक करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है, जो नाम वापसी के अंतिम दिवस के बाद से प्रारम्भ होकर मतदान के 48 घंटे पूर्व तक तीन चरणों में प्रकाशित/प्रसारित कराया जाना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा। पहला प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 04 दिनों के भीतर कराना होगा। दूसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 05 से 08 दिनों में कराना होगा और तीसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 9वें दिन से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक कराना होगा। प्रत्याशियों द्वारा अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना का प्रकाशन आयोग द्वारा निर्धारित किये गये फॉण्ट साइज के अनुसार अपने निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वाधिक प्रसार वाले समाचार पत्रों में स्थानीय भाषा या अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित कराया जाए, जो किसी एक राष्ट्रीय और एक स्थानीय समाचार पत्रों में हो। इसी प्रकार संबंधित क्षेत्र में उपलब्ध एवं लोकप्रिय टीवी चैनलों में भी इस सूचना का प्रसारण करवाना होगा, जिसकी समयावधि सुबह 8 बजे से रात 10 बजे के बीच कम से कम 7 सेकंड के लिए प्रसारण होना चाहिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के बाद आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी अपनी सूचना के प्रकाशन संबंधी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

# समाज को राष्ट्र के प्रति सार्थक संदेश देने का कार्य करेगी एबीवीपी

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अलीगढ़ विभाग की मतदाता जागरूकता अभियान की महत्वपूर्ण बैठक अचल ताल स्थित आर्य समाज मंदिर पर दो सत्रों में सम्पन्न हुई।

विभाग संगठन मंत्री विश्वेंद्र वशिष्ठ ने बताया विद्यार्थी परिषद द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट, नुक्कड़ बैठक, गली बैठक, गांव बैठक जैसे विभिन्न अभियानों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के मतदाता को जागरूक करने के साथ ही समाज को राष्ट्र के प्रति एक सार्थक संदेश देने का कार्य करेगी।

प्रथम सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ सेंगर ने बताया कि अभाविप अलीगढ़ विभाग ने जो दस हजार बैठकों का लक्ष्य लिया था उसको लेकर स प्रत्येक गांव, गलीदृमोहल्ले, बस्ती, नगर , कॉलेजों में बैठकें निरंतर जारी है।

द्वितीय सत्र में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र पचौरी ने कहा कि अखिल भारतीय




विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही देश से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार प्रकृट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया रखती है और जैसा कि सभी को पता है मतदान जो कि लोकतंत्र के उत्साह का महापर्व है जिसमें विद्यार्थी परिषद मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक मतदान कराने के लक्ष्य को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग में पहुंच करराष्ट्र के प्रति अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करती आ रही है।

महानगर मंत्री शैलेंद्र प्रजापति ने कहा कि आगामी 26 अप्रैल को अलीगढ़ शहर में द्वितीय चरण का मतदान होना है जिसमे अभाविप के सभी कार्यकर्ताओं को मतदान करने व सभी को पहले जलपान फिर मतदान के मंत्र के काम करने लिए प्रेरित किया। इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष आशीष सिंह, अंकुर शर्मा, अरुण शर्मा, राज गुरु, चिराग़ सक्सैना, प्रशांत सिंह, पूरन, अरुण, गगन पंडित, पीयूष सृष्टि , नेहा खान,डिंपल उपाध्याय,प्रविन, शालू वर्मा, अनन्या राधिका शर्मा त्रिदेव राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा का पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। वार्ष्णेय मंदिर के 24 वें पाटोत्सव समारोह का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हो गया है। कलश यात्रा का शुभारंभ शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा, कोल विधायक अनिल पाराशर एवं मंदिर व्यवस्थापक राधेश्याम गुप्ता स्क्रैप वालों ने हरी झंडी दिखाकर किया।

वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक एवं अंकित वार्ष्णेय के दाऊजी मंदिर महावीर गंज से कलश यात्रा निकाली गयी जिसमे पीली साड़ी मे महिलाएं व सफ़ेद वस्त्रों मे पीला पटका पहने भक्त भक्ति संगीत की मधुर ध्वनि के साथ कलश यात्रा मे आगे बढ़े तो एक मनोहारी दृश्य देखने को मिला। अयोध्या में इस वर्ष बने श्री राम जी के भव्य दिव्य मंदिर में श्री राम जी के बाल विग्रह स्थापना की खुशी की झलक इस कलश यात्रा में लहराती श्री राम पताकाओं से देखने को मिली। शहर वासियों ने स्थान स्थान पर भारी पुष्प वर्षा के मध्य कलश यात्रा का स्वागत किया।

यह कलश यात्रा दाऊजी महाराज मंदिर महावीर गंज से प्रारम्भ होकर अब्दुल करीम चौराहा, फूल चौराहा, हलवायी खाना , मदार गेट, आर्य समाज मंदिर से रामलीला ग्राउंड होते हुए श्री वार्ष्णेय मंदिर पर सम्पन्न हुयी। अल्का गुप्ता पूर्व पार्षद, रुचि गोटेवाल,पल्लवी नवमान, दुर्गेश वार्ष्णेय,अर्चना वी राजन , गोपाल सासनी, नरेन्द्र मृदु , गिरीश वार्ष्णेय




एवं ललित वाई के आदि ने कलश यात्रा मे सम्मिलित सभी भक्तों का स्वागत पटका पहनाकर किया।

# मानव जीवन को समृद्ध बनाती हैं किताबें: कुलपति

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। मंगलायतन विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षकों व विद्यार्थियों की भीड़ प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए नजर आई। उन्होंने विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों के लिए पब्लिशर्स से अनुग्रह किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कई पुस्तकों के लिए अनुग्रह करने के साथ प्रशंसा व्यक्त की। कुलपति ने कहा कि किताबें ज्ञान का भंडार हैं जो सदियों से सभ्यता व संस्कृति का आधार रही हैं। विभिन्न दृष्टिकोणों से परिचित कराते हुए किताबें मानव जीवन को समृद्ध बनाती है। संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश



शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि किताबों के माध्यम से हम दुनिया के अनोखे रहस्यों को समझ सकते हैं। लाइब्रेरियन डा. अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी में 30 से ज्यादा पब्लिशर्स ने भाग लिया। उन्होंने अपने स्टालों पर नर्सिंग, इंजीनियरिंग, फार्मेसी, एजुकेशन, विधि, मैनेजमेंट व अन्य सभी विषयों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया। वहीं प्रो. राजीव शर्मा, प्रो. सौरभ कुमार, मयंक सिंह ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में डा. दीपमाला, परमेश शर्मा, हरेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह, दिनेश व्यास, गौरव मिश्रा, श्रद्धा देवी, कृष्ण बल्लभ, हितेश शर्मा, पवन, अरविंद, डा. मुशाहिद अली, डा. गुलनाज आदि उपस्थित रहे।

# विज्ञान के गहन ज्ञान के कारण अधिक सटीक और लक्ष्य उन्मुख दवाओं की खोज

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। अमुवि के जे.एन. मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग ने अलीग एकेडमिक इनरिचमेंट प्रोग्राम के तहत अमेरिका स्थित वैश्विक सुरक्षा अधिकारी (इम्यूनोलॉजी और सूजन), सनोफी, न्यू जर्सी, यूएसए के डॉ. सैयद मुबारक नकवी द्वारा 'फार्मास्युटिकल उद्योग में दवा की खोज और कैरियर के अवसर' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया।

जे.एन. मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र रहे डॉ. नकवी ने दवा की खोज और विकास की जटिल यात्रा पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने दवा की खोज प्रक्रिया के विभिन्न चरणों, प्रयोगशाला में एक अणु की शुरुआत से लेकर उसके चिकित्सकीय रूप से प्रभावी दवा में परिवर्तन तक की अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में



दवा की खोज और विकास में बदलाव आया है क्योंकि बुनियादी आणविक और सेलुलर विज्ञान के गहन ज्ञान के कारण अधिक सटीक और लक्ष्य उन्मुख दवाओं की खोज हुई है।

इम्यूनोलॉजी में अपने शोध कार्य को साझा करते हुए, उन्होंने स्नातकोत्तर रेजीडेंट्स से वैज्ञानिक अनुसंधान, नैदानिक विकास, चिकित्सा मामलों और दवा निर्माण से लेकर डेटा विज्ञान तक फार्मास्युटिकल उद्योग में अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया। एएईपी के समन्वयक और विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सैयद जियाउर रहमान ने अतिथि वक्ता का स्वागत किया, जबकि डॉ. जमील अहमद ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

# मतदान की तिथि 26 अप्रैल को रहेगा सार्वजनिक अवकाश:डीईओ

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। जिलाधिकारी विशाख जी0 ने अवगत कराया है कि प्रमुख सचिव श्रम, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र एवं अधिसूचना द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान की तिथि 26 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसके अनुक्रम में 26 अप्रैल 2024 को अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जनपद अलीगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान 26 अप्रैल को उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा 8 के उपबन्धों के अन्तर्गत मतदान के वास्तविक दिन 26 अप्रैल 2024 को उस क्षेत्र में जिसमें कोई दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान स्थित है बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा अर्थात उक्त तिथि को उस क्षेत्र में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान बुन्द रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिए है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के प्राविधानों के अन्तर्गत जनपद अलीगढ़ में स्थित अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को 26 अप्रैल 2024 को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान किया जाये और अनाविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान के दिन 26 अप्रैल 2024 को सार्वजनिक अवकाश रखा जाये तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सम्बन्धित विभाग उपरोक्त आदेशों का अक्षरशः पालन कराना सुनिश्चित करें।

# 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों से किया जा सकता है मतदान:विशाख जी0

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपना मतदान कर सकते हैं।

आधार कार्ड,मनरेगा जॉब कार्ड,बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग



लाइसेंस,पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड आदि।

# संक्षिप्त ख़बरें

## प्रयागराज से गुमशुदा किशोर को पुलिस ने लखनऊ से किया बरामद



**प्रयागराज।** थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने प्रयागराज से गुमशुदा किशोर को लखनऊ से पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा शनिवार को चारबाग लखनऊ से सकुशल बरामद किया गया। उक्त बरामदगी में औद्योगिक क्षेत्र थाना के उपनिरीक्षक राजूकृष्ण सिंह ने पुलिस एवं सर्विलांस टीम के साथ शामिल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग कई बीघा फ़सल जलकर हुवा राख।




**मनकापुर गोण्डा–** खोड़ारे थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामपंचायत खुझवा परसा मे शुक्रवार को दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं के लगे भीषण आग की लफटे देखते देखते इटवा खुर्द के मजरा खरही भारी तक पहुंचकर कई बीघा फ़सल हुवा राख। तेज हवा के चलते आग की लपटे तेजी से विकराल रूप धारण कर कई बीघा फ़सल एवं गेहूं के कटे हुए अवशेष व गन्ने की फ़सल (पेड़ी )जलकर राख होगया ग्रामीणों की सुचना पर थानाप्रभारी खोड़ारे मनोज कुमार पाठक मय फ़ोर्स पहुंच कर इसकी सुचना फायर स्टेशन मनकापुर को दिया मौके पर दमकल कर्मी और ग्रामीणों द्वारा बड़ी मसक्क्त के बाद आग पर काबू पाया गया तबतक कई बीघा गेहूं एवं गन्ना का फ़सल जलकर राख होगया। घटना स्थल पर पहुंचकर राजस्वकर्मियों की टीम ने जले हुए फसलों के आकलन का कार्य मे जुट गयी है।इस बावत संबंधित राजस्व निरीक्षक दिनेश गौड़ ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया की जमुना प्रसाद, राम शंकर, कपिल देव सिंह, उदय भान,जंग बहादुर, काली प्रसाद,छठ्ठी लाल किसान का लगभग पंद्र ह बीघा गेहूं एवं गन्ना की पेड़ी फ़सल का नुकसान हुवा है इसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियो को प्रेषित कर दिया जाएगा।

## यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव बनाए गए अभिषेक तिवारी नीरज

मनकापुर गोंडा- ग्राम सभा नरहरपुर के रहने वाले अभिषेक तिवारी नीरज को यूथ कांग्रेस का प्रदेश सचिव बनाया गया। जनवरी 2021 को यूथ कांग्रेस का जिला अध्यक्ष गोंडा नियुक्त किया गया लगातार उनके अच्छे कार्यो को देखते हुए नीरज जी को यूथ कांग्रेस के प्रदेश से सचिव नियुक्त किया गया है।प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर नीरज ने कहा पार्टी के द्वारा मुझे जो भी जिम्मेदारी सौंपी है उसे मै पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरा करने की कोशिश करूंगा साथ ही पार्टी और राष्ट्र के सशक्तिकरण के लिए और पार्टी के उद्देश्य को पूरा करने के लिए पूर्ण प्रयास के साथ कार्य करूंगा इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ,जिला प्रवक्ता से कुमार दुबे, पूर्व विधायक रघुराज उपाध्याय, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुतुबुद्दीन शहर अध्यक्ष रफी रैनी प्रदेश सचिव त्रिलोकी नाथ तिवारी,सगीर खान, आरिफ शेख,अरुण प्रताप सिंह, बबलू यादव, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव,बाबर आदि लोगों ने बधाई दिया।

## गैंगेस्टर एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना दुधारा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अब्दुल मुनाफ उर्फ अब्दुल्लाह पुत्र मो0 असलम निवासी गजौली शेख थाना दुधारा को विधिक नियमों का पालन करते हुये डीघा बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध दुधारा थाने पर पूर्व में अपराधिक दो मामले दर्ज है। मालूम हो कि अभियुक्त का एक सुसंगठित गिरोह है, जो अपने आर्थिक, भौतिक एवं दुनियाबी लाभ हेतु गैंग बनाकर चोरी जैसे जघन्य अपराध कारित करते हैं। चोरी के अभियोग दर्ज होने व समाज में काफी भय, आतंक व साम्प्रदायिक साम्प्रदायिक सौहार्द खराब होने के खतरे तथा उक्त अभियुक्त के भय व आतंक से किसी व्यक्ति द्वारा इनके विरुद्ध इनके द्वारा किए गए गलत कार्यों की सूचना व गवाही देने से डरने के दृष्टिगत गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत किए जाने के बाद कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने उक्त गैंगेस्टर को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल रवाना कर दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह, दीवान राकेश गौंड, सिपाही कृष्णानन्द शाह शामिल रहे।

# यूपी बोर्ड रिजल्ट में हाईस्कूल की प्राची निगम व इंटरमीडिएट के शुभम वर्मा ने किया प्रदेश में टाप

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज ।** 12वीं में सीतापुर के शुभम वर्मा ने टॉप किया है। बागपत बड़ौत के विष्णु चौधरी दूसरे नंबर पर हैं। अमरोहा की काजल सिंह ने दूसरे स्थान पर रही हैं। सीतापुर की कशिश मौर्य भी दूसरे नंबर पर हैं। सीतापुर की ही रहने वाली प्राची निगम ने हाईस्कूल में टॉप किया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों में सीतापुर के बने टॉपर हैं। प्राची के 600 में से 591 नंबर आए हैं। उनके 98.50 प्रतिशत अंक आए हैं। इंटर में शुभम वर्मा ने टॉप किया है। 97.80 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। प्रदेश में हाईस्कूल की परीक्षा में महमूदाबाद के सीता बाल विद्या मंदिर के छात्र शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत अको के साथ प्रदेश में परचम लहराया है। प्राची इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहती हैं। सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजनों को दिया है। प्रतिदिन नियम से पढ़ाई की। इनका सक्सेस मन्त्रा है कि नियमित पढ़ें, तनाव न लें। रिवीजन जरूर करें। शिक्षकों की टिप्स फॉलो करें।

# मतदाताओं की खामोशी ने बढ़ाई प्रत्याशियों की बेचौनी

● - शिक्षा, रोजगार, महंगाई हमारे मुद्दे हैं जिन पर राजनीतिक दल बात नहीं करतेः जिंदल

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** चुनाव प्रचार अंतिम चरण में पहुंच रहा है। मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने पूरा दमखम लगा दिया है। नुक्कड़ सभाओं से लेकर बड़े नेताओं की बड़े मंच पर राजनीतिक सभाओं का दौर चल रहा है। सभी प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। लोक लुभावने वादे कर रहे हैं। अपनी प्राथमिकताएं बता रहे हैं। हर वह जतन कर रहे हैं जिससे वह जनता का वोट हासिल कर सकें। दूसरी ओर मतदाताओं ने पूरी तरह से मौन साध लिया है। लोग यहां तक कह रहे हैं कि यह बेहद नीरस चुनाव है। इतना नीरस चुनाव मथुरा ने शायद ही कभी देखा होगा। यहां तक बडे बडे नेताओं की जनसभाओं के प्रति भी लोगों का रूझान नहीं है। वही प्रचार के तौर तरीके भी बदल गये हैं। राजनीतिक दल सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। इस सबके बीच मतदाताओं की खामोशी ने सभी प्रत्याशियों की धड़कनें बढा दी हैं। ऊंट किस करवट बैठेगा यह कोई समझ नहीं पा रहा है। राजनीतिक पंडित इस बार जनता का मूड भांपने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

लोग कुछ बोलने को तैयार नहीं है। किसी भी सवाल पर वह चुप्पी साध जाते हैं। बलदेव के गांव पटलौनी निवासी अतुल जिंदल कहते हैं महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा जैसे मुद्दों पर राजनीतिक दल चुप्पी साध गये हैं। हमारी जरूरतों की कोई बात ही नहीं कर रहा है। गांव अडींग निवासी बीरेन्द्र सिंह कहते हैं। कुछ कहने सुनने का कोई फायदा नहीं है। हमारी अपनी समस्याएं हैं, उन पर कोई बात नहीं कर रहा है। सब अपनी अपनी कह रहे हैं हमारी कोई सुन नहीं रहा है। प्रत्याशी वादे बहुत कर रहे हैं। लेकिन इस तरह के वादों से उनका विश्वास उठ गया है। चुनाव जीतने के बाद कोई देखने तक नहीं आता है। अब सब लुभावनी बात कर रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद भगवान हो जाते हैं, इन से मिलना मुश्किल हो जाता है।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के पक्षकार दिनेश शर्मा को मिली जमानत

● - भड़काऊ बयान के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



दिनेश शर्मा के साथ संगठन के लोग।

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि केस के पक्षकार दिनेश शर्मा द्वारा विवादित बयान दिया गया था। उसमें उनकी गिरफ्तारी हुई और कोर्ट ने उनको जेल भेज दिया था, श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय हरियाणा ने बताया कि दिनेश शर्मा पर मथुरा पुलिस द्वारा दंगा भड़काने का आरोप लगाया गया था, जिसमें उनको गिरफ्तार किया गया और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा उनको जेल भेजा गया, दूसरे दिन उनकी जमानत अर्जी लगाई गई जिसमें न्यायालय ने जमानत अर्जी स्वीकार कर ली और उनको रिहा किया गया। उनकी रिहाई पर कार्यकर्ताओं ने जेल के बाहर जाकर स्वागत किया और उनको सकुशल घर पहुंचाया। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षण वेद प्रकाश कटिहार रिटायर्ड अ.कमिश्नर, राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी कुमार, मीडिया महामंत्री राजेश पाठक, राष्ट्रीय मंत्री डॉ जमुना शर्मा, मीडिया प्रभारी रिचा शर्मा, महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर, राहुल गौतम, प्रदेश मंत्री राजेश शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# पैरालीगल वालंटियर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

● - न्यायालय सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात



**संतकबीरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में न्यायालय सभागार में तीन दिवसीय पैरा लीगल वालंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम चला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण से सचिव एवं न्यायिक अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधि के विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी देने के साथ प्रशिक्षुओं के जिज्ञासाओं को शांत किया गया। अधिवक्ता महिप बहादुर पाल ने भूमिधरी, बंजर और पट्टे की भूमि के बावत जानकारी दिए। अधिवक्ता चतुर जी शुक्ल से चकबंदी के मामले के बारे में विस्तार से बताया।

अधिवक्ता अरुण कुमार श्रीवास्तव ने पारिवारिक मामले में मध्यस्थता के बारे में जानकारी दिया। अधिवक्ता सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों को विस्तार से बताया। अधिवक्ता राम मिलन चौधरी ने मोटर दुर्घटना के कानून के बारे में जानकारी दिया। अधिवक्ता अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने विधि के विभिन्न पहलुओं के बावत बताया। अधिवक्ता रंजू चौधरी ने महिलाओं के अधिकारों के बारे जानकारी दिया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्र में तैनात किए गए पैरा लीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।

# घर में यदि टीबी मरीज है तो निकट सम्पर्की कराएं जांच

● -मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से की अपील

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** यह तो आप अब तक बार बार सुन चुके होंगे कि टीबी का इलाज संभव है, बस ज़रूरी है कि इसका जल्द से जल्द पता लगा लिया जाए और तुरंत इसका इलाज शुरू कर दिया जाए । घर में यदि टीबी मरीज है तो निकट सम्पर्की जांच कराएं । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने ने लोगों से यह अपील की है।

सीएमओ ने बताया कि देश को टीबी मुक्त तभी किया जा सकता है, जब टीबी मरीजों को स्वस्थ होने में मदद की जाए और उसके संक्रमण को फैलने से रोका जाए। उन्होंने बताया कि हमें यह भी समझना बेहद जरूरी है कि टीबी के बैक्टीरिया हवा के जरिये संक्रमित व्यक्ति के ड्रॉपलेट्स से फैलते हैं। अगर टीबी मरीज मास्क का इस्तेमाल करता है तो उससे संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। साथ ही तीन सप्ताह तक लगातार दवाई लेने के बाद भी वह दूसरों को संक्रमित नहीं कर सकता है। यदि आपके घर में कोई टीबी रोगी है तो उसके खांसने से, छींकने से, थूकने से और यदि रोगी के बहुत नजदीक रहते हैं तो आपको भी टीबी की आशंका है। इसलिए बचाव का बेहद ध्यान रखें। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि अगर निकट सम्पर्की में भी जांच के दौरान टीबी मिलती है तो आपका तुरंत यथावत इलाज शुरू हो जायेगा और यदि नहीं है तो भी आपको टीबी रोकथाम की दवाई दी जायेगी जिससे आपका टीबी से बचाव हो जाएगा।

# नाबालिग को भगाने के मामले मे अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद प्रभारी रामकृपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व धमकी देने के मामले मे वाँछित अभियुक्त को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि उक्त अभियुक्त ने पीड़िता की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था तथा वादी को धमकियां दी थी,

जिसके संबंध में वादी ने थाना स्थानीय पर अभियुक्त असलम पुत्र गुलाम हुसैन निवासी लंगड़ी कुर्थिया थाना कोतवाली खलीलाबाद के विरुद्ध धारा 363, 366, 506 भादवि का मुकदमा दर्ज करायी थी। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर शनिवार को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल रवाना कर दिया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राकेश कुमार, दीवान दीनानाथ राजभर शामिल रहे।

# भेदभाव पूर्ण रवैए से उपेक्षित पत्रकारों ने प्रशासन की खबरों का कर रहे बहिष्कार

● - पत्रकारों का आरोप है कि एसपी विनीत जायसवाल के द्वारा सम्मानित बात न करना व पत्रकारों के साथ भेदवाव करना बात करने पर तीन ही अखबार के बारे में जानना जैसे तमाम कारणों से आहत पत्रकारों ने प्रशासन की खबरों का बहिष्कार कर दिया है।

स्वतंत्र प्रभात

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोंडा द्वारा जिला प्रशासन व पुलिस विभाग पर लगाया गम्भीर आरोप




**गोण्डा–** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोंडा द्वारा बताया गया है कि प्रशासन सिर्फ अपने चहेते अखबारों की ही कटिंग करता है। और एसपी विनीत जायसवाल ने कहा है कि मैं सिर्फ तीन ही अखबार को पहचानता हूं जिससे नाराज 18 अखबारों ने पूर्ण रूप से प्रशासन की खबरों का बहिष्कार कर दिया है। जबकि कुछ छोटे बैनर के लोग नाम नही दिए है लेकिन छापना वो भी बंद कर दिया है। लेकिन प्रशासन द्वारा इस प्रकरण का संज्ञान नही लिया गया।साथ ही कुछ पत्रकारों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा पत्रकारों को दबाने के कारण उनकी खबरों का संज्ञान लेने के बजाए उल्टा नोटिस भी भेज दिया जाता है भ्रष्टाचार की खबर छापने पर पहले तो संज्ञान नही लिया जाता लगातार खबर छापने व सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खबरों का खण्डन कर दिया जाता हैं जिससे पत्रकारों में काफी आक्रोश है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों को संज्ञान नही लिया जाता है पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा जाता हैं कि सिर्फ तीन ही अखबारों को जानते हैं।

पुलिस मीडिया सेल में खबरों की नहीं होती कटिंग

**पुलिस अधीक्षक खबरों पर संज्ञान नही लेते है**

ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों के साथ किसी थानों पर बैठक नही होती अधिकारी मोबाइल पर नम्बर ब्लॉक कर देते है संबंधित भ्रष्टाचार की खबरों को समाचार पत्रों पर कार्वाही नही होती ज्ञापन देने के बावजूद भी कोई कार्वाई नही होती है जिससे उपेक्षित सभी पत्रकरों ने सूचना विभाग व पुलिस मीडिया सेल के खबरों को बहिष्कार कर दिया है और समाचार पत्रों को ना भेजने का निर्णय लिया है।खबर न छापने व अख़बार न भेजने वालों में समृद्धि न्यूज,लोकभारती,,कैनविज टाइम्स,निष्पक्ष प्रतिदिन,अमृत प्रभात,एक संदेश,स्वतंत्र प्रभात,लक्ष्य धारा,संदेश वाहक,बुद्ध का संदेश, प्रणाम हिंदुस्तान, जनमोर्चा,आज,स्वतंत्र चेतना,चेतना विचारधारा,खबरों का दंगल, देश की किरण,स्पष्ट आवाज,नैतिक आवाज, व कुछ अन्य अखबारों ने प्रशासनिक खबरों का बहिष्कार कर दिया है।वही सच्चाई की खबर लिखने पर एसपी विनीत जयसवाल ने गोण्डा की सच्चाई अख़बार पुनिता मिश्रा को अपने पुलिस मीडिया सेल ग्रुप से रिमूव करवा दिया है।

# कस्बा मनकापुर में विद्युत विभाग की लापरवाही कहे या बद इंतजामी दोनों बातें सटीक बैठ रही

● - विकासखंड मुख्यालय के गेट पर ही जमीन से करीब 2 फीट ऊंचाई पर मनकापुर उतरौला मुख्य मार्ग से सटकर रखा गया ट्रांसफार्मर खुलेआम आम राह गीरो के मौत को दावत दे रहा है

स्वतंत्र प्रभात






**गोंडा।** जनपद गोंडा के कस्बा मनकापुर में विद्युत विभाग की लापरवाही कहे या बद इंतजामी दोनों बातें सटीक बैठ रही हैं। लगातार कई वर्षो से विकासखंड मुख्यालय के गेट पर ही जमीन से करीब 2 फीट ऊंचाई पर मनकापुर उतरौला मुख्य मार्ग से सटकर रखा गया ट्रांसफार्मर खुलेआम आम राह गीरो के मौत को दावत दे रहा है। इसके साथ ही कस्बा सहित मनकापुर उतरौला मुख्य मार्ग पर रोड के ऊपर से 11000 बोल्ट की लाइन के तार को बगैर सपोर्ट जाल के इस तरफ से उसे तरफ विभाग द्वारा मनमानी करते हुए खींचकर अपने दायित्वों की तो इस श्री कर ली गई है। जिससे हाई वोल्टेज तारों के नीचे रोड क्रास कराते समय बिना जाल के लगे इन तारों से आम राह गीरो के सर पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है। गर्मी और लू के थपेड़ों से बढ़ रही तपिश के कारण बिजली की बड़ी मांग से तार कब कहां कट कर गिर जाए कुछ नहीं कहा जा सकता है।लेकिन विभाग इन सब बातों को नजरअंदाज करते हुए अपने दायित्वों की इतिश्री करके आम जनमानस की जान को जोखिम में डाल रहा है। तथा आए दिन जनपद में विद्युत तारों से हो रही आगजनी जैसी बड़ी घटनाओं को भी देखकर विद्युत विभाग की आंखें नहीं खुल रही है। जिससे किसी न किसी दिन बड़ी अनहोनी की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। वही इस संबंध में जब मुख्य अभियंता विद्युत देवी पाटन मंडल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह सब डायनेमिक चीज हैं खतरा कोई चाहत नहीं है कि खतरा हो लेकिन संघन बस्तियों में और मार्केट में चौराहों पर जाल का प्रोविजन होता है। बाकी ग्रामीण क्षेत्र में कोई जाल का प्रोविजन नहीं है। यदि संघन बस्तियों में तार बगैर जाल के रोड क्रॉस कराए गए हैं तो इसका इंस्ट्रूमेंट बनवा करके शीघ्र ही जाल लगवा दियाजाएगा।

# मथुरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को किया सम्बोधित'

● - जयंत चौधरी और हेमा मालिनी ने भी किया सभा को संबोधित

स्वतंत्र प्रभात



जनसभा को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।

**मथुरा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को वृंदावन के प्रियकांत जू मंदिर मैदान पर मथुरा लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं जन्म और धर्म से वैष्णव हूं। पूरे देश में लोकसभा का चुनाव हो रहा है।पहले चरण का मतदान हो चुका है, पहले चरण में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। दूसरे चरण में सपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ करना है। राहुल गांधी मुंह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं और नरेंद्र मोदी गरीब के घर में पैदा हुए।

यह दोनों आमने सामने है। नरेंद्र मोदी पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है।

एक ओर थाईलैंड के प्राइवेट द्वीप पर छुट्टियां मनाने वाले राहुल गांधी हैं।

दूसरी ओर दीपावली के दिन भी छुट्टी न लेने वाले नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। जनसभा को सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी और रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी संबोधित किया।

जनसभा में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बृज क्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष रालोद जयंत चौधरी, मथुरा जिला प्रभारी अशोक कटारिया, सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, लोकसभा प्रभारी श्याम भदौरिया, विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी, मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह, भुवन भूषण कमल, क्षेत्रीय महामंत्री नगेंद्र सिकरवार, डॉ देवेंद्र शर्मा, मुकेश खंडेलवाल, रविकांत गर्ग, योगेश नौहवार, रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल भरंगर, वीरपाल मलिक, निरंजन धनगर, सुल्तान तरकर, पंकज गुप्ता, मुकेश आर्यबंधु, पूजा चौधरी, मनीषा गुप्ता, संजय गोविल, जनार्दन शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, श्याम सिंघल, कुंजबिहारी चतुर्वेदी, अनुराग चतुर्वेदी, यशराज चतुर्वेदी, आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री सुनील चतुर्वेदी एवं देवेश पाठक ने किया।

# आने वाले समय में देखने को मिलेगी गदर 3

● - फिल्म डायरेक्टर अनिल शर्मा पहुंचे छाता

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बॉलीवुड में गदर और गदर दो सुपरहिट फिल्में बनाने वाले फिल्म डायरेक्टर छाता स्थित आरपीएल होटल पहुंचे। जहां पर लोगों ने उनका स्वागत किया। डायरेक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि वो मूल रूप से मथुरा के रहने वाले हैं और जब भी मथुरा आते है तो लोगों द्वारा उन्हें स्नेह दिया जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बनायी गयी फिल्म गदर और गदर दो को लोगों ने बहुत ही प्यार दिया और आगे आने वाले समय में गदर तीन भी लोगों को देखने को मिलेगी। साथ ही ब्रज क्षेत्र पर उनके द्वारा प्रोजेक्ट्स पर काम जारी है। इस दौरान छाता देहात प्रधान बॉबी भैया ने उन्हे दुप्पटा व तस्वीर भेंट की। इस दौरान पुरूषोत्तम




चौधरी, तनवीर आलम, मनीष चौधरी, कमल किशोर, राहुल, बब्बू ठाकर, हरिकिशन, हरवंश आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट में 21 अप्रैल से फर्स्ट ईयर आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस की क्लासेज होगी प्रारंभ

**बरही–** हज़ारीबाग रोड़ स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट में फर्स्ट ईयर आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस की क्लासेज 9 बजे से 12 बजे तक चलेगी। सभी विषयों को कर्मबध तरीक़े से सब्जेक्ट वाइज अनुभवी शिक्षको द्वारा क्लासेज दी जाएगी। यह क्लासेज 21 अप्रैल से प्रारंभ होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि 10वीं के बाद विद्यार्थी के पास समान्यता तीन विकल्प होते है आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस। जिसमें विद्यार्थियों को सब्जेक्ट चुनने में भी परेशानी होती है। किंतु दी आर्य भट्ट संस्थान में विद्यार्थी उपरोक्त तीनो क्लासेज में डेमो कर के देख लेते है फिर अपने इच्छानुसार विद्यार्थी नामांकन लेते है। संचालक अरुण शर्मा ने बताया कि हमारे यहाँ सब्जेक्ट वाइज टेस्ट, कंवर्सेसशन, ग्रुप डिस्कशन, एजुकेशनल टूर, खेलकूद आदि कराई है।

### जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र- निसार खान



**हजारीबाग–** जिला 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य निसार खान ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा रात और दिन के कड़ी परिश्रम के बाद हजारीबाग का ऐतिहासिक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्मोत्सव रामनवमी को आपसी एकता, शांति, हर्षोल्लास तथा साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन कि सराहना करते हुए बधाई के पात्र बताया है। श्री खान ने एक बयान जारी कर कहा है कि हजारीबाग का अंतरराष्ट्रीय रामनवमी सफलतापूर्वक समापन को लेकर जहां एक ओर रामनवमी महासमिति के द्वारा विशेष तैयारी की गई थी। वहीं दुसरी ओर रामनवमी संचालन समिति ने रामनवमी के सफल संचालन को लेकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । इधर समाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं की सक्रियता देखी गई तो उधर जिला शांति समिति के सदस्यों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है। सबसे बड़ी बात जिस तरह से रामभक्तों ने अपनी अच्छी सूझबूझ का परिचय दिया है जो काबिल ए तारीफ है। उसके लिए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### मारवाड़ी कॉलेज का एमबीए का छात्र का एअरटेल में हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**रांची–** मारवाड़ी कॉलेज में पढ़ रहे धीरज कुमार साह का एअरटेल में टेरिटरी सेल्स मैनेजर के रूप में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। धीरज अभी एमबीए द्वितिया वर्ष में पढ़ रहें है। एयरलेट के द्वारा धीरज को पहले 3 महीना का ट्रेनिंग दिया जाएगा जिसमें 25 हजार रुपया हर महीना स्टाइपेंड मिलेगा। 3 महीने बाद जॉब के दौरान नॉन मैट्रो शहर में 4.5 लाख एवं मेट्रो शहर में 5 लाख रुपया सलाना दिया जायगा। इस अवसर पर कलेज के प्रचार्य डॉ. मनोज कुमार, एमबीए के कोऑर्डिनेटर डॉ. आर आर शर्मा, प्लेसमेंट सेल इंचार्ज अनुभव चक्रवर्ती और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्राची प्रसाद, डॉ. तौसीफ अहमद, डॉ. संतोष यादव डॉ. अब्दुल्ला, डॉ. रंजय कुमार के द्वारा विद्यार्थी को नियुक्ति पत्र दिया गया और उनके आगे के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस अवशर पर डॉ मनोज कुमार ने कहा विद्यार्थी को दिए गय। हर अवशर का लाभ ले। मारवाड़ी कॉलेज के एमबीए के विद्यार्थियों के लिए डाइट फॉर लाइफ, व्यापार कैंपस हायरिंग, टीसीएस और अन्य कंपनियों का ऑफर का लाभ उठाना चाहिए।

### दी आर्या भट्ट इंस्टीट्यूट के दसवीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए उतीर्ण

**किरण कुमारी बनी संस्थान टॉपर**

शिक्षा
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा

**बरही–** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हज़ारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के दसवीं के विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। किरण कुमारी 412 नम्बर ला कर बनी संस्थान टॉपर। वहीँ रागनी प्रिया 389, तरानुम 386, ज़ैनब 372, अनूपा कुमारी 371, नाज़िया परवीन 369, ट्विंकल 353, स्वेता कुमारी 350, रिया कुमारी 339, रानी 330, नुसरत परवीन 328, तनीषा 324, भारती कुमारी 321, परवीन कुमार 321, अनामिका 315, प्रियांशु 309, मुस्कान 308, अंजली 300, अनिशा, रूपा, रिया, खुसबू, अमीषा, सपना, प्रीति, वर्षा ने प्रथम श्रेणी स्थान प्राप्त कर के संस्थान का नाम रौशन किया। संस्थान के सभी शिक्षको ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## हजारीबाग रामनवमी 2024 हुआ भव्य एवं शांतिपूर्ण समापन, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने हजारीबाग वासियों का जताया आभार

**● मीडिया ने अपनी जिम्मेदारी को निभाया, शांति समिति के तमाम सदस्यों का दिल से आभार- डीसी**

**● आईजी, डीआईजी के गाइडेंस और उपायुक्त महोदया के अनुभव के कारण शांतिपूर्ण रामनवमी का समापन हुआ- एसपी**



**स्वतंत्र प्रभात**

**हजारीबाग–** जिला में रामनवमी 2024 शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर आईजी डॉ माइकल राज ने हजारीबाग के समस्त जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के बेहतर कॉर्डिनेशन को सफलता मूल मंत्र बताया। मौके पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जिलेवासियों को धन्यवाद दिया है। उपायुक्त ने कहा कि इस बार हजारीबाग वासियों ने मिसाल कायम किया है, सभी को दिल से आभार।

पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, अन्य जिलों से आए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कर्मियों, विद्युत विभाग, नगर निगम एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े तमाम लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अथक प्रयास और पूरी तत्परता के साथ सभी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। मीडिया को धन्यवाद देते हुए उपायुक्त ने कहा सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सही सूचनाओ को आमजन तक पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक ने भी ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के सफल आयोजन पर उन्होंने कहा कि तमाम जिले वासियों के सहयोग, अनुशासन से प्रभावित हूं। सभी मीडिया कर्मी, पुलिस प्रशासन ने भी इस ऐतिहासिक पर्व को सफल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी सभी को आभार। उन्होंने शांति समिति, शांति मित्र, अखड़ा समिति, सद्भावना समिति, संरक्षण समिति, महासमिति के तमाम सदस्यों और विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से यह सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उम्मीद जताया कि आगे भी इसी तरह जनता और मीडिया का सहयोग मिलता रहेगा।

## श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति राम भक्तों का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया


**● राम भक्तों का जोश और उमंग पिछले वर्ष के अपेक्षा ज्यादा- टोनी जैन**

**स्वतंत्र प्रभात**

**हजारीबाग–** श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति दसवीं की रात से एकादशी तक राम भक्तों सहित सभी अखाड़ा धारीयो का स्वागत परंपरागत ढंग जोरदार पुष्प वर्षा कर किया, दशमी के शाम 7:00 बजे मंच का शुभारंभ उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के साथ हजारीबाग बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास ने किया स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने महंत जी को अंग वस्त्र और तलवार भेंट कर स्वागत किया। महंत जी ने टोनी जैन के सर पर साफा बांधकर आशीर्वाद दिया , महंत जी ने अपने उद्बोधन में कहा की स्वागत समिति पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम भक्तों का स्वागत जोरदार करेगी। हमारा पूरा विश्वास है की समिति के जितने नए सदस्य हैं सभी सहयोग करेंगे, एकादशी की सुबह राम भक्तों के बीच विशेष कर महिला और बच्चों को बिस्किट का पैकेट देकर अपना कुछ योगदान साझा किया। हजारीबाग की विधायक भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल जी आरएसएस जिला प्रमुख श्री श्रद्धानंद सिंह अपने सहयोगी के साथ मंच पर पधारे स्वागत समिति अध्यक्ष टोनी जैन ने विधायक मनीष जायसवाल आरएसएस प्रमुख श्रद्धानंद सिंह को तलवार भेंट कर एवं अंग वस्त्र देखकर स्वागत किया। विधायक जी ने अपने उद्बोधन में कहा की लगभग 525 साल बाद राम भगवान अपने महल में विराजमान हो गए हैं। तमाम राम भक्तों को वहीं से आशीर्वाद दे रहे हैं इसीलिए इस वर्ष भी हजारीबाग रामनवमी काफी धूमधाम से मनाएगी। पिछले वर्ष की भांति स्वागत समिति राम भक्तों का स्वागत जोरदार करेगी। टोनी जैन ने विधायक और आरएसएस जिला प्रमुख के स्वागत में कहा विधायक जी का मार्गदर्शन हम लोगों को लगातार मिलता रहता है। पिछले वर्ष की भांति विधायक जी राम भक्तों का उत्साह वर्धन कर रहे हैं। आज से लेकर एकादशी के दिन तक लगातार राम भक्त मंच पर आशीर्वाद देने आते रहे। स्वागत समिति ने सभी का स्वागत जोरदार किया। हजारीबाग के प्रथम सांसद यदुनाथ पांडेय ,मांडू के विधायक कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी श्री श्री जयप्रकाश भाई पटेल और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सुपुत्र आशीर सिंहा सभी ने मंच पर आकर मंच का सम्मान बढ़ाया टोनी जैन और उनकी टीम ने सभी अतिथियों का तलवार और अंगवस्त्र देखकर सम्मान किया, रात से लेकर दिन तक आने वाले अतिथियों में मुख्य रूप से उमेश राणा जी ,कयुम अहमद, तनवीर अहमद , भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार ,सुनील साहू, अनुपम सिंहा संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान, गुड्डू सिंहा अशीष सोनी, पिकु यादव, राजेश यादव, राकेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, ज्योत्सना देवी, शेफाली गुप्ता, पूनम मिश्रा हिंदू प्रचारक अमन कुमार, अजय दास मनोज गोयल, चंदन गुप्ता, विशाल वाल्मीकि, मुनींद्र शर्मा, अनिल सिंहा अजय साव,हिमांशु कुमार ,पूर्व उप महापौर आनंद देव सहित सैकड़ो की संख्या में शहर के गणमान्य लोगों ने स्वागत समिति के मंच पर आकर मंच की शोभा बढ़ाई। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से सोनू गुप्ता, अमित पांडे, शेखर गुप्ता, निशिकांत सिंह, अंकित अग्रवाल, विनीत छाबड़ा, मुकेश सिंह, ऋषि अजमेरा भाजपा नेता केपी ओझा, सुमन कुमार, कुंवर मनोज सिंह, वार्ड पार्षद अनिल प्रसाद ,मनोज सिन्हा, चैतन्य जैन आदर्श अग्रवाल, अक्षत जैन नमन अग्रवाल, मयंक जैन सहित समिति के सारे पदाधिकारी ने स्वागत करने में अपनी भूमिका निभाई।

## कड़ी धूप एवम गर्म हवा ने? बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

**स्वतंत्र प्रभात**



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड–** विगत कई दिनों से पाकुड़िया में तेज धूप व गर्म हवा से लोगों की मुश्किलें बढ़ीं है।धूप की प्रखरता ने हवा को भी,अपने चपेट में ले ली है जिसे लोगों का आवागमन भी प्रभावित होता दिख रहा है। तपती सूर्य किरणों से श्रमिक वर्ग विशेष रूप प्रभावित दिख रहे हैं। बताया जाता है, कड़ी धूप के कारण उन्हें शीघ्र ही रोजी के लिए निकलना पड़ा रहा और दुसरी पाली में चार से छः बजे तक ही काम कर पाते हैं। वहीं दुसरी ओर बैंक, सीएसपी के लिए भी जरुरत मंदों को शीघ्र घरों से निकलने की विवशता दिख रही है।

शनिवार को एक वृद्धा जिसकी आयु 65 पार चुकी है तथा कमर झुक गयी है प्रातः ही सीएसपी आई। पूछने पर उन्होंने बताया कि लू चलने के भय से जल्द आई हूँ। जबकि।तपती धूप व गर्मी से प्रखण्ड के विभिन्न सुदूर ग्रामीण इलाकों में पेयजल की भारी किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं। तेज धूप व गर्मी में खीरा, तरबूज, पेय तरल पदार्थों की बिक्री बढ़ने की सूचना है।पाकुड़िया में लोग सुबह ही सब्जी आदि की खरीददारी करते दिखे। वहीं ग्रामीण किसान प्रातः ही करैला, भिंडी, खीरा, टमाटर, मकई आदि लाकर बिक्री कर वापस होते रहें हैं। बहरहाल प्रबुद्धजनों की राय है कि प्रकृति नियत समय पर सबों की हित में अपना काम करती रहेगी। यदि असमय प्रकृति में बदलाव हमें दिखता है तो हम ही इसके जिम्मेवार हैं।

## जैक परीक्षा में गांधी हाई स्कूल का रहा शत प्रतिशत रिजल्ट, 99 में 89 बच्चे हुए प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरही–** बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में संचालित गांधी हाई स्कूल के बच्चों ने जैक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। गांधी हाई स्कूल के 99 परीक्षार्थी माध्यमिक परीक्षा में शामिल हुए और सभी अच्छे अंक लाकर उत्तीर्ण हुए। 89 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए वही शेष बच्चों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। विद्यालय की दीपक कुमार ने 86.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। इसके अलावा सुमित कुमार ने 82.80 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरे, लक्की सोनी ने 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही ज्योति कुमारी 397 अंक, अंजली कुमारी 394, रॉकी कुमार 389, सीमा कुमारी 383, शुभम कुमार 378, रवि शंकर कुमार 376, राजा कुमार 373, कौशल पाठक 371, देवनंदन कुमार 364, मंटू कुमार 361, अंजली कुमारी 361, निक्की कुमारी 357, निशांत कुमार 356, सुनिधि कुमारी 354, सचिन कुमार 353, सुनैना कुमारी 354, अलका कुमारी 353, अंशु कुमारी 350, नीलम कुमारी 349, अंकित कुमार 348, वीरेंद्र कुमार 348, विपिन कुमार 345, अनिल कुमार 345, एमडी जावेद 344, मनीषा कुमारी 342, पायल कुमारी ने 341 अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षको में निजामुद्दीन अकेला, कमल प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, गणेश केसरी, नरेश कुमार, रवि कुमार, राजेश कुमार, आशा कुमारी, सुनीता कुमारी आदि ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की बात कही।

## बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**● पिछले कई दिनों से पाकुड़िया में की जा रही है।अनियमित बिजली की आपूर्ति**



**स्वतंत्र प्रभात**

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड–** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया में पिछले दिनों से बिजली आपूर्ति में भारी अनियमितता से,बिजली उपभोकता काफी परेशान हैं।एक ओर जहां प्रचण्ड धूप व गर्म हवा ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है वहीं,बिजली की भारी कटौती ने कठिनाई को और विस्तार कर दिया है।गर्मी के दिनों में बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण,ग्रील कार्य के अलावे इनभाइटर,बैटरी चार्ज,कम्प्यूटर आदि बिजली से संचालित होने बाले उपकरण बंद होने से परेशानी बढ़ी है।प्रखण्ड मुख्यालय में यदि,बिजली आपूर्ति में भारी कमी देखी जा रही है तो ग्रामीण क्षेत्रों की स्थितियों का आकलन,आसान से किया जा सकता है।बिजली विभाग बिजली की अनियमित आपूर्ति पर जो भी,तर्क या तृटियों की बात कहें इन दिनों उपभोक्ताओं को रास नहीं आयेगा।बिजली समय की मांग है बिजली के अभाव में,लोगों के काम काज पर बुरा प्रभाव पड़ना तय है जो,आर्थिक स्थिति को प्रभावित करेगा।विभाग को बिजली की अनियमित आपूर्ति से अवगत हो,शीघ्र ही ठोस स्टेप लेना जनहित में बड़ा कदम होगा।

## 11 पंचायतों में भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक का तूफानी दौरा, जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मांगा वोट

**स्वतंत्र प्रभात**



**चौपारण हजारीबाग झारखंड–** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य के साथ प्रखण्ड के 11 पंचायतों के दर्जनों गाँवो में चलाया तूफानी जनसम्पर्क अभियान। शादी-लग्न, क्षेत्र में कई धार्मिक आयोजन और महुआ चुनने का समय होने के बावजूद क्षेत्र की जनता और मतदाता ने तादाद में उपस्थित होकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को सुना और उनके समर्थन में मतदान करने का उन्हें भरोसा जताया। इस दौरान चोरदाहा, चौपारण, सियरकोनी, यवनपुर, चयकला, दादपुर, बेढ़ना शिव मंदिर, बेला, रानीक, झापा, चैथी, पपरो, करमा, बहेरा और मानगढ़ का चुनावी दौरा किया। इस दौरान महाराजगंज चौक पर सैकड़ों बाइक जत्थे के साथ गर्मजोशी से मनीष जायसवाल व मनोज यादव का भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। ग्राम पंचायत चयकला में ग्रामीणों ने 51 किलो के विशाल माला से अभिनंदन कर पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। ग्राम दादपुर में जनसंवाद के दौरान जैक के मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में प्रखंड टॉपर बने छात्र अनिकेत सिन्हा और उनके स्कूल मॉडर्न स्कूल, दादपुर के शिक्षकों का मनीष जायसवाल और मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से माला पहनाकर हौसलाअफजाई किया। तूफानी दौरे के क्रम में हरेक गांवों और क्षेत्र में ग्रामीणों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गाजे-बाजे, ढोल-तासे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर जबरदस्त स्वागत किया।

**देश का मान-सम्मान और अभियान हैं मोदी, तीसरी बार बनाएं मोदी सरकार- मनीष जायसवाल**

चौपारण प्रखंड के तुफानी दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों से कहा की हिंदुस्तान का मान- सम्मान और अभियान नरेंद्र मोदी हैं इसीलिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाए । उन्होंने कहा की कांग्रेस के 62 साल के तुलना में मोदी सरकार का 10 साल भारी है। उन्होंने यह भी कहा की मैं मन से नेता नहीं सेवक हूं और सेवा के भाव से ही राजनीति में आया हूं। आशिर्वाद दें अपने सेवा को विस्तार दूंगा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को नई बुलंदी तक पहुंचाऊंगा।

**नेता नहीं बेटा भाई चुनें, मनीष को अपना सांसद चुनें- मनोज कुमार यादव**

मनीष जायसवाल के समर्थन में चल रहें बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की नेता नहीं बेटा/भाई चुनें, मनीष जायसवाल जैसे सुलभ, मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व को ही अपना सांसद चुनें। उन्होंने कहा की मनीष जायसवाल गरीबों के मसीहा हैं और जनता के हर सुख- दुख में सहभागी बनकर उनके साथ रहते हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की खुशहाली के लिए कमल फूल छाप पर ही बटन दबाएं।

**मौके पर ये गणमान्य रहे मौजूद**

मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, सहसंयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रमेश ठाकुर, रामस्वरूप पासवान, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साव, चौपारण पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ,विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा नेता रंजीत चनद्रवंशी , सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, अशोक साव, भाजपा नेता राजदेव यादव, आशीष सिंह, नविन सिन्हा ,गजाधर प्रसाद, जिप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, महामंत्री अरविंद सिंह, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता,पूर्व मुखिया सुखदेव पासवान, प्रतिनिधि राजकुमार यादव, कृष्णा पासवान, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, रामचन्द्र सिंह, संतेन्द्र सिंह, शिवकुमार यादव, सुरेन्द्र पांडेय, राहुल राणा, भरत सिंह, दिलीप राणा, रिशु बर्णवाल, परमेश्वर यादव, भूपेंद्र यादव, रंजन चौधरी दशरथ साहू ,देव कुमार दांगी, सुरेश, दांगी उदय दांगी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में हज़ारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस-2024 संपन्न

**● हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने दिया सभी को बधाई**



**स्वतंत्र प्रभात**

**हजारीबाग–** हज़ारीबाग की ख्यातीपुर्ण और ऐतिहासिक रामनवमी जुलूस-2024 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति और अमन के साथ संपन्न कराने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हज़ारीबाग के सभी अखाड़ाधारी, क्लबों के सदस्यों, आम-आवाम, रामभक्त, सद्भावना से जुड़े लोग, समाजसेवी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रामनवमी महासमिति के लोग, विभिन्न सामाजिक संगठन और प्रेस- मीडिया के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दी। हजारीबाग रामनवमी की परंपरा वर्तमान वर्ष पूरे उत्कर्ष और वैभव पर दिखा और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। झांकियों के अवलोकन के लिए विशाल जनसैलाब भी उमड़ा। हजारीबाग के जन-जन रामधुन में रमें रहें और कण- कण में श्री राम नाम गुंजायमान होती रही।

## समीर उरांव की जीत सुनिश्चित करने हेतु चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**स्वतंत्र प्रभात**



**लोहरदगा झारखंड–** लोकसभा संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में आजसू पार्टी के द्वारा आज बड़की चाँपी, छोटकी चाँपी ,बंदुआ सहित अन्य गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, ग्रामीणों से जनसंपर्क करते हुए यह कहा गया की एनडीए के हाथों को मजबूत करना है और समीर उरांव को भारी बहुमत से विजयी बनाना है, क्योंकि समीर उरांव एक जुझारू नेता है बाकी अन्य उम्मीदवारों का इतिहास जनता जानती है, इसलिए ऐसे उम्मीदवार को जीता कर भेजना है जो इस लोकसभा सीट की समस्याओं को लेकर दिल्ली में आवाज उठा सके एवं कार्य करा सके. आज के इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ,पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह ,आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाठक, अनिरुद्ध महतो, बढतु महतो, नीरज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, संजय भगत, कामेश यादव ,शंकर पासवान, प्रवीण गोयल, कबीर अंसारी, अरुण उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## देवस्थली एकेडमी में बच्चों ने मेहंदी लगाकर दिया मतदान जागरूकता संदेश

**स्वतंत्र प्रभात**



**सिरसागंज–** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में देवस्थली एकेडमी, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद अवस्थी व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बच्चों की मेहंदी की प्रशंसा करते हुए बच्चों को मतदान के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने मतदान के प्रति विभिन्न जागरूक स्लोगन आपका मत, आपका अधिकार, मेरा वोट मेरा अधिकार, पहले मतदान फिर जलपान आदि अपनी मेहंदी पर प्रदर्शित किए। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान एवं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मत है। यह लोकतंत्र का पर्व, देश का पर्व है, मतदान अवश्य करें। प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिये। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद अवस्थी ने सभी विद्यार्थियों को अपने माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जतिन यादव,दीपक कुमार एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## तमंचा कारतूस सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व 05 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैंकिंग के दौरान व मुखबिर की सूचना पर थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा शनिवार को एक शातिर अभियुक्त आयुष उर्फ वंशी पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी आलमपुर जारखी थाना लाईनपार जनपद फिरोजाबाद को देवेस चौक थाना उत्तर फिरोजाबाद से एक तमंचा व 05 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## अवैध असलाह सहित किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा लोकसभा सामान्य चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर शनिवार को थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त आरिफ पुत्र नवी हुसैन निवासी कोहिनूर रोड गली नं0 22 थाना रामगढ फिरोजाबाद को नगला मिर्जा बडा तिराहा फिरोजाबाद से एक नाजायज तमंचा व 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# राजनीति ने युवाओं को किया निराश

राजनीति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा अपने विचारों से सभी क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। वे जिस विचार की ओर अग्रसर होते हैं समाज में उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। दुनिया में सबसे अधिक मांग युवाओं की ही रहती है। युवाओं की तपिश से बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल होता देखा गया है। भारत की राजनीति में सबसे अधिक मांग युवा विचारों के साथ युवाओं की ही रहती है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को युवाओं ने ही धार दी।

युवाओं का आकर्षण का केंद्र राजनीति है। राजनीति उन्हें आकर्षित करती है, मगर राजनीति ही उन्हें अपमानित करती है। भारत की राजनीति ने युवा मन को निराश किया। राजनीति युवाओं में विराट लक्ष्य नहीं देखती। राजनीतिक दलों से जुड़े युवा कभी इस दल का कभी उस दल के हाईकमान का जिंदाबाद बोलते हैं। स्वयं का नुकसान करते हैं । सत्तावादी राजनीति ने युवाओं का भारी नुकसान किया। हो भी रहा है। युवाओं में प्रतिस्पर्धा है। प्रतिस्पर्धा ठीक होती है। युवा सपने देखते हैं सफल होते हैं। असफल भी होते हैं। टूटते हैं। आज युवा बेरोजगारी से टकरा रहे हैं। युवाओं पर पढ़ाई के साथ परिवार वालों का भी दबाव होता है कि कुछ कर दिखाना है।

अनेक युवा भारतीय राजनीति में आए उन्होंने लगातार समाज के वंचितों के लिए काम किया। समाचार पत्र निकाले। समाज राष्ट्र की समस्याओं को मिशन बनाया। बड़े राजनेता बने। पत्रकार बने। अधिकारी बने सेवा में गए। ऐसे युवाओं की बड़ी संख्या है कि वह पहले प्रशासनिक अधिकारी बने । बाद में सीधे राजनीति में कूदे। कुछ को सरकारों ने ही पुरस्कृत किया। कुछ आजीवन संघर्षरत रहे।

सरकारों ने युवा नीति को लेकर अब तक क्या किया। यह भी समझना आवश्यक है। भारत मे पहली बार युवानीति सन् 1988 मे दोनों सदनों मे रखी गयी। युवा मामलो और खेल विभाग को इस क्रियान्वयन कि जिम्मेदारी सौपी गयी। उददेश्य था कि उनके व्यक्तित्व कार्य क्षमता को मजबूत बनाये। साथ ही आर्थिक रूप से उत्पादक के साथ अधिक से अधिक सामाजिक ताना बाना मजबूत हो। वर्ष 2003 मे फिर युवा राष्ट्रनीति पर चर्चा हुई। 2003 मे 13 से 35 वर्ष के आयु के व्यक्ति को युवा रूप मे परिभाषित किया गया। वर्ष 14 मे भाजपा सरकार ने युवाओ के समग्र विकास के लिए वचनबद्धता दोहराइ। वर्ष 2023 मे केंद्र सरकार ने युवाओ को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की आवश्यकता बताई। कहा यह शिक्षा व्यावसायिक कौशल सिखाती है। समग्र विकास मे सहायक है। कहा कि इस नीति का उददेश्य युवाओ मे आत्मविश्वास से मजबूत आर्थिक व्यवस्था के साथ मानसिक शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाना है। इसका उददेश्य युवाओ के विकास के लिए कार्यवाही करना है। युवा नेतृत्व एवं विकास स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल आदि के विषय वर्ष 2023 से 2032 का मसौदा है, और यह मसौदा वर्तमान मे युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधीन विचाराधीन है। केंद्र सरकार ने मसौदा नीति पर सुझाव मांगे हैं। विचाराधीन है।

संयुक्त राष्ट्र संघ कि दृष्टि मे युवावस्था को सामान्यतः परिवर्तन के तौर पर माना जाता है। युवा वयस्कता की सामाजिक कसौटियो, रोजगार, परिवार और एक उत्पादक नागरिक के रूप मे जो प्रयास कर रहे है। युवा परिवर्तन के प्रतिनिधि है। युवा शब्द अंग्रेजी के जियोंग का है। इसका अर्थ युवा, युवक नया है। वहीं संस्कृत शब्द युवान है। इसका अर्थ युवा युवक है। ऑक्सफोर्ड के अंग्रेजी शब्दकोष मे युवा का अर्थ कम आयु किशोर से है। किशोरावस्था, युवा और वयस्कता के बीच अंतर बताया है। क़ानूनी प्रक्रिया मे 18 वर्ष से कम आयु के युवाओ के लिए किशोर शब्द है। यह लैटिन शब्द (जुवेनिस) से बना है। जिसका अर्थ युवा या युवा व्यक्ति होता है। इसी से जुवेनाइल बना। भारत मे किशोर न्यायालय ही जुवेनाइल कहे जाते है।

भारतीय राजनीति को महात्मा गांधी, डॉ राम मनोहर लोहिया और अंबेडकर तीनों नेताओं ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। तीनों महापुरुषों की भिन्न-भिन्न विचारधाराए चली। युवा गांधी दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया से डरबन जाते समय रेल में रंगभेद का शिकार हुए। गांधी ने दक्षिण अफ्रीका मे इंडियन ओपिनियन अखबार निकाला । भारतीयों की ज्वलंत समस्याओं को उठाया। पूरी दुनिया में रंगभेद के विरुद्ध वातावरण बनाने में जुटे रहे। गांधी भारत आए। भारत में अंग्रेजी सत्ता की गुलामी के विरुद्ध बिगुल फूँका । लाखों नौजवान उनके साथ खड़े हो गए। लड़ाई बढ़ गई । फिर आंदोलन का दौर चला। गांधी के आवाहन पर जिस तरह भारतीय नौजवान छात्र जुटे ऐसा विश्व इतिहास में परतंत्र भारत में पहली बार था। गांधी बैरिस्टर से महात्मा होने की यात्रा में चल पड़े। नमक आंदोलन, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, दांडी मार्च, जैसे बड़े आन्दोलन खड़े कर दिखाये।




इस सब के पीछे युवा शक्ति थी। वह युवा शक्ति अपने राष्ट्र के लिए जागृत हो चुकी थी। आज कोई कुछ भी कहे मगर बैरिस्टर से गांधी महात्मा की यात्रा युवाओं के कारण अद्भुत अकल्पनीय बनी। वह युवाओं के साथ दुनिया के प्रेरणास्रोत रहेंगे।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने पहले भारत में पढ़ाई की। विदेश से पढ़ाई पूरी कर लौटे तो उन्हें भारतीय समाज में ऊँच नीच की सड़ी गली व्यवस्था ने झकझोर दिया। वह बचपन में अपने गांव से लेकर पूरे भारत में जातियों से बंटे समाज को निहार रहे थे। वह इस व्यवस्था से जूझ गए। तभी कहा शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो यह मंत्र किसी समाज के लिए शुभ दायक ही है। डॉ आंबेडकर के विचार प्रतिपल छात्रों युवाओं को प्रभावित करने वाले हैं। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा का गठन हुआ। संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष बने।

स्वामी विवेकानंद भी युवा थे। नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद की यात्रा रामकृष्ण परमहंस के मिलन से आरंभ हुई। वह भारत की संस्कृति को विश्व में स्थापित करने का स्वप्न लेकर अमेरिका गए। साथ ही अनेक देशों की यात्राएं इसी उद्देश्य से की। वहाँ अपनी भारत की वैदिक सांस्कृतिक अनुभूति को पूरे विश्व के सामने रखा। अरविन्द घोष भी ज्वलंत युवा थे।उन्होंने भी भारतीय स्वाधीनता, योग और संस्कृति के लिए आद्वतीय काम किया। सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस, गणेश शंकर विद्यार्थी, राजगुरु, युवा ही थे। स्वतंत्रता के लिए इन्हीं सबसे प्रेरित ज्वलंत युवाओं ने अपने देश के लिए बलिदान किया।

भारत के हजारों युवा विदेश यात्राओं में रहते हैं मगर वह नौकरी के लिए ही विदेश जाते हैं। कुछ युवा पर्यटन और मस्ती के लिए जाते हैं। भारतीय युवाओं का विदेश नौकरी करने जाने का कारण है राष्ट्र का कृषि प्रधान और संयुक्त परिवार वाला ढांचा का दरक जाना। या टूट ही चुका है। प्रत्येक युवा को धन कमाना है। रोटी कपड़ा मकान बनाना है। भारत में बाजारवाद युवाओ को यह समझाने में सफल रहा कि मकान, कार, आधुनिक सामग्री व्यक्ति को श्रेष्ठ बड़ा बनाते हैं। कहीं तक बात ठीक भी है। दूसरी तरफ परंपराएं हैं। वह क्षीण हो रही है। वह अब बासी हो चुकी हैं। परंपराएं युवाओं को अब नहीं रोक पा रही है। पहले भी तर्क थे। एक पीढ़ी से दूसरी के बीच के समय अंतराल के। आधुनिकता के नाम पर सारे बंधन युवा तोड़ रहे हैं। आधुनिकता के सामने परंपराओं की दृष्टि चौंधिया गई है। संस्कृति और परम्परा दोनों अलग-अलग होते है। जीवन प्रतिमान बदल गए हैं। अब बाजार ही हमारी जीवन शैली का अधिकांश भाग तय करती है। संस्कृति वादी निंदा करके अपना काम चला रहे हैं। आधुनिकता सभी क्षेत्रों में आई पहले वस्त्रों के पहनने में आई फिर वस्त्रों को कम करने में आई। अब वस्त्रों को उतार फेंकने में ही आधुनिकता है। पूरी दुनिया मे आधुनिकता के नाम पर अखाद्य वस्तुओ को खाने का फैशन बढ़ा है। शिक्षा में आई आधुनिकता ने अंग्रेजी थोप दी। बाजार ने रुपया के बदले वस्तुओं का उत्पादन बढ़ाकर बड़े नगरों से गांव तक अपना साम्राज्य बढ़ाया। युवा बाजार की चपेट मे है।

आज युवा क्या कर रहा है? राजनीतिक भागीदारी कितनी है ? युवा प्रश्न नही उठा रहा? जिन राष्ट्र समाजो के युवा प्रश्नों से विरत हैं उनका नेतत्व कैसा होगा ? वे अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन की भी क्षमता भी नही रखते। आज का युवा फेसबुक में फ़ोटो सरकाने में आनंदित होता है। वहीं युवा सरकारों के सामने नतमस्तक है। यह खतरनाक है। युवा और भारतीय संस्कृति दोनों के लिए युवाओ को ही आगे आना होगा। तभी राष्ट्र समाज का कल्याण होगा।

**अरुण कुमार दीक्षित**
**लेखक मान्यता प्राप्त पत्रकार**

## संपादकीय

# 'जनता दल' जैसा मोर्चा चाहिए विपक्ष को



आम चुनाव चालू हो गए हैं पहले चरण का मतदान सम्पन्न हो चुका है, सभी पार्टियां अपने अपने दावे कर रहीं हैं लेकिन जनता ने क्या निर्णय किया यह 4 जून को ही पता चलेगा जब ईबीएम खुलेंगी। लेकिन यहां पर यह निश्चित है कि जब तक पूरा विपक्ष एकजुट नहीं होता तब तक किसी हालत में यह सरकार बनाने में कामयाब नहीं हो सकता। विपक्षी एकता में सबसे बड़ी बाधा है अपना अपना स्वार्थ। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ जब विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जनता दल तैयार किया था तब देश की सभी पार्टियों को एकजुट किया था और बड़े ही आराम से सभी दलों के नेताओं ने एकजुटता का परिचय दिया था। लेकिन आज की परिस्थिति अलग है। सभी क्षेत्रीय पार्टियां सबसे पहले अपना स्वार्थ देख रहीं हैं। एक एक सीट के बंटवारे में गठबंधन टूट जाता है। नितीश कुमार ने इंडिया गठबंधन बनाने की बड़ी कबायद की थी लेकिन फिर पता नहीं अचानक क्या हुआ सुशासन बाबू को वह विपक्ष का साथ छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

जैसे ही नितीश कुमार अलग हुए सारा विपक्ष तितर-बितर हो गया। कांग्रेस ने कहीं कहीं गठबंधन तो किया है लेकिन वह राज्य स्तर पर है और उसका कोई वजूद भी नहीं है क्योंकि कि हर राज्य में तीसरा दल उनकी मजबूरी को कमजोर कर रहा है। उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो यहां कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन हुआ है जिसमें कांग्रेस 11 सीटों पर और समाजवादी पार्टी 69 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी अलग पार्टी बना ली है। पल्लवी पटेल की अपना दल कमेराबादी ने एआईएमआईएम से गठबंधन किया है। ओमप्रकाश राजभर पहले ही समाजवादी पार्टी से गठबंधन तोड़ चुके थे तो सबका अपना अपना स्वार्थ था। इधर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने भी बड़ी पार्टियां होते हुए दरियादिली नहीं दिखाई। सही से देखा जाए तो इस समय विपक्ष की सभी पार्टियां अपने वजूद को बचाने में लगीं हैं।

सवाल वही है कि यह पार्टियां भारतीय जनता पार्टी से तो लड़ती दिखाई ही नहीं दे रहीं हैं केवल अपना वजूद बचा रहीं हैं। यदि यही हाल चलता रहा तो यह निश्चित है कि विपक्ष पूरी तरह से समाप्त हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ वोट कम नहीं है लेकिन वह वोट आपस में ही विपक्ष में बंटा जा रहा है जिस कारण विपक्ष भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध चुनौती पेश नहीं कर पा रहा है। एक समय कांग्रेस की सरकार लगातार इसी तरह जीतती रहती थी। लाख जतन के बाद भी विपक्ष असहाय नजर आता था। लेकिन समय का चक्र चला। विश्वनाथ प्रताप सिंह कांग्रेस से अलग हुए और उन्होंने विपक्ष के सभी नेताओं के पास जा जा कर बातचीत की और सभी को एक मंच पर ले आये नये दल का नाम रखा जनता दल। आज विपक्ष के जितने भी दल हैं वो जनता दल से टूट कर ही बने हैं। लेकिन विश्वनाथ प्रताप सिंह ने दिखा दिया था कि यदि विपक्ष एकजुट हो जाए तो किसी को भी हराया जा सकता है।

देश में हमेशा से दो विचारधाराएं काम करती आ रहीं हैं। एक पक्ष की और दूसरी विपक्ष की तो पक्ष के लोग तो एक जुट हो जाते हैं लेकिन विपक्ष के लोग अपनी अपनी तरह से काम करते हैं। बंगाल में ममता बनर्जी का अपना अलग ही तरीका है वह सरकार से पंगा अपने दम पर ही लेती हैं। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी भले ही विपक्ष में हो लेकिन वह विपक्ष को कमजोर करने का काम ही कर रही हैं। बहुजन समाज पार्टी जानती है कि उनके प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को ही लाभ पहुंचाएंगे लेकिन उन्हें अकेले ही चुनाव लड़ना भाता है। इसका एक कारण और है जब सपा और बसपा एक होते हैं तो सपा का वोट तो बसपा में ट्रांसफर हो जाता है लेकिन बसपा का वोट सपा में ट्रांसफर नहीं हो पाता है। बिहार की बात करें तो वहां जितने भी दल हैं आर जे डी को छोड़कर सभी भारतीय जनता पार्टी के साथ मिल गए हैं। चिराग पासवान, उनके चाचा पार्श्वनाथ, जीतन राम मांझी, नितीश कुमार सभी भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं। विपक्ष में केवल लालू प्रसाद यादव और उनकी पार्टी आरजेडी ही है। यह पर आर जे डी की ग़लती नही है।

यदि वर्तमान परिस्थितियों में गौर करें तो देश में एक या दो विचारधाराएं नहीं कई विचारधाराएं उत्पन्न हो गई है। और वह अपनी मर्जी से काम कर रही हैं। दक्षिण भारत में एक अलग विचारधारा काम कर रही है। दक्षिण भारत की विचारधारा को केवल वही के लोग सही मानते हैं।

उत्तर प्रदेश के लोग दक्षिण की विचारधारा के पक्ष में नहीं हैं। क्यों कि वहां देवी देवताओं का अपमान भी एक आम बात है जिसे उत्तर प्रदेश पूर्वी भारत या उत्तर भारत में पसंद नहीं किया जा सकता। आज यदि भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करना है तो सभी को एक होना पड़ेगा। नहीं तो जिस तरह कांग्रेस ने वर्षो राज्य किया है उसी तरह भारतीय जनता पार्टी को भी रोक पाना बहुत ही मुश्किल है। भारतीय जनता पार्टी आज के समय में पिछली कांग्रेस सरकारों से भी अधिक मजबूत है।

**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# [जीवन चिंतन] निराशा से बढ़कर कोई व्याधी और शत्रु नहीं।




**संयम, अनुशासन सफलता के अचूक अस्त्र।**

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी हैद्य

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मो में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकताद्य

**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, संयोजन कर्ता,**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक
राजीव कुमार शुक्ल
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

# दैनिक राशिफल 21/04/2024




1.मेष

राजमान व यश में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। काफी समय से लंबित कार्यों में गति आएगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

2.वृष

शत्रु कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। वाहन व मशीनरी के कार्यों में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। समय पर किसी कार्य का भुगतान नहीं कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय साधारण रहेगा।

3.मिथुन

दुष्टजनों से सावधान रहें। शारीरिक कष्ट से बाधा तथा हानि संभव है। बेचैनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का साथ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

4.कर्क

शत्रु सक्रिय रहेंगे। सावधानी आवश्यक है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। चोट व रोग से बचें। कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करे। भूमि व भवन संबंधी कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा संभव है।

5.सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पस्त होंगे। उनकी एक नहीं चलेगी। किसी मांगलिक-आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। हल्की हंसी-मजाक से बचें। कार्यक्षेत्र में उत्साह व प्रसन्नता बनी रहेगी।

6.कन्या

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश संभव है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। लाभ में कमी रहेगी। उत्साह की कमी महसूस करेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

7.तुला

सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही रुके काम बनेंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

8.वृश्चिक

सुख के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। अज्ञात भय रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा प्रबल होगी।

9.धनु

वैवाहिक प्रस्ताव विवाह के उम्मीदवारों का इंतजार कर रहा है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अनहोनी की आशंका रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

10.मकर

राजभय रहेगा। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। कुसंगति से बचें। हानि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

11.कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। उत्साह में वृद्धि होगी।

12.मीन

विवेक से कार्य करें। सुख के साधन जुटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में सहकर्मी विशेषकर महिला वर्ग से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। किसी बात का विरोध हो सकता है। कष्ट व भय बने रहेंगे।

**आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार**

## संक्षिप्त ख़बरें

### बारातियों से भरी बस नहर में गिरी, हादसा टला



**सहजनवां/गोरखपुर** बुदहट थाना क्षेत्र के कटघर - बुदहट टू-लेन सड़क पर सरैया गांव के पास बारातियों से भरी बस नहर में गिर गई, हादसा टल गया कोई हताहत नहीं हुआ, सभी बाराती सुरक्षित है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकड़ी बरौली से शुक्रवार को महुली संतकबीरनगर बस से बारात गई थी, रात में वापस लौटते समय सरैया गांव के पास मोड़ पर बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई, हादसा टल गया सभी बाराती सुरक्षित हैं। आये दिन यहां इस मोड़ पर दुर्घटना होती रहती है।

### नाले का निर्माण 30 अप्रैल तक पूर्ण कराया जाए- नगर आयुक्त



**गोरखपुर।** आज नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा साइकिल से गोरखनाथ क्षेत्र में लगन पैलेस मैरिज हॉल से हरियाली मैरिज हाउस होते हुए निर्माणाधीन बसियाडीह नाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार पर नगर आयुक्त द्वारा नाराजगी जताई गई, और सहायक अभियंता एवम अवर अभियंता को सख़्त निर्देश दिए गए कि हर हाल में 30 अप्रैल तक नाले का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाय, अन्यथा कि स्थिति में संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। रसूलपुर दशहरी बाग के आगे कुछ लोगो द्वारा अपने घरों से आगे बढ़कर सड़क पर अतिक्रमण कर निर्माण करा लिया गया है, जिससे सड़क पतली हो गई है, नगर आयुक्त महोदय द्वारा सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि ऐसे अवैध निर्माण को हटवाकर एंड टू एंड नाली निर्माण सुनिश्चित कराएं।निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता संजय चौहान, सहायक अभियंता शैलेश कुमार, अवर अभियंता अतुल कुमार व राजकुमार तथा संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

### अच्छे अंक पाकर बढ़ाया परिवार का हौसला



**हरदोई** जिले के बघौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत महरी गांव के मूल निवासी स्वश श्री चन्द्रभाल अवस्थी के सुपौत्र ऋषिवर अवस्थी ने वर्ष 2024 में हाईस्कूल की परीक्षा 87.17 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। सुन्नी गांव में वर्तमान निवास कर रहे श्री जानकी प्रसाद इण्टर कालेज में अध्यनरत ऋषिवर अवस्थी ने बताया कि उनके पिता सुधीर अवस्थी 'परदेशी' हिन्दी दैनिक हिन्दुस्तान अखबार के पत्रकार हैं। मां मणि अवस्थी ' वीणा' ग्रहणी हैं। दादी कमल कुमारी का कुशल नेतृत्व हिम्मत बढ़ाता है। छोटे भाई मुनिवर अवस्थी का पढ़ाई में विशेष सहयोग है। उन्नाव जिले के औरास में श्री राष्ट्रीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य बड़े पापा श्री रामशंकर अवस्थी के मार्गदर्शन से ही अच्छे अंक मिल सके। बड़ी मम्मी श्रीमती सुषमा अवस्थी बड़े भाइयों में श्री शिवप्रकाश अवस्थी 'शानू' (ठेकेदार), श्री रामप्रकाश अवस्थी 'ज्ञानू' (नगर पालिका विभाग) और श्याम प्रकाश अवस्थी 'छोटू' (शिक्षक, एडवोकेट)ने समय समय पर पढ़ने के लिए उत्साहित कर हर तरह से सहयोग किया। रिश्तेदार और पापा जी की मित्रमंडली ने आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दादीजी की सेवा, गौ सेवा, मन्दिर सेवा, बड़े बुजुर्गों का आदर और ब्रह्म मुहूर्त में उठना शाम को समय से विश्राम करना दिनचर्या में शामिल है।

### मतदाताओं को किया गया जागरूक

संतकबीरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) टम्म्च् (लेजमउंजपब टवजमतश्े म्कनबंजपवद ंदक म्समबजवतंस च्ंतजपबपचंजपवद) कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन बूथो पर 40 से 50 प्रतिशत तक मतदान हुये थे उन बूथो के मतदाताओं को जागरुक किये जाने के लिए प्राथमिक विद्यालय की शिक्षकों द्वारा विकास खण्ड-खलीलाबाद के प्राथमिक विद्यालय बगहिया एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरी कला में क्षेत्रीय लोक संगीत के माध्यम से मतदाता जागरुकता सम्बन्धी प्रचार-प्रसार किया गया तथा ग्रामीणों को मतदान दिवस आगामी 25 मई को उनके मत के प्रयोग करने के लिए जागरुक किया गया तथा लोकतंत्र में उनकी सहभागिता के महत्व के बारे बताया गया।

# हाईस्कूल में अंशिका यादव जिले में अव्वल, प्रदेश में आठवां स्थान

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** खजनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत रामपुरवा इंटर कॉलेज में अध्यनरत अंशिका यादव स्कूल की परीक्षा में 600 में से 583 अंक (97.2 प्रतिशत ) पाकर जिला टॉप किया है। वहीं प्रदेश की सूची में आठवां स्थान मिला है। जिले में प्रथम व यूपी में आठवां स्थान मिलने पर ननिहाल ग्राम बरला में रह रही मेधावी छात्र को बधाई देने के लिए उसके घर ताता लगा रहा है। प्रधानाचार्य डाक्टर महानंद द्विवेदी ने अंशिका वह कॉलेज के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि जिला व प्रदेश में छात्रा जो स्थान मिला है उसके लगन और मेहनत का फल है।

बताते चलें कि तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पचौरी में जन्मी अंशिका पिता रणविजय यादव बचपन से ही मेधावी रही। बाबा राजेंद्र यादव ने बताया कि हमारी नतीनी बचपन से ही मेधावी रही। उसको पढ़ने के लिए कभी कहना नहीं पड़ता था और वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाती है। वहीं उसके पिता ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र है। उन्होंने बताया कि उसकी पढ़ाई से हमें लग रहा था कि उसका स्थान जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी आएगा, जो सच साबित हुआ। परिणाम आते मां कुसुम यादव खुशी से झूम उठी, बिटिया को मिठाई खिलाते समय आंखों में आंसू आ गये। उन्होंने कहा कि हम नाहीं जन्नत



रहलीं बिटिया के बदौलत हमरो नाम होई। छात्र के चाचा आनंद यादव पचौरी के वर्तमान प्रधान है। उन्होंने बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना की है। खबर लिखे जाने तक अंशिका के घर ग्राम पंचायत पचौरी में बधाई देने वालों का तांता लग रहा।

## परीक्षा परिणाम आते ही दो पक्षो में पास व फेल के नाम पर हुई भीषण मार पीट

- एक पक्ष से एक और दूसरे पक्ष से आधा दर्जन लोग हुए बुरी तरह घायल
- गम्भीर लोगो को डॉक्टर ने किया जिलाअस्पताल रेफर

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोलाथाना क्षेत्र के ग्राम डड़वापार उर्फ पाण्डेयपार में शनिवार को अपरान्ह में बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही दो पक्षो में पास व फेल की बात को लेकर भीषण मार पीट हो गयी। जिसमे एक पक्ष एक व्यक्ति का फटा तो दूसरे पक्ष से आधा दर्जन महिला व पुरुष बुरी तरह घायल हो गए। दोनों पक्ष के लोग मुकामी थाने पर पहुचे।गोला पुलिस दोनों पक्षो के सभी घायलों को इलाज के लिए सी एच सी गोला पर भेज दिया।डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर स्थित नाजुक देख जिलाअस्पताल रेफर कर दिया।



प्राप्त बिबरण के अनुसार गांव के ही तारकेश्वर यादव पुत्र गब्बू यादव व कन्हइया यादव पुत्र गब्बू यादव दोनों सगे भाई है ।दोनों अलग रहते है दोनों के नाती हाई स्कूल का परीक्षा दिए थे ।अपरान्ह में परिणाम घोषित हुआ।जिसमें कन्हइया का नाती सूरज यादव पास हो गया।और तारकेश्वर का नाती चांस यादव फेल हो गया।सूरज पास होने पर मिठाई बाटने लगा ।तारकेश्वर के परिवार को नागवार लगा ।दोनों पक्ष आपस मे भीड़ गए।जिसके तारकेश्वर के सर पर चोट लगी तो वही दूसरे पक्ष के कन्हइया सहित आधा दर्जन लोगों का सर फटा पैर टूटा हाथ टूटा सहित महिला व पुरुष बुरी तरह घायल हो गए। दोनों पक्ष के घायल लोगो को प्राथमिक





उपचार देकर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर करदिया। इस प्रकरण पर कोतवाल मधुपनाथ मिश्रा का कहना है कि घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। किसी भी पक्ष से अभी लिखित तहरीर नही मिली है।लिखित तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज हो जाएगा।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी सड़क गड्ढों में तब्दील, राहगीर परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**कछौना, हरदोई।** कछौना कस्बे की लखनऊ हरदोई नेशनल हाईवे 731 से गौसगंज तक जाने वाली सड़क की वर्तमान में स्थिति काफी जर्जर है। जिससे क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग छः वर्ष पूर्व वर्ष 2017 में पूर्व सांसद अंजू वाला के अथक प्रयास में कई दशकों से अपेक्षित जर्जर सड़क का जीर्णोद्धार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कराया गया था। उसके निर्माण से किस सड़क के निर्माण से लोगों का आवागमन सुगम हो गया था। वर्तमान समय में लखनऊ पलिया राजमार्ग का फोरलेन निर्माण कार्य होने के कारण कार्यदाई संस्था पीएनसी कम्पनी द्वारा बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन का कार्य कराया जा रहा है। जिसके ओवरलोड डंपर दिन-रात गुजरते हैं। जिसके कारण पूरा मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। पूरे मार्ग में जगह-जगह गहरे गहरे गड्ढे व बजरी उखड़ गई चुकी है। उक्त मार्ग कछौना से गौसगंज आवागमन का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर ग्राम तकिया, पंचम खेड़ा, कलौली, हरिचन्दापुर, नारायणदेव, बबूरहा, बालामऊ, बघौड़ा, पैरा, बाण, गौसगंज आदि ग्रामों के आवागमन का प्रमुख साधन है। इस मार्ग ब्लॉक मल्लावां, माधौगंज व कछौना को जोड़ती हैं। इस मार्ग पर कई डिग्री कॉलेज व इंटर कॉलेज व मुख्य बाजार स्थित हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहनों/राहगीरों का आवागमन रहता है। गहरे गहरे गड्ढे होने के कारण सड़क



दुर्घटनाओं में इजाफा हो गया है। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। स्थानीय लोगों द्वारा शासन प्रशासन को कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाई नहीं की गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया उक्त मार्ग का जीर्णोद्धार हेतु एस्टीमेट बनाकर शासन को भेज दिया गया है। वहां से स्वीकृत भी मिल गई है। शीघ्र ही निर्माण कार्य करा दिया जाएगा।

## यू.पी. बोर्ड परीक्षा में जिले के मेधावियों ने लहराया परचम

- छात्र/छात्राओं के प्रयास को विद्यालय प्रबंधन ने सराहा

स्वतंत्र प्रभात

**संतकबीरनगर।** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड ने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शनिवार को दो बजे घोषित किया। छात्र/छात्राओं में परीक्षा परिणाम देखने को लेकर काफी उत्सुकता देखी गयी। मेंहदावल स्थित डी.ए.वी. इण्टर कालेज मेहदावल के कक्षा दस के छात्र चन्द्रशेखर शुक्ला ने 600 अंक में 584 अंक अर्जित कर जिला टापर बने है। वहीं टाप टेन में विभिन्न स्कूलो के छात्र-छात्राओं ने बेहतर अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्ति करने का कार्य किया है। जानकारी के अनुसार शिव गोपाल उपाध्याय इण्टर कालेज भिटकिनी के छात्र प्रवीण सिंह ने 600 में 575 अंक, वहीं आर्य गौरव उत्तर माध्यमिक विद्यालय हैसर बाजार के छात्र आर.एन. ने 600 में 575 अंक, राजेश्वर प्रसाद मौर्य स्मारक ठाकुर डाड़ी के आर.एन. मौर्य ने हाईस्कूल में 600 में 573 अंक, एसएसडी जीआईसी धनघटा की छात्रा आंचल ने 95.33 प्रतिशत, स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज गागरगाड़ के छात्र आदित्य प्रताप सिंह ने 95.33 प्रतिशत, स्वामी विवेकानन्द गागरगड़ के छात्र आलोक ने 95.33 प्रतिशत, स्वामी विवेकानन्द गागरगड़ के छात्र अमन ने 95.77 प्रतिशत अर्जित किया है। पार्वती कन्या इण्टर कालेज सौनौरा मेहदावल की छात्रा आराध्या ने 95 प्रतिशत, एसएस इण्टर कालेज आर्य नगर धायपखरा के छात्र मोहम्मद आदिल ने 94.83 प्रतिशत, आर.पी. यादव माडल इण्टर कालेज महुली के छात्र आदित्य कुमार ने 94.83 प्रतिशत, संतकबीरनगर नगर इण्टर कालेज सिकटहा के छात्र अंकित ने 94.83 प्रतिशत, उदित नारायण चन्द्रवंशी इण्टर









कालेज नाथनगर की छात्रा शिवानी ने 94.83 प्रतिशत, स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज गागरगाड़ धनघटा के छात्र श्रीप्रकाश सिंह ने 94.83 प्रतिशत, पं. शिव गोपाल इण्टर कालेज भिटकिनी नाथनगर के छात्र रोहित ने 94.83 प्रतिशत। इसी प्रकार पं. शिव गोपाल उपाध्याय इण्टर कालेज की छात्रा सलोनी शर्मा ने 94.83 प्रतिशत, हीरालाल इण्टर कालेज खलीलाबाद के छात्र नवीन यादव ने 94.67 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। पार्वती कन्या इण्टर कालेज सोनौरा के छात्र आर.एन. सिंह ने 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कूड़ी लाल रुंगठा सरस्वती विद्यालय बिधियानी खलीलाबाद के छात्र अरुणेश चौधरी ने 94.67 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। जगदीश प्रसाद उपाध्याय इण्टर कालेज भदाह की छात्रा अल्तफा फातिमा ने 94.50 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मेंहदावल के छात्र अनिकेत शुक्ल ने 92.6 प्रतिशत, अभिषेक द्विवेदी 89.8 प्रतिशत, अतुल कुमार 88.2 प्रतिशत, काजल यादव 93.8 प्रतिशत, आलोक चौरसिया 92.5 प्रतिशत, सृष्टी पाण्डेय 91.3 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी प्रकार प. राम कोमल रंजित त्रिपाठी कालेज तेनुहारी अव्वल की छात्रा शिवानी चौधरी ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी प्रकार प्रियांशी चौधरी, मनीष पटेल, आदर्श यादव समेत तमाम छात्रो ने बेहतर अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्ति करने का कार्य किया है। इसी प्रकार विकास क्षेत्र बेलहर कला क्षेत्र अन्तर्गत गीता देवी राम बहाल इण्टर मीडिएट कालेज के छात्र प्रियांशू 93.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार दीपांशू 91 प्रतिशत और अंजली मिश्र ने 90.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरे स्थान पर रही। मनराजी दुर्गावती इण्टर मीडिएट कालेज करमा कला के छात्रो ने परचम लहराते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल की होनहार छात्रा कुमारी प्रतिभा ने 92.2 प्रतिशत, कु. रुपा 90.6 प्रतिशत, निकहत 88 प्रतिशत, आफ्रीन खातून 90.16 प्रतिशत, दीपिका सोनी 89.16 प्रतिशत, मंतसा खातून 88.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# परिषदीय विद्यालयों में सूची में जब नाम हो तभी तो मतदान हो थीम पर आयोजित की गई चुनाव पाठशाला

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 20 अप्रैल।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत जनपद के समस्त विकास खंडों में सूची में जब नाम हो तभी तो मतदान हो थीम पर चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। रुद्रपुर विधानसभा में कंपोजिट विद्यालय रामपुर अवस्थी में छात्रों ने मतदान संबंधित पेंटिंग एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जांचने एवं न होने की स्थिति में 6 मई तक जुड़वाने हेतु प्रेरित किया। देवरिया सदर विधानसभा के मुकुंदपुर ग्राम सभा में बी0एल0ओ0 ईशु अली अंसारी, शशांक मिश्र और वगीश दत्त ने ग्राम सभा के दिव्यांग मतदाताओं हेतु विशेष कार्यक्रम चलाकर उनसे घर जाकर संपर्क किया एवं मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक वगीश दत्त मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने अब दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं हेतु घर पर बैलेट पेपर द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसका लाभ उठाते हुए मतदान अवश्य करें। रुद्रपुर विधानसभा में कंपोजिट विद्यालय रामपुर अवस्थी, प्राथमिक विद्यालय तारासारा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्रों के बीच लोकतंत्र की महत्व पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के अध्यापकों ने अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें अपना नाम मतदाता सूची में जाँचने की बात कही।

बरहज विधानसभा में उच्च प्राथमिक विद्यालय भुल?ईपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को अपना नाम मतदाता सूची में जाँचने एवं न होने की स्थिति में जुड़वाने हेतु प्रेरित किया गया। कंपोजिट स्कूल हरनहीं, प्राथमिक विद्यालय पचौहा, प्राथमिक विद्यालय हरिचंद्रपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम की सहायक नोडल एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ-साथ अगले दो सप्ताह तक मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जांचने एवं जुड़वाने हेतु विशेष अभियान नियमित तौर पर चलाए जाएंगे।

# लोहियां वाहिनी की सम्पन्न हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 20 अप्रैल।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष दिव्यांश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विधानसभा, ब्लाक व नगर संगठन के गठन के लिए एक आवश्यक बैठक बांस देवरिया स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर विधानसभाओ के प्रभारियों के साथ लोकसभा 2024 को देखते हुए आहूत कि गई है। बैठक में संगठन ब्लॉक व विधानसभा स्तर पर कैसे मजबूत हो तथा बूथों पर लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी की कैसी भूमिका रहेगी इस पर चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के संगठन में मेहनती व संघर्षशील नौजवानों को जिम्मेदारी दी गई है। लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ता गांव व नगर के बूथो पर जाकर भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों को जनता को बताएंगे। लोकसभा चुनाव में युवा कार्यकर्त्ताओ की बदौलत सपा बड़ी जीत दर्ज करेगी। जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी दिव्यांश श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में तेजी से बढ़ रही महंगाई बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से जनता हताश व निराश है।उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। अपराधी खुलेआम अपराधों को बढ़ावा दे रहे हैं।

भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, महिला परेशान है। भाजपा की नीतियां किसान विरोधी व पूंजीपतियों को लाभ देने वाली है। लगातार बढ़ती महंगाई से किसानो की कमर तोड़ रही है। भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों की वजह से जनता परेशान है। विधानसभा प्रभारी व सह प्रभारी गणो में मुख्य रूप से बरहज विधानसभा का प्रभारी रामप्रकाश यादव व सह प्रभारी रणविजय सिंह, रुद्रपुर विधानसभा में प्रभारी हरिशंकर यादव व सह प्रभारी रितेश यादव, देवरिया सदर में प्रभारी जावेद अन्सारी व सह प्रभारी धीरज पाल सिंह, भाटपार रानी विधानसभा में प्रभारी सोनू पटेल व सह प्रभारी बैजू गोंड, सलेमपुर विधानसभा में प्रभारी सुनील कुमार गौतम व सह प्रभारी बबलू कुमार यादव, पथरदेवा विधानसभा में प्रभारी अरविन्द यादव व सह प्रभारी अफरोज तथा रामपुर कारखाना विधानसभा में प्रभारी जीतेन्द्र मद्देशिया व सह प्रभारी सोनू खरवार को बनाया गया। तथा इन्हे निर्देशित किया गया कि हर बूथ पर लोहिया वाहिनी का बूथ रक्षक बनाए। बैठक कार्यक्रम में मुख्य रूप राम प्रकाश यादव, हरिशंकर यादव जितेंद्र मद्धेशिया, धीरज पाल सिंह, मनीष पासवान, अरविन्द यादव, सोनू खरवार, अमित वर्मा, रणविजय सिंह, अफरोज, रितेश यादव, इत्यादि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव लोहिया वाहिनी सोनू प्रकाश यादव ने किया।

## बीएसए ने गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों का निरीक्षण कर बंद कराया

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया 20 अप्रैल। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने जनपद के विकासखंड गौरी बाजार एवं बैतालपुर में संचालित विभिन्न गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों को बंद कराया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनमोल पब्लिक स्कूल मठवाल गिरी (केशव बारी) शिव टोला, को बंद कराया गया, जिसमें प्रबंधक / प्रधानाचार्य की उपस्थिति में विद्यालय में ताला बंद कर दिया गया। गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालय जे डी अभ्यास एकेडमी, मठवाल गिरी चरियांव खास को बंद कराया। प्रबंधक नित्यानंद यादव की उपस्थिति में विद्यालय में तालाबंदी कराई गई। ए0डी0 पब्लिक स्कूल, गुलरिया बाजार, विकासखंड बैतालपुर में ताला बंद करने की कार्यवाही की। यहां पर पूर्व में विद्यालय बन्द करने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी बैतालपुर के द्वारा नोटिस चश्पा कराया गया था, परंतु विद्यालय संचालित था जिसके क्रम में पुनः विद्यालय को नोटिस दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय संचालक पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा विद्यालय में ताला बंद कर दिया गया है।

उन्होंने गैर मान्यता प्राप्त आर0के0 एल0एम0 विद्यालय गुलरिया का निरीक्षण किया। विद्यालय को पूर्व में खंड शिक्षा अधिकारी बैतालपुर के द्वारा नोटिस देकर बंद करा दिया था। मौके पर विद्यालय बन्द पाया गया। आर0 एस0 एकेडमी गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालय को बंद कराया। पूर्व में विद्यालय बन्द करने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी बैलालपुर के द्वारा नोटिस चश्पा कराया गया था, परंतु विद्यालय संचालित था जिसके क्रम में पुनः विद्यालय को नोटिस दिया गया तथा विद्यालय संचालक पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय में ताला बंद करा दिया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे विकासखंड में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को विद्यालय बन्द किये जाने हेतु तत्काल नोटिस निर्गत करते हुए बंद कराये। गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों को बंद न करने की दशा में निःशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 एवं 2011 तथा शासनादेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई रामनवमी शोभा यात्रा

- रामनवमी शोभा यात्रा में निकाली गई मनमोहन झांकियां

स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई।** रामनवमी के उपलक्ष में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी बालाजी मंदिर सरदारगंज से नगर पालिका परिषद कार्यालय तक एक विशाल रामनवमी शोभा यात्रा निकाली गई। सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई इस शोभा यात्रा को देखने के लिए रात्रि में सड़कों पर काफी भीड़ देखी गई। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। रामनवमी के उपलक्ष में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी बालाजी मंदिर सरदारगंज से एक शोभा यात्रा का आयोजन रात्रि तकरीबन 9ः00 से 11ः00 तक किया गया। रामनवमी शोभायात्रा में देवी देवताओं की मनोरम झांकियां का प्रदर्शन किया गया। गाजे बाजे के साथ ही शोभायात्रा बालाजी मंदिर सरदारगंज से शुभारंभ की गई। तत्पश्चात शोभायात्रा चौक, सराफा बाजार, घंटाघर, सदर बाजार, घास मंडी तिराहा, स्टेट बैंक होते हुए नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंची, जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। रामनवमी शोभा यात्रा का जगह-जगह रोक कर भव्य स्वागत किया गया। रामनवमी शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान श्री राम की झांकी चल



रही थी। शोभा यात्रा में भगवान श्री राम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। शोभा यात्रा को देखने के लिए जगह-जगह सड़कों पर भीड़ देखी गई। शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद के नेता अमन हिंदू सहित बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मास्टर ट्रेनरों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

- मास्टर ट्रेनर्स लोकसभा सामान्य निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी-सीडीओ



**संतकबीरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया एवं ई.वी.एम., वी.वी. पैट, वी.यू., सी.यू. के तकनीकि जानकारी एवं संचालन आदि के बारे में विस्तृत रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शतिवार को मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। ई.वी.एम. प्रभारी/अधिषासी अभियन्ता नलकूप खण्ड एवं जिला कृषि अधिकारी/जिला मास्टर ट्रेनर पीसी विश्वकर्मा ने 77 मास्टर ट्रेनर्स को प्रोजेक्टर के माध्यम से स्टेप-टू-स्टेप प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट, ईवीएम, वीवीपैट की पूरी जानकारी तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों को मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्यों एवं दायित्व के बारे में बताया गया, मतदान प्रारंभ होने से मतदान समाप्ति तक पीठासीन अधिकारी को क्या-क्या करना है, की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें पीठासीन अधिकारी की डायरी भरने, चौलेंज वोट, टेंडर वोट सहित अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीनियर मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम संबंधित विशेष बिंदुओं जैसे सीआरसी क्या है, पीठासीन कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17 ए क्या है, 17 सी क्या है, टेंडर वोट क्या है, चौलेंज वोट क्या है, वोटिंग कंपार्टमेंट में कौन-कौन सी मशीन रहती है आदि पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और नए अपडेट्स आदि के बारे में बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मास्टर ट्रेनर एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, आप सभी पूरी निष्ठा व लगन से अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें तदोपरांत मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि जब आप स्वयं दक्ष होंगे तभी बेहतर रूप से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित कर पायेगें। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा प्रभात द्विवेदी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंद्रशेखर यादव सहित समस्त मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहे।

# कतर छोड़कर ओमान शिफ्ट होने की प्लानिंग कर रहा हमास

**● सीजफायर का दबाव नहीं झेल पा रहा; कतर बिचौलिए की भूमिका से परेशान**

स्वतंत्र प्रभात

हमास के लीडर जल्द ही कतर से अपने ठिकाने को हटा सकते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका लगातार कतर पर इजराइल-हमास के बीच सीजफायर संधि करवाने का प्रेशर बना रहा है, जो अब तक संभव नहीं हो पाया है। अरब अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि हमास इस वक्त ओमान समेत 2 खाड़ी देशों से संपर्क में हैं। दरअसल, हमास का मानना है कि इजराइल के साथ बंधकों की रिहाई पर डील होने में महीनों लग सकते हैं। ऐसे में वो कतर के साथ अपने संबंध खराब नहीं करना चाहता है।

**12 सालों से कतर में रह रहे हमास नेता**

हमास के नेता साल 2012 से कतर में रह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी प्रेशर की वजह से पिछले कुछ समय में कतर और मिस्र ने हमास पर सीजफायर डील को लेकर अपनी शर्तें आसान करने का दबाव बनाया है। ऐसा न करने पर हमास को देश से निकालने की धमकी भी दी है। इससे पहले 17 अप्रैल को कतर ने कहा था कि वो इजराइल-हमास के बीच बिचोलिया की भूमिका पर दोबारा विचार कर रहा है। कतर के प्रधानमंत्री जासिम अल-थानी ने दोहा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था, "मध्यस्थता कराने में कतर की भूमिका का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। कई देश अपने चुनाव कैंपेन के लिए कतर के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। हम दोनों पक्षों में समझौते के लिए एक हद तक की अपना योगदान दे सकते हैं। इसके बाद फैसला उन्हीं को करना होगा।"

**नेतन्याहू ने कहा था- सीजफायर डील के लिए कतर पर दबाव बनाएं**

अमेरिका के कई सांसद व्हाइट हाउस से कतर पर दबाव डालने के लिए कह चुके हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी हमास के साथ डील करवाने के लिए कतर पर दबाव बनाने की बात कही थी। इस बीच अमेरिका के अधिकारियों ने कतर का बचाव किया है। उन्होंने कहा है कि कतर ने लगातार इजराइल और हमास के बीच बैठकों के जरिए समझौता करवाने की कोशिश की है। दरअसल, अमेरिका को डर है कि अगर हमास के नेताओं ने दोहा छोड़ दिया तो वे ईरान या सीरिया जैसे किसी देश में जा सकते हैं। यहां अमेरिका की पकड़ कमजोर है और ऐसे में हमास नेताओं ने संपर्क करना बेहद मुश्किल हो जाएगा।



**कतर की मध्यस्थता से ही पिछले साल इजराइल-हमास में हुआ था समझौता**

हमास ने सबसे पहले 21 अक्टूबर को अपनी कैद में मौजूद 2 अमेरिकी बंधकों को रिहा किया था। यह मध्यस्थता भी कतर ने करवाई थी। इसके बाद नवंबर में हमास-इजराइल के बीच हुए सीजफायर की डील करवाने में भी कतर और मिस्र का अहम रोल था। दरअसल, कतर अमेरिका का सहयोगी होने के साथ ही हमास से भी संबंध रखता है। हमास चीफ इस्माइल हानिए भी राजधानी दोहा से ही काम करते हैं। कतर पहले भी अमेरिका और हमास जैसे संगठनों के बीच मध्यस्थता करवा चुका है।

**कई देशों में मध्यस्थता करवा चुका है कतर**

इजराइल-हमास के अलावा यूक्रेन, लेबनान, सूडान और अफगानिस्तान जैसे देशों में भी कतर बिचौलिये की भूमिका निभा चुका है। फॉरेन पॉलिसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कतर के पास दुनिया में तीसरा बड़ा गैस रिजर्व है। वह प्रति व्यक्ति आय के मामले में दुनिया का छठा सबसे बड़ा देश है। ब्रिटिश मीडिया गार्जियन के मुताबिक, मध्यस्थ की भूमिका निभाकर कतर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने खुद को बेहद अहम देश दिखाना चाहता है। इसके अलावा वो सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे पड़ोसियों के हस्तक्षेप से भी सुरक्षित रहना चाहता है।


आवश्यकता है
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्कता है!
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है!
स्वतंत्र प्रभात खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें -
95111 51254, 7526041253
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त ख़बरें

### महिला महाविद्यालय में रेंजर्स को दिया गया पुल निर्माण का प्रशिक्षण

**पांच दिवसीय रेंजर प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर का दूसरा दिन**




**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाँदा में संचालित पांच दिवसीय रेंजर प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर के दूसरे दिन का शुभारम्भ ध्वज शिष्टाचार से हुआ। ध्वज शिष्टाचार के पश्चात जिला संगठन कमिश्नर (गाइड) श्रीमती स्मिता द्विवेदी एवं श्रीमती आराधना गौतम ने शिविरार्थी छात्राओं को बीपी मार्ग खोज के चिन्ह, राष्ट्रीय ध्वज, संस्था ध्वज के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही रेंजर्स छात्राओं को विभिन्न प्रकार की गातों के निर्माण, पुल निर्माण, टेन्ट निर्माण आदि के विषय में प्रशिक्षित किया। रेंजर प्रभारी डा. सपना सिंह ने छात्राओं को प्राथमिक उपचार के विषय में प्रशिक्षित किया। रेंजर सहप्रभारी डा. जयंती सिंह ने छात्राओं को रेंजर के दायित्वों के प्रति अपने आप को तैयार रहने के लिए उद्बोधित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 दीपाली गुप्ता ने छात्राओं को उद्द्योधित करते हुए कहा कि रेंजर का मोटों है सदा तैयार रहना है। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### अवैध गांजे की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**05 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद**



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बीती देर शाम थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को थाना तिन्दवारी क्षेत्र के धौसड़ रोड से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के कब्जे से अवैध सूखा गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों में रज्जू प्रसाद तिवारी पुत्र भगवती प्रसाद निवासी कुम्हेड़ा सानी थाना कमासिन जनपद बांदा व दुर्गेश सिंह पुत्र चन्नी सिंह निवासी कुम्हेड़ा सानी थाना कमासिन जनपद बांदा हैं।

# डीडी प्रसार भारती लोगो 'भगवा रंग' में तब्दील से कांग्रेस का रंग हुआ लाल,जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात




**दिल्ली।** दिल्ली दूरदर्शन के पब्लिक ब्राडकास्टर दूरदर्शन ने अपने एतिहासिक लोगो का रंग लाल से बदलकर केसारिया कर दिया है। इस बावत डीडी न्यूज के आधिकारिक एक्स हैंडल से बाकायदा घोषणा तक कर दी गई है। लेकिन इस बात से लिबरल और कांग्रेसियों के चेहरे तमतमा कर सुर्ख लाल जरूर हो गए हैं। अपनी नाराजगी में कांग्रेस ने भगवावाद और सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का प्रयास तक बता डाला। वहीं सरकार की ओर से कहा गया कि ,हालांकि हमारे मूल्य वहीं है ,हम अब एक नए अवतार में उपलब्ध है।वहीं आन्ध्रप्रदेश प्रदेश बीजेपी उपाध्यक्ष ने यह तक कह डाला कि दूरदर्शन 1959 में लॉन्च किया गया था, तब इसका लोगो भगवा था। सरकार ने मूल लोगो को ही अपनाया है। लिबरल्स और कांग्रेस की नाराजगीजता रहे हैं। यह साफ करता है कि वे भगवा और हिन्दूओ के प्रति घृणा रखते है।वहीं दूरदर्शन की ओर से कहा गया है कि हम एक नए अवतार में उपलब्ध है। एक ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाइये जो पहले कभी नहीं देखी गई। दर्शक अब बिल्कुल नए डीडीए न्यूज का अनुभव करें। हालांकि विपक्ष इस बदलाव से नाराज दिख रहा है। इस बावत टीएमसी के राज्यसभा सांसद और प्रसार भारती (डीडी, एआईआर) के पूर्व सीईओ ,जवाहर सरकार ने लोगो के रंग बदलने की आलोचना करते हुए इसे 'दूरदर्शन का भगवाकरण' बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा ' राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन नए अपने एतिहासिक फ्लैगशिप लोगो को भगवा रंग में रंग दिया है। आगे लिखा कि मैं इसके भगवाकरण को चिंता के साथ देख रहा हूं,और महसूस कर रहा हूं' यह अब प्रसारण भारती नहीं है,बल्कि यह प्रचार भारती है। वहीं कांग्रेस के मनीष तिवारी ने तो सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार की ओर से भगवावाद और सरकारी संस्थानों पर कब्जा करने का प्रयास है। उक्त कदम स्पष्ट रूप से भारत के पब्लिक ब्राडकास्टर की तटस्ता और विश्वसनीयता को कमजोर करता है।

# दिल्ली वोटिंग के दिन बर्थडे है तो पाए सरप्राइज गिफ्ट

स्वतंत्र प्रभात



**दिल्ली।** मतदान के प्रति युवाओ समेत सभी लोगों में जागरुकता लाने की गर्ज से वोटिंग वाले दिन है बर्थडे है, तो वेस्ट दिल्ली जिला प्रशासन की वोटरों के लिए स्कीम की शुरूआत की है। इस स्कीम का 7 अप्रैल से बाकायदा प्रचार किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक काफी लोग गूगल फार्म भर चुके है। वेस्ट दिल्ली जिला प्रशासन के मुताबिक अगर वोटिंग वाले दिन आपका जन्मदिन है,तो वोट डालने के बाद सरप्राइज मिल सकता है। वेस्ट दिल्ली डीएम आफिस ने कुछ इस अंदाज में वोटरों को प्रेरित करना शुरू कर दिया है। प्रशासन द्वारा बाकायदा इसके लिए एक गूगल फार्म निकाला गया है। इसका लिंक डीएम वेस्ट या डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आफिसर के एक्स अकाउंट, @DEOWESTvपर दिया गया है। साथ ही विभिन्न वॉटसएप ग्रुप में भी इसे दिया जा रहा है। इस फार्म में ईमेल आईडी,नाम,जन्म तिथि, वोटर कार्ड नंबर,आधार कार्ड नंबर,मोबाइल फोन,पिन कोड के साथ एड्रेस, अपनी लोकसभा सीट भरनी होगी। अधिकारी के मुताबिक यह कैंपेन दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। इसके बाद वोटिंग वाले दिन डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिस से फोन आएगा। एक टीम आप तक पहुंचकर वोटिंग मार्क देखेगी।इसके बाद सरप्राइज मिल जाएगा। अधिकारी के मुताबिक खासतौर पर युवाओ के लिए यह स्कीम शुरू की गई है।युवा अक्सर छुट्टी के दौरान पार्टी , घूमने और मस्ती के मूड में रहते हैं।इसलिए वोटिंग नहीं कर पाते।इस स्कीम की वजह से युवा वोटिंग से जुडेगे।अधिकारी के मुताबिक यह स्कीम कुछ दिन पहले शुरू हो गई थी। 7 अप्रैल से इसका काफी प्रचार किया जा रहा है। अब तक काफी लोग गूगल फार्म भर भी चुके हैं। इसके अलावा व्यापारियों ने भी 'मेरा वोट- मेरी सरकार' के तहत दिल्ली के व्यापारी संगठनों ने भी जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहे हैं। दावा है कि अगर कोई व्यापारी मतदान नहीं करेगा,तो व्यापारी संगठन उसका बहिष्कार करेगा। येही नहीं वोट करने वालो को गिफ्ट भी देंगे। कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स एसोसिएशन (कैट) के जनरल सेकेट्री देवराज बवेजा के मुताबिक हर दिन अलग-अलग मार्केट में अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया जाएगा। इसके लिए कैट ने तमाम मार्केट एसोसिएशन को कैट की ओर से पत्र भी लिखा जा रहा है। इसके अलावा व्यापारी क्षेत्र के प्रत्यक्षी से इलाके की समस्याओ को भी उठाएगें। फेडरेशन आफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा के मुताबिक वोटिंग करने वाले लोगो को मतदान के तीन दिन तक खरीदारी करने पर बाकायदा गिफ्ट देने का एलान तक कर दिया है।

# महिमल समाज के नेतृत्व में खिलेगा भाजपा का कमल- कृपानाथ मालाह

स्वतंत्र प्रभात

असम करीमगंज- गत 20 अप्रैल (शुक्रवार) को असम के काटलिछड़ा क्षेत्र में धलाई जीपी के आनंद बाजार के अंतर्गत नुआग्राम में एक चुनावी बैठक आयोजित की गई थी। बैठक का उद्देश्य महिमल समाज के विकास पर चर्चा। चुनावी बैठक में एसटीसी के अध्यक्ष मिशन रंजन दास ने कहा कि समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सभी को भाजपा को वोट देना चाहिए, तभी हर क्षेत्र में विकास की बाढ़ आएगी। राताबाड़ी के पूर्व विधायक और करीमगंज के सांसद कृपानाथ मालाह ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस बार महिमल समुदाय के नेतृत्व में भाजपा का कमल खिलेगा. नुआटीला जीपी के पूर्व सभापती अकलिस उद्दीन ने कहा कि महिमल समाज में कई समस्याएं हैं और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा उम्मीदवार कृपानाथ मालाह को फिर से वोट देने का आग्रह किया है और अगर वह जीतते हैं, तो महिमल की समस्या निश्चित रूप से हल हो जाएगी। महिमल सभा में लगभग हजारों



लोगों ने भाग लिया और कृपानाथ मालाह का विजयी नारा लगाया और मोदीजी के नेतृत्व को वोट देंगे ताकि विकास की लहर पूरी गति से चलती रहे। चुनावी बैठक में भाजपा कार्यकर्ता सहित महिमल समाज के विशिष्ट व्यक्ति मौजूद थे।

# दलित को दबंग ने पीट कर घायल किया, तहरीर दी गई

स्वतंत्र प्रभात

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

**शाहाबाद हरदोई।** पुरानी रंजिश के चलते दबंग ने एक दलित को जाति सूचक गाली गलौज करते हुए पीटा जिससे उसे काफी चोटे आई हैं। घटना की लिखित तहरीर कोतवाली में दी गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरमा निवासी राजपाल पुत्र केदार के अनुसार उसके भतीजे विश्राम को गांव के छोटे पुत्र जयजय राम ने रात्रि तकरीबन 9-30 बजे अकारण जाति सूचक गाली गलौज करना प्रारंभ कर दिया। राजपाल के अनुसार जब भतीजे ने मना किया तो उपरोक्त दबंग ने उसे लात घूसों एवं डंडों से पीटा, जिससे काफी चोटें आई हैं। राजपाल के अनुसार जब समधी राममूर्ति ने बचाने का प्रयास किया तो दबंग ने उन्हें भी पीटा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# एनडीए और यूपीए की सरकार में ईडी का एक्शन, सुनवाई और सजा का पूरा चिट्ठा

**● मनी लॉन्ड्रिंग का मतलब है गैर-कानूनी तरीकों से कमाए गए पैसों को लीगल तरीके से कमाए गए धन के रूप में बदलना. 1 जुलाई 2005 में इस अधिनियम को लागू किया गया था.**

स्वतंत्र प्रभात

प्रवर्तन निदेशाय यानी की श्वष्ठ... पिछले कुछ सालों से यह नाम भारत में काफी सुर्खियां बटोर रहा है. वजह है श्वष्ठ की ओर से की जाने वाली कार्रवाई. ईडी की यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा है.

सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी इंडिया गठबंधन दोनों ही ईडी की कार्रवाई का जिक्र करते हुए अपने-अपने वोटर्स को साधने में जुटे हैं.

हाल ही में पश्चिम बंगाल की एक रैली में ईडी की कार्रवाई को मुद्दा बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीसरी बार सरकार बनने पर ईडी द्वारा जब्त किए गए सभी पैसे गरीबों में बांट दिए जाएंगे. इसके लिए अगर कानून बनाने की नौबत आएगी तो उस पर भी विचार करेंगे. वहीं ईडी की इन कार्रवाइयों को विपक्ष राजनीति से प्रेरित बता रहा है. विपक्षी पार्टियों का कहना है कि पिछले 10 साल में 90 फीसदी से ज्यादा ईडी की कार्रवाई सिर्फ विपक्षी नेताओं पर हुई है.

विपक्ष ने सरकार में आने पर इसे सुधारने की बात कही है. इन सबके बीच ईडी की कार्रवाई का नया डेटा चर्चा में है. इस डेटा के मुताबिक यूपीए की तुलना में एनडीए सरकार के दौरान ईडी की कार्रवाई में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है.

अकेले गिरफ्तारी के मामले में यूपीए की तुलना में एनडीए सरकार में 2500 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है.

**क्या है ED, उसकी शक्ति को समझिए**

ईडी का पूरा नाम एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी प्रवर्तन निदेशालय है. इसका गठन 1956 में किया गया था. ईडी गठन का मकसद मनी लॉन्ड्रिंग रोकना है. इसलिए इसे भारत की कानून प्रवर्तन खुफिया एजेंसी भी कहते हैं.

2002 में पहली बार प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट बनाया गया और इससे ईडी को और ज्यादा शक्ति देने की कोशिश की गई. यह कानून 2005 में अमल में आया.

पीएमएलए का उद्देश्य था कि भारत के बाहर या यूं कहें कि स्विस बैंकों में जो पैसे भेजे जा रहे हैं उसको रोकना और इसके साथ ही पैसे को जहां भेजा जा रहा है उसके निशान को पता करना था. जानकारों का कहना है कि किसी अन्य एजेंसी या पुलिस की तरफ से जब कोई एफआईआर दर्ज की जाएगी, तभी प्रवर्तन निदेशालय किसी मामले में एक्शन ले सकेगा.

ईडी के पास वर्तमान में जो सबसे अहम शक्ति है, वो बिना आधार बताए किसी मामले में गिरफ्तारी करना है. ईडी के गिरफ्त में जब कोई व्यक्ति आता है, तो उसे कोर्ट में खुद निर्दोष साबित करना होता है. अन्य एजेंसियों 2और पुलिस की कार्रवाई में ऐसा नहीं होता है. यही वजह है कि ईडी के शिकंजे में आए व्यक्ति को कोर्ट से जल्दी जमानत नहीं मिलती है.

स्ट्रक्चर की बात की जाए तो ईडी के मुखिया को निदेशक कहा जाता है. कामकाज को आसान करने के लिए ईडी के पूरे सिस्टम को 9 भागों में बांटा गया है. इनमें 5 जोन और 4 विभाग है.

**ईडी की कार्रवाई का पूरा लेखा-जोखा**

**2005-14 तक 29 गिरफ्तार, 1797 केस दर्ज**

2005 से ईडी पीएमएलए के तहत एक्शन ले रही है. डेटा के मुताबिक 2005 से 2014 तक ईडी ने इस धारा में 1797 केस दर्ज किए, जबकि इस दौरान जांच एजेंसी ने 29 लोगों को गिरफ्तार किया था. इन 9 सालों में ईडी ने छापेमारी की 84 कार्रवाई की. छापेमारी से जुड़ी अधिकांश कार्रवाई बिजनेस से जुड़े बिचौलियों पर की गई थी.

2005-14 तक करीब 5100 करोड़ की संपत्ति ईडी ने जब्त की थी. जांच एजेंसी की तरफ से 104 मामलों में चार्जशीट फाइल की गई. इतना ही नहीं, इन 9 सालों में एक भी मामले में कोई भी आरोपी दोषी नहीं ठहराया गया.

**2014-24 तक ईडी ने क्या-क्या कार्रवाई की?**

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक इन 10 सालों प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत 5155 केस दर्ज किए. यह 2005-14 तक के मुकाबले 3 गुना अधिक था.

ईडी ने 10 सालों में छापेमारी की 7200 कार्रवाई की, जिसमें 12618 करोड़ रुपए




जब्त किए गए. प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक 3000 करोड़ रुपए तो सिर्फ बंगाल से जब्त किए गए हैं.

प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की कार्रवाई के दौरान 755 लोगों को गिरफ्तार किया. इनमें से 2 मुख्यमंत्री स्तर के नेता थे. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अभी ईडी के शिकंजे में है.

केंद्र सरकार के मुताबिक 2014-24 तक पीएमएलए केस में 63 लोग दोषी ठहराए हैं. सरकार का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की सजा दर 96 फीसदी से अधिक है. यह अब तक का रिकॉर्ड भी है.

PMLA क्या है, इसमें कितनी सजा होती है?

साल 2002 में अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) को पारित किया गया था.

मनी लॉन्ड्रिंग का मतलब है गैर-कानूनी तरीकों से कमाए गए पैसों को लीगल तरीके से कमाए गए धन के रूप में बदलना. 1 जुलाई 2005 में इस अधिनियम को लागू कर दिया गया.

इस एक्ट के अंतर्गत अपराधों की जांच की जिम्मेदारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की है. इस केस में अगर कोई दोषी पाया जाता है, तो कम से कम 3 वर्ष का कठोर कारावास की सजा का प्रावधान है, जिसे 7 वर्ष तक भी बढ़ाया जा सकता है.